Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

कृष्ण पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 10 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 71 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



खेल

**भारत के तेजस्विन ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता कोरजत पूजा...**



देश

**मैं पीएम व शाह से मिलकर आता था, कुछ दिन बाद छापा पड़ जाता था : भूपेश बघेल**






## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,45,600 | ₹ 3,00,000 |

## आज का इतिहास

**1763 :** पेरिस की संधि से फ्रेंच-भारतीय युद्ध समाप्त हुआ, कनाडा ने ब्रिटेन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

**1927 :** जेआरडी टाटा पायलट लाइसेंस पाने वाले पहले भारतीय बने।

## न्यूज बाइट्स

### 15 फरवरी को महाशिवरात्रि

**पटना (नि.सं.)।** फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को पड़ने वाली महाशिवरात्रि इस वर्ष 15 फरवरी (रविवार) को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इसके दो दिन बाद 17 फरवरी को भौमवती अमावस्या होने के कारण नगर में धार्मिक गतिविधियां और भी तेज हो जाएंगी।

अगले पांच साल में एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य

# 1.50 लाख से ज्यादा नौकरी, अलग-अलग विभागों को रिक्तियों का भेजा गया प्रस्ताव

• बहाली को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के एसीएस बी राजेंद्र ने दी जानकारी

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने चालू वर्ष में राज्य के युवाओं को बड़ी राहत देते हुए 1.50 लाख से अधिक नौकरियां देने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए अलग-अलग विभागों को रिक्तियों का प्रस्ताव भेज दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र ने बताया कि सरकार रोजगार सृजन को लेकर गंभीर है और लगातार नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2020 से 6 फरवरी 2026 के बीच राज्य में कुल 9 लाख 84 हजार 141 लोगों को रोजगार मिला है। इनमें 7 लाख 95 हजार 832 लोगों को स्थायी नौकरी दी गई है, जबकि 1 लाख 17 हजार 784 लोगों को संविदा पर और 70 हजार 525 लोगों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सरकार का अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार और नौकरी देने का लक्ष्य है।

शिक्षा विभाग की बात करें तो टीआरई-4 के तहत शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने स्पष्ट किया है कि रोस्टर सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जा चुका है और जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। पहले चरण में लगभग 30 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की संभावना है। मंत्री ने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी तरह के आंदोलन की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि विभागीय स्तर पर सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। महिलाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए नीतीश कैबिनेट ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बड़ा फैसला लिया है। इस योजना में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को दो किश्तों में दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता देने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके साथ ही राज्य के 27 लाख छात्रों की छात्रवृत्ति राशि को दोगुना कर दिया गया है।

कैबिनेट ने पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी अहम निर्णय लिया है। बिहार पुलिस के अंतर्गत स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस में 17 हजार सेवानिवृत्त जवानों की संविदा पर बहाली को मंजूरी दी गई है। साथ ही एसएपी जवानों के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। यह निर्णय अपराध नियंत्रण, उग्रवाद से निपटने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जा चुकी है। शेष पात्र लाभार्थियों को भी नियमों के अनुसार जल्द सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि हर परिवार की एक महिला उद्यमी बने और राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित हों।



### विभाग को मिला इंटरनेशनल स्टैंडर्ड क्वालिटी सर्टिफिकेट

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसीएस बी. राजेंद्र ने यह भी बताया कि सामान्य प्रशासन को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड क्वालिटी सर्टिफिकेट तीन सालों के लिए मिला है। यह सर्टिफिकेट पाने वाला बिहार सरकार का पहला विभाग है। यह सर्टिफिकेशन विभाग की कार्यप्रणाली, सेवा वितरण और शिकायत निवारण प्रणाली की गुणवत्ता को मान्यता देता है।

### मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को मंजूरी

यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत 121 विषय विशेषज्ञों का चयन कर राज्य सरकार के अलग-अलग कार्यालयों में कार्य का अवसर दिया जाएगा। इस योजना के लिए बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी और आईआईएम बोधगया के बीच एमओयू भी हो चुका है।

दिल्ली–वाराणसी–सिलीगुड़ी हाई-स्पीड कॉरिडोर को बजट में मंजूरी

# बिहार में 350 किलो प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन, चार घंटे में पटना से दिल्ली

• पहला स्टॉपेज वाराणसी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर बड़ी घोषणा सामने आई है। केंद्र सरकार के बजट 2026–27 में दिल्ली–वाराणसी–सिलीगुड़ी हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत बिहार से होकर 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलेगी। इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर होली के बाद काम शुरू होने की संभावना है। इसके शुरू होने से पटना से दिल्ली की यात्रा महज चार घंटे में पूरी हो सकेगी, जो अभी 12 घंटे से अधिक समय लेती है।

इस परियोजना के तहत दो बुलेट ट्रेन सेवाएं प्रस्तावित हैं। पहली सेवा दिल्ली से वाराणसी के बीच और दूसरी वाराणसी से सिलीगुड़ी के बीच चलाई जाएगी। बिहार के यात्रियों को पटना से दिल्ली जाने के लिए वाराणसी में ट्रेन बदलनी होगी, लेकिन दोनों ट्रेनों का समय इस तरह समन्वित रहेगा कि यात्रियों को अधिक इंतजार न करना पड़े। पटना से वाराणसी की दूरी लगभग 50 मिनट में तय होगी, जबकि पटना से सिलीगुड़ी तक का सफर करीब 2 घंटे 5 मिनट में पूरा हो जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि वाराणसी से सिलीगुड़ी तक चलने वाली बुलेट ट्रेन बिहार में पटना और कटिहार में रुकेगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार, इन दोनों शहरों में बुलेट ट्रेन स्टेशन जमीन से करीब 40 फीट की ऊंचाई पर बनाए जाएंगे, जो पूरी तरह आधुनिक और हाई-टेक सुविधाओं से लैस होंगे। यह पूरा हाई-स्पीड नेटवर्क दिल्ली से सिलीगुड़ी तक एक बड़े इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा।

रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, इस महीने के अंत तक एक विशेष कमेटी का गठन किया जाएगा, जो वाराणसी से सिलीगुड़ी तक प्रस्तावित रूट का हवाई सर्वे करेगी। सर्वे के बाद रूट अलाइनमेंट, स्टेशनों की संख्या और ठहराव को लेकर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी। प्रस्तावित रूट वाराणसी से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा होते हुए पटना पहुंचेगा, इसके बाद कटिहार के रास्ते सिलीगुड़ी तक जाएगा।



### बिहार में यहां बनेगा स्टेशन

, दिल्ली से चलकर बुलेट ट्रेन आगरा कैंट, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, वाराणसी, पटना, आसनसोल रुकते हुए हावड़ा पहुंचेगी। दो चरणों में इसका निर्माण किया जाएगा। पटना का पहला चरण दिल्ली से वाराणसी के बीच होगा जबकि दूसरा चरण वाराणसी से हावड़ा के बीच होगा। मिली जानकारी के मुताबिक, बिहार में बुलेट ट्रेन सिर्फ पटना में रुकेगी। इसके लिए फुलवारी शरीफ के पास यह स्टॉपेज बनाया जाएगा

### भूकंप आने पर रुक जायेगी ट्रेन

बुलेट ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्पीड है। इसमें हवाई जहाज जैसी आरामदायक सीटें, वाई-फाई, पर्सनल लाइट और चार्जिंग पॉइंट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। ट्रेन ट्रैक पर बहुत ही कम आवाज करती है, इसीलिए साइलेंट मोड पर यह ट्रेन चलती रहेगी। यह ट्रेन इलेक्ट्रिक पावर से चलती है। इसमें जापानी तकनीक पर आधारित भूकंप चेतावनी सिस्टम लगाया गया है। भूकंप आने पर यह सिस्टम तुरंत बिजली सप्लाई बंद कर देगा और ट्रेन रुक जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे नितिन नवीन



निज संवाददाता | पटना

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन सोमवार को पहली बार पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार और उत्साहपूर्ण स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के बीच "जोड़ी नीतीश–मोदी के हिट हो गइल" गीत की धुन पर कार्यकर्ताओं ने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में शहर में बाइक रैली भी निकाली गई। पटना के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर जगह-जगह पोस्टर और बैनर लगाए गए, जिनमें नितिन नवीन के स्वागत और संगठन की एकजुटता का संदेश दिखाई दिया। पूरे शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके बाद बापू सभागार में भारतीय जनता पार्टी की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

# बीपीएससी टीआरई-4 में बड़ा बदलाव

**पटना (नि.सं)।** बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 को लेकर बड़ा और अहम बदलाव किया गया है। अब इस भर्ती प्रक्रिया में एक अभ्यर्थी को केवल एक ही रिजल्ट मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत कोई भी उम्मीदवार एक से अधिक पदों पर चयनित नहीं हो सकेगा। इसका सीधा लाभ यह होगा कि अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर मिलेगा और राज्य में लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा लागू किए गए इस नए फॉर्मूले के अनुसार, यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक श्रेणियों या पदों के लिए योग्य पाया जाता है, तो उसका चयन केवल एक ही पद के लिए किया जाएगा। इससे पहले की भर्तियों में ऐसा देखा गया था कि एक ही उम्मीदवार का नाम कई पदों की मेरिट सूची में आ जाता था, जिससे रिक्तियां लंबे समय तक भरी नहीं जा पाती थीं। टीआरई-4 के तहत करीब 44 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।










## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में सुनी गई शिकायतें

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सोमवार को बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचल कार्यालय में राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने जनता दरबार लगाए गए। जहां फरियादी अपनी समस्याओं के साथ पहुंचे और अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। हालांकि बीडीओ,आपूर्ति सहित कई कार्यालय में ताला लटके रहे।

### प्रखंड कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई में सैकड़ो फरियादियों ने दिया आवेदन

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुई। इस दौरान विभिन्न गांव के जन्म प्रमाणपत्र बनाने और शौचालय निर्माण की राशि उपलब्ध कराने के लिए फरियादी पहुंचे। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने सभी फरियादियों के आवेदन पत्र लेकर निष्पादन करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान नारदीगंज पंचायत के नारदीडीह निवासी महेन्द्र मिस्त्री का पुत्र दिलखुश कुमार ने शौचालय निर्माण कार्य पूरा कर लेने के बाद राशि उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र जमा किया है। बीडीओ ने शौचालय निर्माण लाभुक के आवेदन पत्र को अग्रसारित कर लोहिया स्वच्छता प्रखंड समन्वयक पूजा सिंह को जांच हेतु दिया। उन्होंने कहा स्थलीय निरीक्षण के बाद सही पाए जाने पर लाभुक को राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा प्रखंड के परमा पंचायत के परमा गांव के उमेश मांझी की पुत्री पुनिता कुमारी और इसी गांव के गोपाल रजक की पुत्री प्रियांशु कुमारी, नारदीगंज पंचायत के नारदीगंज निवासी ईश्वर रविदास की पुत्री पिंकी कुमारी के अलावा डोहरा पंचायत के मधुवन गांव के विवेकानंद पंडित ने जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन पत्र जमा की। इस बाबत बीडीओ ने कहा गया जन्म प्रमाणपत्र से सम्बंधित लोगों का आवेदन पत्र जांच के लिए सम्बंधित पंचायत सचिव को अग्रसारित किया गया है। जांच में सही पाए जाने पर जिला मुख्यालय भेजा जाएगा। इसके अलावा अन्य मामले भी आये।

### मनाई गयी महान समाज सुधारक स्व बृजनंदन प्र0 सिन्हा की पुण्यतिथि



**पटना।** नगर स्थित देवदूत सिक्योरिटी कार्यालय में महानगर हित कारिणी सभा द्वारा समाज सुधारक और त्याग के साक्षात प्रतिमूर्ति स्व० श्रदेय बृजनंदन प्र० सिन्हा (गुरु जी) की पुण्यतिथि मनाई गई।मंच संचालन गुरु दयाल सिंह जी पूर्व उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बीरेन्द्र शुक्ल ने किया। समारोह के मुख्यवक्ता प्रो०योगेंद्र प्र० सिन्हा जी (पूर्व महामंत्री मगध विश्व विद्यालय ने स्व सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा की उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक है।धन्यवाद ज्ञापन श्रीमृत्युंजय कुमार सिंह (संस्थापक सदस्य महानगर हितकारिणी सभा) ने किया।पुण्यतिथि कार्यक्रम में प्रो० सुशील कुमार (पूर्व प्राचार्य रामधारी सिंह दिनकर इंजीनियरींग कॉलेज (बेगूसराय), घनश्याम प्र०, राहुल कुमार सिंह, मगही जी, चंद्रभूषन प्रसाद,चंचला शर्मा, ई० नन्हे बाबू, कमलेश प्रसाद,सत्येन्द्र कुमार सिंह, सुशील पांडे सहित दर्जनों लोगों ने उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।मौके पर ओमप्रकाश कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि दिया।

### विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

**केसरिया।** थाना क्षेत्र के सागर चुरामन में गायत्री कुमारी नामक महिला की हत्या कर शव गायब करने का मामला सामने आया है। मृतका के चाचा पीपरा थाना क्षेत्र के टिकुलिया निवासी राजेन्द्र सहनी ने केसरिया थाना में आवेदन देकर पति सुभाष सहनी सहित सात लोगों को आरोपित किया है। आवेदन के अनुसार 2019 में गायत्री की शादी सुभाष सहनी से हुई थी। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष बाइक व सोने की चेन की मांग करने लगा और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता था। छह फरवरी को हत्या कर शव गायब करने की सूचना मिली। परिजन पहुंचे तो घर के लोग फरार थे। मृतका चार माह की गर्भवती बताई गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिलाधिकारी श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध जैसे विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा मद्य निषेध के क्रियान्वयन हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया गया कि मार्च के प्रथम सप्ताह में ही होली का पर्व मनाया जाना है इस अवसर पर शराब की आवाजाही में काफी वृद्धि की संभावना रहेगी इसके लिए जिला अंतर्गत शराब निर्माण के जो भी केंद्र है और पूर्व से हॉटस्पॉट चिन्हित है उन सबों पर सघन अभियान चलाया जाए। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी पुलिस थानों में चौकीदारी परेड कराकर उनसे शराब निर्माणध् बिक्री स्थलों के संबंध सूचनाएं एकत्र की जाए और चौकीदार से प्राप्त सूचना के आलोक में सभी शराब निर्माण केंद्रों पर छापामारी की जाए।

बॉर्डर चेक पोस्ट और उसके वैकल्पिक मार्गो से जो मोटरसाइकिल और फोर व्हीलर से शराब का परिवहन किया जा रहा है उसके विरुद्ध भी सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। आगामी होली पर्व को लेकर अतिरिक्त बल प्राप्त कर नए स्थान पर यदि चेक पोस्ट की आवश्यकता हो तो उसको भी जिला पदाधिकारी द्वारा सक्रिय करने का निर्देश पुलिस एवं उत्पाद पक्ष को दिया गया।

विनष्टीकरण हेतु लंबित 18531 लीटर शराब लंबित पाए जाने पर जिला पदाधिकारी चिंता प्रकट की गई इसे शीघ्र विनष्ट करने का निर्देश दिया गया। नीलामी के लिए लंबित 455 वाहनों के नीलामी हेतु शीघ्र कार्रवाई का निर्देश भी अधीक्षक मद्य निषेध को दिया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से जनवरी 2025 तक कृत्य कार्रवाई का विवरण दिया गया जिसमें छापेमारी 1327, प्राथमिकी 209, गिरफ्तारी 62, जप्त वाहन 401, एवं वसूली की गई राशि 550.53 लाख रू0 है। ईंट भट्ठों के अंतर्गत बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईंट भट्ठों की संख्या 231, पूर्ण भुगतान ईंट भट्ठों की संख्या 101 एवं वसूली की गई राशि 117.11 है। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे जिले में विधि-व्यवस्था संधारण में भी सहायता मिलेगी। उक्त बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारी




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संघ के आहवान पर प्रखण्ड के सभी राजस्व कर्मचारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे विभागीय राजस्व सम्बन्धित कार्य ठप हो गया है। राजस्व कर्मचारी नितेश कुमार मिश्रा, नरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, मिथुन कुमार मिठू, प्रकाश कुमार, दीपक कुमार ने बताया कि गृह जिला में पदस्थापन, वेतनमान 1900 से बढ़ाकर 2800 करने, सेवा संपुष्टि, अतिरिक्त पंचायतों का प्रभार हटाने, रिक्त पदों की बहाली, सुरक्षा की गारंटी, संवर्ग परिवर्तन पर रोक, बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्ति, कंप्यूटर दक्षता की अनिवार्यता से छूट, एसीपी और एमएसीपी का लाभ, लंबित विभागीय कार्रवाई से मुक्ति, शोषण पर रोक, विभाग में राजस्व कर्मचारी का पद सुरक्षित करने, ऑनलाइन कार्य के लिए उपकरण और रिचार्ज की सुविधा, क्षेत्र भ्रमण के लिए मोटरसाइकिल, पुरानी पेंशन की बहाली, विभागीय पत्रों का अनुपालन और 10 वर्ष सेवा वाले कर्मचारियों को पदोन्नति देने सहित अन्य मांगों को लेकर वे लोग सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

# खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई और वाहन स्वामियों का गंभीर आरोप

## सवा करोड़ से अधिक के जुर्माने के बीच छिड़ा कानूनी संग्राम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र रजौली में खनन विभाग और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई ने एक नया मोड़ ले लिया है, जहां जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के नेतृत्व में 16 गाड़ियों को जब्त कर उन पर एक करोड़ चालीस लाख रुपये का भारी-भरकम जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर आधिकारिक पक्ष स्पष्ट है कि अवैध परिचालन के संदेह में इन वाहनों को पकड़ा गया और अब इनके विरुद्ध रजौली थाने में कांड संख्या 76/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। खनन पदाधिकारी ने साफ किया है कि यदि वाहन मालिकों को अपनी निर्दोषता साबित करनी है, तो उन्हें लिखित में अपना अभिकथन प्रस्तुत करना होगा, जिसकी गहन जांच के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि जांच में वाहन स्वामियों के दावे सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार राहत दी जाएगी, अन्यथा गलत पाए जाने पर कठोर दंड और जुर्माने की वसूली हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।

दूसरी ओर, इस पूरी प्रशासनिक दबिश के बीच वाहन स्वामियों ने बेहद चौंकाने वाले आरोप लगाते हुए मामले को तूल दे दिया है। उनका दावा है कि शनिवार की रात उनकी गाड़ियां डोमचांच से वैध गिट्टी और चालान के साथ आ रही थीं और जब चालक कोडरमा के मेघातरी के समीप वाहन खड़ा कर भोजन करने गए थे, तभी अधिकारियों की टीम ने कथित रूप से वाहनों के लॉक तोड़कर उन्हें जबरन झारखंड की सीमा से उठाकर बिहार के रजौली स्थित जांच चौकी पहुंचा दिया। वाहन मालिकों का तर्क है कि उनके पास सभी वैध दस्तावेज़ होने के बावजूद चालकों को हिरासत में लिया गया और करीब चौबीस घंटे बाद सोमवार को यह कानूनी कार्रवाई की गई। अब यह पूरा मामला प्रशासनिक सख्ती और वाहन स्वामियों के प्रतिवाद के बीच उलझ गया है, जिसकी वास्तविकता जिलाधिकारी की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

# आवारा कुत्तों के श्वान बंध्याकरण केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा के उद्देश्य से निर्मित श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उक्त श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निर्माण बुधौल क्षेत्र में किया गया है। आवारा कुत्तों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर केन्द्र तक लाने के लिए विशेष वाहन का भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। श्वान बंध्याकरण केन्द्र में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था की गई है, जिसमें 01 हॉल (Dog Ponds हेतु), 01 कक्ष (एनेस्थीसिया हेतु) तथा 01 कक्ष (ऑपरेशन थिएटर हेतु) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पकड़े गए कुत्तों को रखने एवं निगरानी के लिए कुल 06 डॉग पॉन्ड्स उपलब्ध कराए गए हैं, जहाँ कुत्तों को तीन दिनों तक अवलोकन (Observation) में रखा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अवलोकन अवधि पूर्ण होने के उपरांत दक्ष एवं अधिकृत एजेंसी द्वारा कुत्तों का बंध्याकरण किया जाएगा। बंध्याकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर सुरक्षित रूप से पुनः छोड़ दिया जाएगा, जहाँ से उन्हें पकड़ा गया था। जिला पदाधिकारी द्वारा केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, पशु कल्याण मानकों तथा संचालन व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह पहल आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रण, नागरिकों की सुरक्षा तथा पशु कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, नवादा, माननीय मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्री संजय कुमार तथा नगर परिषद् के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### पीएम श्री इंटर विद्यालय चकवाय में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की शिक्षा समिति के तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला शिक्षा कार्यालय नवादा के निर्देश में वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत पी. एम. श्री इंटर विद्यालय चकवाय में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की शिक्षा समिति के तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ जिसमें बच्चों के समग्र विकास पर दिया गया जोर दिया गया. इस प्रशिक्षण में संकुल के छः विद्यालय के प्रधान शिक्षक के साथ शिक्षा समिति के अध्यक्ष - सचिव व सदस्य सम्मिलित हुए.

प्रशिक्षण का उद्देश्य समिति के सदस्यों एवं विद्यालय के प्रधान शिक्षक को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए विद्यालय के भौतिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं सामाजिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाना था। संकुल संचालक सह प्रधानाध्यापक श्री संजय कुमार ने समापन के अवसर पर सदस्यों को बताया गया कि शिक्षा समिति केवल एक औपचारिक संस्था नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी केवल शिक्षक या प्रधानाध्यापक तक सीमित नहीं है, बल्कि हर बच्चे की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई में रुचि और ड्रॉपआउट रोकने में समिति की सतत निगरानी एवं सहयोग आवश्यक है।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक श्रीकांत कुमार द्वारा बच्चों के शैक्षणिक, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्वच्छ विद्यालय परिसर, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच जैसे बिंदुओं पर समिति की सक्रिय भूमिका को रेखांकित किया गया।

इंटर विद्यालय के बाल संसद के बच्चों ने बाल संसद के कार्य एवं उसके व्यक्तित्व पर प्रभाव के फायदे के बारे में बताया साथ ही ही बच्चों के सामाजिक विकास—जैसे स्व - अनुशासन, नैतिक मूल्य, आपसी सहयोग, समानता की भावना और समाज के प्रति जिम्मेदारी—को बढ़ावा देने में विद्यालय और समाज के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता बताई गई। इसमें शिक्षा समिति की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि समिति के सदस्य विद्यालय और समाज के बीच सेतु बनकर जनसहयोग, अभिभावकों से संवाद, स्थानीय संसाधनों के उपयोग तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय के माध्यम से बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में संकुल संचालक संजय कुमार ने इस बात पर जोर दिया गया कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य तभी संभव है, जब शिक्षा समिति अपने दायित्वों को समझते हुए प्रधान शिक्षक के साथ मिलकर उन्हें निष्ठा और सक्रियता से निभाए। "सशक्त समिति — सशक्त विद्यालय — सशक्त समाज" का संदेश ही इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य रहा। मौक़े पर समन्यवयक श्री रामनंदन प्रसाद प्रधान पुष्पा कुमारी, मनीषा किरण, दीपेश कुमार, सुनीता कुमारी भारती, नरेन्द्र कुमार सिन्हा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में उमड़ी गर्भवती महिलाओं की भीड़

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 197 महिलाओं का हुआ सुरक्षित मातृत्व परीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** मातृत्व सुरक्षा और सुरक्षित प्रसव की दिशा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के तहत सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आई कुल 197 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई, ताकि गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान कर जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित रखा जा सके।



मातृत्व शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु शामिल महिलाएं व जीएनएम

अस्पताल परिसर में सुबह से ही महिलाओं की भारी उपस्थिति देखी गई, जहां अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने मुस्तैदी के साथ अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान डॉ. अभिप्राय, डॉ. परितोष, डॉ. राघवेंद्र भारती और डॉ. अनीश गुलाम ने महिलाओं का शारीरिक परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिए। चिकित्सकों ने विशेष रूप से महिलाओं के रक्तचाप, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच सुनिश्चित की, ताकि हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी वाले मामलों की पहचान कर उनका उचित उपचार शुरू किया जा सके।शिविर को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों की भूमिका भी बेहद सराहनीय रही। जीएनएम अर्चना कुमारी, अंजली कुमारी, सुमन कुमारी, पुष्पलता कुमारी और पुनीता कुमारी ने महिलाओं के पंजीकरण से लेकर प्राथमिक जांच में सक्रिय सहयोग किया, जबकि अनिल पासवान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद की। इस दौरान महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, नियमित रूप से दवाइयों का सेवन करने और संस्थागत प्रसव के फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता बढ़ाना है।

## सखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राओं को दी गई जानकारी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


**कौआकोल।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में सोमवार को समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए कार्यक्रम अंतर्गत अधिष्ठापित सखी सहायता डेस्क के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिका रूपा कुमारी के द्वारा सखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राओं को किशोरी स्वास्थ्य योजना के तहत किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं, मानसिक तनाव, पोषण की कमी और एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस दौरान उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध कराई गई। मौके पर शिक्षिका मधु, धृति, अंजना, ऊदल, मुकेश सर आदि मौजूद थे।

# रजौली में प्रशासन का कड़ा रुख, 17 फरवरी तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो चलेगा बुलडोजर, वसूला जाएगा हर्जाना, अतिक्रमणकारियों को प्रशासन की अंतिम चेतावनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** नगर पंचायत में बढ़ते जाम और सड़कों पर अवैध कब्जों को देखते हुए प्रशासन ने अब सख्त कार्रवाई का मन बना लिया है।सोमवार को रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सीओ सह नगर पंचायत के प्रभारी ईओ गुफरान मजहरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बाजार के स्थायी और अस्थायी दुकानदारों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि सरकारी जमीन पर किया गया किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंचलाधिकारी ने सभी अतिक्रमणकारियों को 17 फरवरी तक का समय देते हुए अल्टीमेटम दिया है कि वे स्वेच्छा से अपना अवैध निर्माण और दुकानें हटा लें। निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा न करने पर प्रशासन बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू करेगा,जिसमें होने वाले व्यय की भरपाई भी संबंधित दुकानदारों से ही की जाएगी।

**सुनवाई में दस्तावेज पेश करने में विफल रहे दुकानदारः-** प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण वाद संख्या 05/25-26 के आलोक में रजौली बाजार के अवैध ठेला चालकों और अन्य अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर कुल 259 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान लगभग 200 दुकानदार अंचल कार्यालय पहुंचे। हालांकि, सीओ के समक्ष सुनवाई के दौरान एक भी व्यक्ति प्रश्नगत सरकारी भूमि से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या मालिकाना हक का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद प्रशासन ने सख्त लहजे में कहा कि बजरंगबली चौक से पुरानी बस स्टैंड और मुख्य चौक से ब्लॉक रोड तक की संकरी हो चुकी सड़कों को हर हाल में खाली कराया जाएगा ताकि आम जनता को रोज-रोज के जाम से मुक्ति मिल सके।



प्रखंड सभागार में सीओ व दुकान दारों की बैठक में शामिल लोग

**दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था और नए निर्देश :-** बैठक के दौरान जब दुकानदारों ने अपना व्यवसाय चलाने के लिए वैकल्पिक स्थान की मांग की, तो प्रशासन ने उनकी श्रेणी के अनुसार जगह भी निर्धारित कर दी। नए निर्देशों के अनुसार, पुराने पुल के पश्चिम में सब्जी और फुटपाथी दुकानों को जगह दी गई है, जबकि सती स्थान स्थित सरकारी भूमि पर मीट, मछली और मुर्गा की दुकानों को स्थानांतरित किया जाएगा। इसी प्रकार, मसाला और श्रृंगार की फुटपाथी दुकानों को बाजार शेड में लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्य भ्रमणशील वेंडरों के लिए भी जगह चिन्हित की जा रही है। अधिकारियों ने सख्त हिदायत दी है कि काली पिच वाली सड़क, पेवर ब्लॉक और नगर पंचायत की नालियों पर किसी भी परिस्थिति में कब्जा नहीं होना चाहिए।

**टोटो परिचालन के लिए नए नियम और सौंदर्यकरण की योजनाः-** यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए टोटो चालकों के लिए भी नए पड़ाव तय किए गए हैं। अब अनुमंडल की ओर से आने वाले टोटो इंटर स्कूल गेट के आगे और पार-बाध की ओर जाने वाले टोटो पुराने पुल के पास खड़े होंगे। बाजार के मुख्य रास्तों पर टोटो खड़ा करने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है और उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक दंड के साथ-साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्ण होने के बाद प्रशासन ने क्षेत्र के पर्यावरण और सौंदर्य को बढ़ाने की भी योजना बनाई है। इसके तहत बजरंगबली चौक के चारों ओर और सड़कों के दोनों किनारों पर सघन पौधारोपण कार्य किया जाएगा, ताकि बाजार स्वच्छ और सुंदर नजर आए।

# गयाजी में बीडीओ 50 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार

## निगरानी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा, योजना पास कराने के लिए 1 लाख मांगे थे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार 50,000 रुपए घूस लेते गिरफ्तार हो गए हैं। उन्हें निगरानी ने रंगे हाथ पकड़ा है। कार्रवाई नगर प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी की शिकायत पर की गई है। गिरफ्तारी के बाद बीडीओ को निगरानी की टीम पटना ले गई है। मामला 15वीं वित्त आयोग की योजना से जुड़ा है। सुचिता रंजनी के अनुसार, स्कूल की चहारदीवारी निर्माण योजना को पास कराने के एवज में बीडीओ राकेश कुमार ने 1 लाख की मांग की थी। सौदा किस्तों में तय हुआ। पहली किस्त 50 हजार सोमवार को दी जानी थी। प्रमुख ने निगरानी से शिकायत कर दी। शिकायत के बाद निगरानी ने सत्यापन कराया। योजना बनाई गई।




तय समय पर नगर प्रखंड कार्यालय स्थित प्रमुख के चेंबर में रकम दी गई। शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच जैसे ही बीडीओ ने पैसे लिए, निगरानी टीम ने मौके पर ही पकड़ लिया।

पहले भी फाइल बढ़ाने के लिए रुपए मांगे थे प्रमुख सुचिता रंजनी ने आरोप लगाया कि बीडीओ की ओर से पहले भी योजनाओं की जांच और फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर पैसों की मांग की जाती रही है। यह पहली बार नहीं है। बीडीओ का व्यवहार शुरू से संदिग्ध रहा। प्रखंड कर्मियों से भी पूछताछ कराई जा सकती है।

गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने बीडीओ के कार्यालय और आवास पर तलाशी शुरू कर दी है। दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। नगदी और संपत्ति से जुड़े बिंदुओं की भी जांच हो रही है।

**शिकायत के बाद बाद जाल बिछाया गया:** निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र राय ने बताया कि रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज होने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत जाल बिछाया गया। बीडीओ को 50 हजार लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। कुल 1 लाख रुपए बीडीओ ने मांगे थे।

# गयाजी स्टेशन पर शातिर चोर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



गयाजी रेलवे परिसर में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी ने शातिर चोर को पकड़ा है। यह कार्रवाई प्लेटफॉर्म नंबर-1 बी पर गश्त के दौरान की गई है। तलाशी के दौरान तीन चोरी के मोबाइल और करीब ढाई लाख के गहने बरामद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में निगरानी कर रही थी।

टीम प्लेटफॉर्म नंबर-1 बी पर पहुंची। एक युवक हाथ में थैला लेकर हावड़ा छोर की ओर तेजी से जाता दिखा। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगी। घेराबंदी कर यात्री शेड के पास उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान युवक घबरा गया। उसने अपना नाम साकीब खान(19) बताया। घर रोहतास जिले के इस्लामगंज, वार्ड नंबर-23 में है। शक के आधार पर उसकी तलाशी ली गई। पैंट की जेब से 2 और एक फोन जैकेट से मिला। तीनों फोन में लॉक लगा था।

**थैला से जेवरात बरामद:** इसके बाद थैले की तलाशी ली गई। थैले से बड़ी मात्रा में चांदी और सोने के आभूषण मिले। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू मंगाकर वजन कराया गया। 13 जोड़ी चांदी की पायल, एक कमरधनी, 16 चांदी की बिछिया, एक चांदी का ब्रासलेट, दो चांदी के पंजे और 2.60 ग्राम सोने का आभूषण बरामद हुआ। चांदी का कुल वजन 604 ग्राम है।

**आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया:** पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि सभी सामान उसने यात्रियों से चोरी किए हैं। इसके बाद वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ जब्ती सूची तैयार किया गया। आरपीएफ की शिकायत पर जीआरपी थाना गयाजी में मामला दर्ज किया गया है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 80 हजार रुपए है।

# संक्षिप्त समाचार

## शादी की खुशियों में घुसा डीजे का शोर, गांव बना रणक्षेत्र
## बंदोहरी में डीजे विवाद ने लिया हिंसक रूप, बीच-बचाव में महिला का सिर फटा

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के बंदोहरी गांव में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर झगड़ा हो गया, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में महिला का सिर फट गया। घायल महिला को परिजनों द्वारा आनन-फानन में इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके सिर में कई टांके लगाए हैं। घायल महिला के परिजनों ने बताया कि गांव के एक पड़ोसी घर में शादी समारोह आयोजित था, जहां तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। डीजे की तेज ध्वनि से जानवर भड़कने लगे, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान पड़ोस के एक बुजुर्ग ने डीजे आगे बढ़ाने अथवा आवाज कम करने की बात कही, जिस पर शादी वाले पक्ष के लोग नाराज हो गए और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर जब झगड़ा शांत कराने के लिए महिलाएं बीच-बचाव करने पहुंचीं, तभी धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान रजनी देवी के सिर में गंभीर चोट लग गई और उनका सिर फट गया। मौके पर अफरातफरी मच गई और शादी समारोह का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। घटना के बाद परिजन घायल महिला को तत्काल इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके सिर में टांके लगाए। बताया जा रहा है कि इस झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हुए हैं। इस संबंध में इमामगंज थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष की ओर से थाना में लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नालंदा में 11 फरवरी को एकदिवसीय रोजगार मेला, 8वीं से एमबीए पास तक युवाओं को मौका




**नालंदा।** नालंदा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की पहल पर 11 फरवरी को बिहारशरीफ में एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जहां निजी क्षेत्र की कंपनी 'नव नालंदा बाजार' अलग-अलग पदों पर युवाओं की भर्ती करेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद आकिफ वक्कास ने बताया कि यह रोजगार मेला सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, ब्लॉक कैंपस बिहारशरीफ में आयोजित होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय पर पहुंचे। इस जॉब कैंप की खास बात यह है कि यहां 8वीं पास से लेकर स्नातक और MBA डिग्रीधारकों तक के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। कंपनी की ओर से कुल 57 पदों पर भर्ती की जाएगी और सभी चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल बिहारशरीफ ही होगा।

## जेल में ही रहेंगे पप्पू यादव, बेल पर सुनवाई टली 31 साल पुराने केस में हुई है सांसद की गिरफ्तारी



**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की जमानत याचिका पर आज सुनवाई टल गई है। फिलहाल वे पटना की बेऊर जेल में ही रहेंगे। मेल से पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद MP-MLA कोर्ट को भी खाली कराया गया है। इसी वजह से आज बेल पर सुनवाई नहीं हो पाएगी। फिलहाल वे पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। बेऊर ले जाने से पहले उनका पीएमसीएच में मेडिकल चेकअप हुआ था। अस्पताल के अधीक्षक राजीव कुमार के अनुसार वे फीट हैं, हालांकि बेऊर जाने के वक्त वे एंबुलेंस में लेटे हुए थे।

वहीं, दूसरी तरफ सांसद और NEET छात्रा के समर्थन में रविवार को पटना से दिल्ली तक प्रदर्शन होता रहा। पटना में कांग्रेस कार्यकार्ताओं ने 'पप्पू यादव को रिहा करो' के पोस्टर के साथ सरकार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर तक जला दिए। वहीं, दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी सांसद पप्पू यादव के समर्थन और छात्रा को न्याय दिलाने को लेकर प्रदर्शन हुआ। इसमें पीड़िता की मां और परिजन भी शामिल हुए थे। इसके अलावा करीब सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे थे।

**पप्पू यादव लगातार सरकार को घेर रहे थे:** NEET छात्रा मामले को लेकर पप्पू यादव लगातार सरकार और प्रशासन को घेर रहे थे। उन्होंने अस्पताल से जुड़े कुछ लोगों के कथित ऑडियो क्लिप भी जारी किए थे, जिनमें इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए गए थे।

अब तक पप्पू यादव बिहार में इस मुद्दे पर आवाज बुलंद कर रहे थे। अब वे इस मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने लगे थे। सबसे पहले उन्होंने संसद में इस मामले पर प्रदर्शन किया। वे पोस्टर वैनर के साथ संसद के बाहर खड़े दिखे। जानकारी के मुताबिक, पप्पू यादव NEET छात्रा मामले में दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले थे। इससे पहले शुक्रवार देर रात उन्हें 31 साल पुराने केस में गिरफ्तार कर लिया गया।

# फाइलेरिया से बचने को साल में एक बार दवा जरूरी, बीमारी का कोई इलाज नहीं, खाली पेट दवा न लेने की सलाह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसका कोई इलाज नहीं है। अगर लक्षण नहीं भी दिख रहे हैं, तो भी सावधानी जरूरी है। साल में सिर्फ एक बार दवा खाने से आप इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। यह बातें नालंदा के सिविल सर्जन डॉ. जय प्रकाश सिंह ने सोमवार को एमडीए (सर्वजन दवा सेवन) कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में सदर अस्पताल में कहीं। सिविल सर्जन ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लगातार 5 साल तक साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर ले, तो उसे जीवन में कभी फाइलेरिया नहीं होगा। उन्होंने आम लोगों के इस भ्रम को तोड़ा कि 'लक्षण नहीं है तो दवा क्यों खाएं'। उन्होंने स्पष्ट किया कि खून में परजीवी हो सकते हैं, जिसका पता बाद में चलता है और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।




**खाली पेट दवा का सेवन वर्जित:** डॉ. सिंह ने दवा सेवन को लेकर गाइडलाइन जारी की। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति को खाली पेट दवा नहीं खानी है। इसके अलावा, 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और जिन महिलाओं की डिलीवरी एक सप्ताह के अंदर हुई हो, उन्हें यह दवा नहीं दी जाएगी। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर उम्र के हिसाब से दवा खिलाएंगी।

**घबराएं नहीं, रिस्पॉन्स टीम तैयार:** सिविल सर्जन ने मीडिया से अपील की कि दवा खाने के बाद कभी-कभी उल्टी या चक्कर आना सामान्य बात है, इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

स्कूलों में अक्सर एक बच्चे को उल्टी करते देख दूसरे बच्चे भी डर से वैसा करने लगते हैं, जो मनोवैज्ञानिक प्रभाव है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एडिशनल लेवल पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम (RRT) तैयार है। अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय सीधे स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। इस अवसर पर डीपीएम, उपाधीक्षक और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहें।

# रोज़ी की तलाश में गया कर्नाटक, मौत बनकर लौटा हादसा
## स्टील प्लांट ब्लास्ट में झुलसे इमामगंज के मजदूर की इलाज के दौरान मौत, सिस्टम की बेरुख़ी ने उजाड़ दिया पूरा परिवार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**इमामगंज।** गयाजी जिले के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत नौडीहा पंचायत के नवाखाप गांव निवासी प्रवासी मजदूर राजेश कुमार भारती (55 वर्ष) की कर्नाटक के एक स्टील प्लांट में हुए भीषण हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और घर में चीख-पुकार मच गई—एक मेहनतकश पिता का यूं चले जाना पूरे परिवार को बेसहारा कर गया। परिजनों के अनुसार, राजेश कुमार भारती पिछले करीब 10 वर्षों से कर्नाटक के एक स्टील प्लांट में काम कर रहे थे। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे कार्य के दौरान हुए हादसे में वह बुरी तरह झुलस गए। शरीर का बड़ा हिस्सा जल चुका था। हालत बेहद नाजुक थी, लेकिन आर्थिक तंगी और सरकारी सहायता के अभाव में समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल सका। इलाज की कमी, देर और लाचारी ने मिलकर एक मजदूर की जान ले ली। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी चिंता देवी और पाँच नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं—बेबी कुमारी (18), विद्या कुमारी (16), प्रियंका कुमारी (10), बेटा अंकुश कुमार (8) और सबसे छोटी मानसी (4)। इसके अलावा चार वर्षीय अखिलेश भारती तथा 70 वर्षीय वृद्ध माता-पिता, जिनमें माता गंगिया देवी शामिल हैं, पूरी तरह राजेश कुमार भारती पर ही आश्रित थे। आज एक झटके में पूरा परिवार सहारे से वंचित हो गया। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य की असमय मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह टूट चुकी है। बच्चों की पढ़ाई, इलाज और रोज़मर्रा की ज़रूरतें—सब सवाल बनकर खड़ी हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव शोक में डूबा है। हर आंख नम है, हर जुबान पर एक ही सवाल—क्या गरीब मजदूर की जान इतनी सस्ती है? स्थानीय लोगों और परिजनों ने बिहार सरकार और केंद्र सरकार से मुआवजा, त्वरित आर्थिक सहायता तथा बच्चों की शिक्षा-दीक्षा और पालन-पोषण के लिए ठोस मदद की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर सरकार की ओर से समय पर सहायता, समन्वय और इलाज की व्यवस्था होती, तो शायद एक पिता आज अपने बच्चों के साथ होता। यह दर्दनाक घटना बिहार सरकार की उदासीनता पर करारा तमाचा है। प्रदेश से रोज़गार के लिए बाहर जाने को मजबूर मजदूरों की सुरक्षा, बीमा, इलाज और आपात सहायता आखिर कब सुनिश्चित होगी? यह हादसा एक बार फिर प्रवासी मजदूरों के प्रति सरकारी बेरुख़ी और व्यवस्था की नाकामी को उजागर करता है—जहां मेहनत का फल नहीं, लाचारी में मौत मिलती है।

# राजगीर में जैन पर्यटकों के मौत का मामला: जांच के लिए कर्नाटक नहीं जाएगी पुलिस टीम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** राजगीर के दिगंबर जैन धर्मशाला में चार पर्यटकों की मौत मामले में जांच के लिए पुलिस टीम कर्नाटक नहीं जाएगी। पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव को मुख्य कारण बताते हुए पुलिस ने जांच दल को कर्नाटक भेजने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। रविवार को राजगीर पहुंचे मृतकों के परिजनों ने एक अप्रत्याशित निर्णय लेते हुए घटनास्थल से बरामद एक लाख 18 हजार रुपए कैश और आभूषणों को धर्मशाला को दान कर दिया। कमरा बुकिंग के समय जमा किए गए चार हजार रुपए भी इस दान में शामिल किए गए। मृतक नागा प्रसाद के चाचा जीएन ब्रुसुब्बा राजू, चचेरी बहन सम्याकथवा जैन डी और पड़ोसी रोहित बीवी शनिवार को



पटना के गुलाबी घाट पर हुए अंतिम संस्कार में मौजूद रहे।

**पारिवारिक कलह और पुरानी हत्या का मामला:** डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने परिजनों को बताया कि जांच में कई गंभीर तथ्य सामने आए हैं। पारिवारिक कलह, आपसी तालमेल की कमी, अतीत में घटित एक पारिवारिक हत्याकांड, न्यायालय में आत्मसमर्पण की प्रक्रिया, मानसिक असंतुलन और बेरोजगारी जैसे कारणों ने इस परिवार को दुखद कदम की ओर धकेला। मृतक जीआर नागा प्रसाद बेंगलुरु में अपनी मां और दो बहनों के साथ रहते थे। परिवार करीब 20 साल पहले ही गुब्बी गांव से बेंगलुरु शिफ्ट हो चुका था। गुब्बी थानाध्यक्ष ने पुष्टि करते हुए कहा कि हत्या का मामला भी बेंगलुरु से ही जुड़ा हुआ है।

**संपत्ति दान की प्रक्रिया जारी:** परिजनों ने मृतकों के कपड़ों को नष्ट करने की स्वीकृति भी पुलिस को दे दी है। गांव में मृतकों के परिवार की करीब चार एकड़ जमीन है, जिसमें से एक प्लॉट पहले ही बिक चुका है। शेष भूमि को भी दिगंबर जैन धर्मशाला को दान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिजनों ने शव बरामदगी के समय की गई वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने की मांग की है, जिसे जांच प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराने का आश्वासन पुलिस ने दिया है। प्रशासन और धर्मशाला की ओर से बेंगलुरु से आने-जाने के खर्च की पेशकश को परिजनों ने विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार:** हालांकि पुलिस ने मामले को आत्महत्या करार दे दिया है, लेकिन पोस्टमार्टम और एफएसएल की रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट मिलने के बाद भी मामले की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं आने की संभावना है।

# बिहार का 'नंबर-1' ईको-टूरिज्म हब बना नालंदा




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** प्राचीन इतिहास और आधुनिक पर्यटन का संगम 'नालंदा' अब बिहार का सबसे बड़ा 'ईको-टूरिज्म हॉटस्पॉट' बन गया है। बिहार सरकार की ओर से जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट में नालंदा ने पर्यटन के क्षेत्र में पूरे राज्य में बाजी मारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक साल में जिले के 9 प्रमुख ईको-टूरिज्म साइटों पर रिकॉर्ड 17.20 लाख (17,20,897) पर्यटक पहुंचे हैं।

यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 5.3 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2023-24 में यह संख्या 16.33 लाख थी, जबकि 2022-23 में 13.95 लाख थी। लगातार बढ़ते ये आंकड़े बताते हैं कि देश-दुनिया के सैलानियों के लिए नालंदा पहली पसंद बना हुआ है।

**7.37 लाख विदेशी मेहमान बिहार आए:** सिर्फ देसी ही नहीं, विदेशी सैलानियों की आमद भी बिहार में बढ़ी है, जिसका बड़ा लाभ नालंदा को मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2024 में राज्य में कुल 7.37 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे, जबकि 2023 में यह संख्या 5.47 लाख थी। नालंदा के ऐतिहासिक खंडहर और राजगीर की वादियों ने इन विदेशी मेहमानों को सबसे ज्यादा आकर्षित किया है।

**विकास पर पूरा जोर: बजट का 100% उपयोग:** नालंदा जिला प्रशासन ने पर्यटन सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। रिपोर्ट बताती है कि ईको-टूरिज्म और पार्क विकास योजना के तहत जिले को मिले 5.37 करोड़ रुपए की पूरी राशि शत-प्रतिशत खर्च कर ली गई है। इसके अलावा, राजगीर जू-सफारी के रख-रखाव के लिए आवंटित 13 लाख रुपए का भी पूरा उपयोग किया गया, जिससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

**'डे-टूरिज्म' से 'स्टे-टूरिज्म' की ओर बढ़ता कदम:** सरकार अब नालंदा को केवल दिन में घूमने वाली जगह (डे-टूरिज्म) के बजाय ठहरने वाले पर्यटन स्थल (स्टे-टूरिज्म) के रूप में विकसित कर रही है। बिहार पर्यटन नीति 2023 और ब्रांडिंग एंड मार्केटिंग पॉलिसी 2024 के तहत इसे प्रमोट किया जा रहा है। इसका सीधा असर स्थानीय रोजगार पर पड़ा है। गाइड, ई-रिक्शा चालक, होटल व्यवसायी और सिलाव का खाजा बेचने वाले छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि हुई है।

**इन जगहों पर उमड़ रही भीड़:** पर्यटकों का सबसे ज्यादा रुझान राजगीर नेचर सफारी, जू सफारी, घोड़ाकटोरा झील, वेणुवन और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों की ओर देखा गया है। जू सफारी में खुले में विचरते शेर, बाघ और भालू बच्चों और बड़ों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

# "शिक्षा से ही सशक्त होगा भविष्य" - मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन





## आदर्श सत्यम मेमोरियल एकेडमी का 17वां वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न




वार्षिक समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

इमामगंज। प्रखंड अंतर्गत जमुना कृषि फार्म के समीप स्थित आदर्श सत्यम मेमोरियल एकेडमी स्कूल में 17वां वार्षिक समारोह हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बच्चों की प्रतिभा ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन इमामगंज प्रखंड बीडीओ संजय कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन एवं बीडीओ संजय कुमार को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्य, संस्कार और आत्मविश्वास का विकास भी उतना ही जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर समाज को सही दिशा दे रहे हैं। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आदर्श सत्यम मेमोरियल एकेडमी जैसे शिक्षण संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा के साथ सांस्कृतिक मंच मिलने से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि विद्यालय पिछले 17 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। हमारा उद्देश्य बच्चों को सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और संस्कारी नागरिक बनाना है। अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग से यह संभव हो पा रहा है। इस अवसर पर मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन एवं बीडीओ संजय कुमार द्वारा सफल प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ा। इस मौके पर हम पार्टी के इमामगंज प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बृजनंदन कुमार दांगी, आशुतोष पासवान, टूटू खान सहित विद्यालय के शिक्षक, सैकड़ों छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम श्री 10 + 2 विद्यालय में शौचालय की कमी स्थिति चिंताजनक

**विद्यालय मे शौच बनाने के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधि ने उठाई मांग**



**कोचस (रोहतास)।** कोचस नगर पंचायत स्थित पी एम श्री 10 + 2 विद्यालय में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा नहीं होने से छात्र-छत्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसको लेकर छात्र अभिभावक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि में आक्रोश देखने को मिल रही है। यह स्थिति न केवल छात्रों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए चिंताजनक है, बल्कि शिक्षा के अधिकार का भी उल्लंघन है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक की इस मुद्दे पर उनकी प्रतिक्रिया की कमी भी चिंताजनक है।पूर्व जिला परिषद मुन्ना कुमार पासवान ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और उन्होंने कहा कि संबंधी अधिकारियों से मेरा अनुरोध है कि इस मुद्दे को गंभीरता पूर्वक ले और जल्द से जल्द शौचालय की सुविधा प्रदान करें, ताकि आए दिन बच्चों को शौच के लिए जाने में कोई असुविधा ना हो। कोचस पी एम श्री 10 + 2 विद्यालय में शौचालय नहीं है ! विद्यालय के लिए शर्मनाक है, विद्यालय के प्रधानाध्यापक पूरी तरह जिम्वारी से परे हैं, क्या उन्हें छात्रों की चिंता नहीं है। अगर उनके द्वारा भी इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो हम आगे बच्चों के स्वास्थ्य पे पड़ने वाले बुरे असर के हक की लड़ाई के लिए निरंतर लड़ते रहेंगे।

### बिक्रमगंज में जनता दरबार का आयोजन,एसडीएम प्रभात कुमार ने सुनी आम लोगों की समस्याएं



**बिक्रमगंज ।** अनुमंडल कार्यालय कक्ष के सभागार में सोमवार को एसडीएम प्रभात कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार में अनुमंडल के सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे ।कार्यक्रम के दौरान एसडीएम प्रभात कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया,जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया । एसडीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है । जनता दरबार के माध्यम से आमजन को प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने का सीधा मंच मिलता है,जिससे समस्याओं के समाधान में तेजी आती है । जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं को सुने जाने और कार्रवाई के भरोसे पर संतोष व्यक्त किया ।

### एसएसबी जवान दीपक कुमार की हुई मौत

**केसरिया।** बिजधरी थाना क्षेत्र के जगीराहां गांव निवासी एसएसबी जवान दीपक कुमार का निधन हो गया है। वह देवालाल शर्मा के पुत्र थे। उनकी मौत किन कारणों से हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। रविवार की देर रात उनका शव पैतृक घर पहुंचा, जिसके बाद सोमवार को गांव स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान एसएसबी जवानों ने उन्हें सलामी देकर अंतिम विदाई दी।जानकारी के अनुसार दीपक कुमार करीब दस वर्षों से एसएसबी में कार्यरत थे। फिलहाल उनकी पोस्टिंग सीतामढ़ी में थी। वह पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर घर आए हुए थे। मुजफ्फरपुर स्थित घर पर ही उनका निधन हो गया। तीन भाइयों और एक बहन में वह सबसे बड़े थे। उनके निधन से परिवार में शोक है।

### महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**केसरिया।** थाना परिसर में सोमवार को महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। संबोधित करते हुए एसडीओ शिवानी शुभम ने कहा कि आयोजन समिति पूरी मुस्तैदी से कार्य करे, प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए खजुरिया की ओर से आने वाले भारी वाहनों को खजुरिया में ही रोका जाएगा, जबकि छोटे वाहन केसरिया टोला के समीप रुकेंगे। मुजफ्फरपुर जाने वाले वाहनों को पानशाला–लाला छपरा मार्ग से भेजने की व्यवस्था रहेगी। चकिया की ओर से आने वाले भारी वाहन कैथवलिया व छोटे वाहन राजपुर कोठी चौक पर रोके जाएंगे, जबकि साहेबगंज दिशा से आने वाले भारी वाहन बिजधरी में ही रोक दिए जाएंगे। डीएसपी संतोष कुमार ने बताया कि आयोजन बड़ा है, इसलिए करीब 100 पुलिस बल की मांग की गई है। चिन्हित स्थानों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती होगी और मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाएगी।जलाभिषेक के दौरान प्लास्टिक के जलपात्र के प्रयोग से बचने की अपील की। आयोजन समिति अध्यक्ष कृष्णा कुमार ने बताया कि शिव बारात बैशाखवा से निकलकर केसरिया टोला होते हुए केशरनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां पूजा-अर्चना होगी। भीड़ को देखते हुए आर्घा से जलाभिषेक कराया जाएगा। भीड़ नियंत्रण को लेकर पहली बार महिला व पुरुष बाउंसर को भी बुलाया गया है। बैठक के बाद अधिकारियों ने मंदिर पहुंच तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में बीडीओ कुमुद कुमार, सीओ पूनम मिश्रा सहित पूजा समिति से जुड़े लोग मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि के पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज ने की बैठक




**मोतिहारी।** अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार में महाशिवरात्रि पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर बैठक की गई। इस अवसर पर दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 15.02.2026 तक आयोजित होने वाले मेला की तैयारी , श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विधि व्यस्था के संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारी को जरूरी निर्देश दिए गए एवं स्पष्ट रूप से कहा गया कि जिन पदाधिकारी को जो दायित्व दिया गया है उसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि भीड़ नियंत्रण एवं सुगम यातायात अनुमंडल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरेराज, अंचलाधिकारी अरेराज, अध्यक्ष नगर पंचायत अरेराज, कार्यपालक पदाधिकारी अरेराज, पुलिस निरीक्षक अरेराज, उपाधीक्षक SDH अरेराज, AE विद्युत, jE phed अरेराज, गोविंदगंज एवं अरेराज थाना तथा अग्निशमन पदाधिकारी अरेराज ने भाग लिया।

# काराकाट में किसान महासभा का जोरदार धरना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**13 सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन सौंपा**



**काराकाट / रोहतास ।** काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने केंद्र व राज्य सरकारों की कृषि-विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की और तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए, जिन्होंने सरकारी नीतियों को खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण के लिए खतरा बताया।मुख्य मांगों में देश के खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालने वाली सरकारी नीतियों को उजागर करने, भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते को रद्द करने, कृषि भूमि अधिग्रहण को तत्काल बंद करने का प्रमुख स्थान रहा। इसके अलावा कदवन डैम का शीघ्र निर्माण कर पूरे खेती क्षेत्र को सिंचित करने, बीज विधेयक 2025, विद्युत विधेयक 2025 और चार श्रम संहिता श्रम शक्ति कानून 2025 को वापस लेने की मांग की गई। वीबी ग्राम जी राम कानून रद्द कर मनरेगा को पुनः बहाल करने, कृषि विपणन पर नए राष्ट्रीय प्रस्तावना को खारिज करने की भी अपील की।किसानों ने भौतिक सत्यापन के जरिए सभी को पंजीकृत करने, भूमिहीन गरीबों को उजाड़ने से पहले भूमि-मकान का प्रबंध, खाता-खसरा प्लॉट सुधार पर परेशानी बंद करने और सभी किसानों को उचित मूल्य पर पूरी पैदावार की खरीद की गारंटी की मांग उठाई। एनएच-119ए ग्रीन फील्ड रोड के लिए मुआवजा दोगुना करने तथा एलपीसी सत्यापन के बाद तत्काल भुगतान की भी मांग की गई।यह राजव्यापी धरना काराकाट में भी सफल रहा। इसमें राजेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, शिवनारायण सिंह, शिव कुमार ठाकुर, सूर्य देवराम, खोया दुबे, तुलसी सिंह, बिनोद सिंह, श्री भगवान सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रदर्शन के अंत में 13-सूत्रीय ज्ञापन अंचल अधिकारी डॉ. रितेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह को सौंप दिया गया। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज होगा।

## सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार गए जेल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट / रोहतास ।** प्रखंड मुख्यालय से महज 10 मीटर आगे मुख्य सड़क पर अंचलाधिकारी रितेश कुमार के वाहन को दो स्थानीय युवकों ने रोक लिया। दोनों ने सरकारी अधिकारी के कार्य में बाधा डाली और चालक के साथ मारपीट की। घटना के बाद अंचलाधिकारी ने काराकाट थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर दोनों आरोपी गिरफ्तार हो गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। अंचलाधिकारी रितेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वे आज दोपहर 2:30 बजे किसान रजिस्ट्रेशन के पर्यवेक्षण हेतु क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के पास ही एक हीरो होंडा ग्लैमर बाइक (नंबर बीआर 24 एए 4651) सवार पवन कुमार के पिता प्रमोद कुमार गांव करूप और गुड्डू कुमार के पिता हरिविनय सिंह, गांव करूप ने सड़क के बीचों-बीच बाइक खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया।

चालक मिथलेश कुमार ने रास्ता हटाने को कहा, तो दोनों ने वाहन पर हमला बोल दिया । उन्होंने चालक को थप्पड़ मारे और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई।काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया, "शिकायत मिलते ही जांच शुरू की गई। प्राथमिकी सुसंगत धाराओं में दर्ज हो चुकी है। दोनों आरोपी हिरासत में हैं और पूछताछ जारी है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कोचस मे होने वाले चातुर्मास यज्ञ को लेकर हुई बैठक, कई निर्णयों पर बनी सहमति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** धर्म अनुष्ठान एवं अध्यात्म की दृष्टिकोण से आगामी वर्ष 2027 मे कोचस क्षेत्र चर्चा में रहेगा। पूज्य संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी का चातुर्मास व्रत कोचस के भोलेनाथ के नगरी गंगवलिया वन क्षेत्र में प्रस्तावित है।यज्ञ समिति द्वारा एक साल पूर्व से ही तैयारी को लेकर लगातार बैठक की जा रही है। सोमवार को भी तैयारी समिति की बैठक का आयोजन गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में किया गया। महायज्ञ को लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। यज्ञ के प्रचार प्रसार को लेकर गांव गांव मे पांच सदस्यीय कमेटी बनाने,यज्ञ की सफलता व रूप रेखा पर चर्चा के अलावे सात सदस्यीय तीन भ्रक्षण दल का गठन किया गया। समिति के सदस्य दीनानाथ ओझा ने बताया कि गांव का भ्रमण करने व प्रचार प्रसार करने हेतु सात सदस्यीय तीन कमिटी का गठन किया गया। उक्त तीनों कमेटी के सदस्य अलग-अलग क्षेत्र का दौरा कर कोचस में आगामी 27 में हो रहे महायज्ञ का प्रचार प्रसार करेंगे। ताकि अधिक से अधिक लोग अध्यात्म और धर्म के इस मेले में सम्मिलित हो सके। बैठक में सर्वसम्मत से पुनः 15 मार्च को अगले बैठक की तिथि निर्धारित की गई। अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया सुदर्शन तिवारी उर्फ टुनी बाबा एवं संचालन सुरेंद्र दुबे ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर दुबे बागी, ललन चौबे, अरविंद ओझा, दीनानाथ ओझा, निरंतर पांडेय,मुन्ना तिवारी, जोखन तिवारी, पप्पू पटेल राजू पटेल, अनिल चौबे, श्रीनिवास ओझा, श्रीकांत चौबे, कामेश्वर दुबे, कविंद्र तिवार, सहित अन्य कई उपस्थित थे।

## कृषि कनेक्शन को लेकर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** बिजली विभाग ने कृषि कार्य हेतु बिजली मुहैया कराने और मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना फेज-2 के अन्तर्गत विद्युत संरचना का निर्माण एवं कृषि विद्युत संबंध प्रदान किया जा रहा है। साथ ही आरडीएसएस परियोजना के फीडर पृथ्क्करण अवयव के अन्तर्गत भी कृषि कार्य हेतु विद्युत संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की किसानों को पटवन कार्य के लिए निःशुल्क कृषि विद्युत संबंध प्रदान करने हेतु 10 से 28 फरवरी तक पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर शिविर आयोजित करने का निर्णय मुख्यालय द्वारा लिया गया है। उक्त आवेदक नये कृषि कनेक्शन हेतु सुविधा एप व आयोजित शिविर के माध्यम से अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली उपलब्ध कराए जाने को लेकर विद्युत कंपनी प्रतिबद्ध है। किसानों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर निकटवर्ती पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की मंशा के तहत पूरे महीने पंचायतवार विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर मे कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ता अपने घरेलू परिसर में सौर उर्जा का लाभ लेने हेतु सोलर प्लेट लगाये जाने से संबंधित पूर्ण प्रक्रिया एवं जानकारी उक्त शिविर में प्राप्त कर सकते हैं। उक्त के आलोक मे शिविर का आयोजन पंचायत स्तर पर रोस्टर तैयार कर एवं प्रखंड स्तर पर प्रतिदिन आयोजित की जाएगी।

# शाहाबाद को प्रमंडल का दर्जा देना होगा - अखिलेश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**◆ चार जिला के साथ नाइंसाफी का लगाया आरोप**

**सासाराम (रोहतास)-** आजादी के बाद बिहार में जिसकी भी सरकारें बनी, किसी ने शाहाबाद प्रक्षेत्र के साथ इंसाफ नहीं किया। लेकिन अब समय आ गया है कि इस प्रक्षेत्र को कमिश्नरी का दर्जा देते हुए न्याय किया जाए। उक्त बातें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने सोमवार को यहां समाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मापदंड को पूरा करने के बावजूद शाहाबाद प्रक्षेत्र को अभी तक प्रमंडल का दर्जा नहीं मिलना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है, इसको लेकर शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति ने अभिनय व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया है ताकि सरकार करीब सवा करोड़ आबादी के भावनाओं का ख्याल रखते हुए न्याय करे।

प्रथम चरण में बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा शाहाबाद के सभी विधानसभा एंव विधानसभा परिषद सदस्यों को पत्र दिया जा रहा है। साथ हीं इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र के दौरान सदन में उठाने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी के दौरान वर्तमान बिहार में कुल 11 जिला था जिसमें 9 जिला प्रमंडल बन चुका है। जबकि शाहाबाद को नजरंदाज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के भागलपुर और कोसी इन दोनों प्रमंडलों से अधिक आबादी तथा क्षेत्रफल अकेले शाहाबाद है। कोसी तीन तथा भागलपुर मात्र दो जिला मिलकर प्रमंडल बना है जबकि शाहाबाद में रोहतास भोजपुर बक्सर तथा कैमूर चार जिला अवस्थित है। चार चार सांसद देने वाले इस को प्रमंडल का दर्जा नहीं मिलने से प्रमंडल स्तरीय योजनाओं से वंचित करते हुए इसका पुरा लाभ केवल पटना तथा नालंदा जिले को दे दिया जाता है। अखिलेश कुमार ने कहा कि यहां का बोलचाल भाषा और खान-पान पटना प्रमुख के शेष भाग पटना नालंदा से अलग है। वहीं नौहट्टा अधौरा चैनपुर चांद जैसे क्षेत्र के लोगों वर्तमान प्रमंडल मुख्यालय पहुंचने के लिए 250 किलोमीटर तक दूरी तय करने को मजबुर होना पड़ता है।

अखिलेश कुमार ने कहा कि शाहाबाद 22 में से 19 विधायक सरकार के साथ हैं। इसी तरह स्थानीय निकाय चुनाव, स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सभी विधान परिषद सदस्य भी सत्ता पक्ष के हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार विकास को लेकर काफी सक्रिय है। ऐसे में शाहाबाद प्रमंडल का दर्जा प्राप्त करने का अनुकूल समय है और इसके लिए दलगत भावनाओं से उपर उठकर यहां के जनप्रतिनिधियों को सामूहिक प्रयास करना होगा। इस दौरान हरिचरण कुशवाहा, प्रो श्रीनिवास सिंह यादव,मो.अय्यूब खान, प्रबीण सिंह, विनोद कुमार सिंह आदि समाजिक सरोकार से जुड़े लोग भी उपस्थित थे।

## वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय संस्थापक सचिव के धर्मपत्नी की मनी 5वीं पुण्यतिथि

**नारी की लड़ाई लड़ने वाली एक सशक्त महिला थी पार्वती : सिद्धनाथ**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सोमवार को नगर परिषद,बिक्रमगंज के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय एवं वीर कुंवर राजबहादुर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर के संस्थापक सह सचिव शिक्षाविद स्व.राज बहादुर सिंह के धर्मपत्नी स्व. पार्वती देवी की 5वीं पुण्यतिथि मनायी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व उनके पुत्र पूर्व चेयरमैन सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह ने की। मौके उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों सहित आमजन ने स्व.पार्वती देवी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

उक्त मौके पर सीनेट सदस्य सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने भी अपने पूर्वज स्वरूप दादी मां के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित उन्हें नम आंखों से नमन कर याद किया। पुण्यतिथि समारोह में सैकड़ों गरीब व असहाय वृद्ध महिला और पुरुषों के बीच कंबल वितरण के साथ उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय भूमिदाता के पुत्र व्यापार मंडल सिद्धनाथ सिंह ने अपनी मां के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनकी मां समाज में नारी सशक्तिकरण की एक मिसाल थी। जो हर वर्ग की महिलाओं के दुःख-सुख की साथी बन मदद करते हुए उनके लिए इंसाफ की लड़ाई भी लड़ती थी। जिनके सराहनीय कार्य की चर्चा आज भी महिलाओं के जुंबा पर है। जबकि डॉ. मनीष ने बताया कि उनकी दादी पूरे जिले में सामाजिक कार्य के साथ के महिलाओं में नारी सशक्तिकरण की अलख जगानी वाली एक सशक्त महिला के रूप में जानी जाती थी। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, अभय सिंह, नरेंद्र सिंह, विवेक कुशवाहा, अजीत कुमार, कुमार विवेक, मंटू चौधरी,शशि कुमार, रंजीत कुमार,बिहारी सिंह आलोक पासवान,चंद्रेश्वर पांडे, दशरथ कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति थे।

## सैनिक विजेंद्र कुमार की असामयिक मौत पर गांव में शोक की लहर





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास।** नान्हों गांव निवासी 36 वर्षीय सैनिक विजेंद्र कुमार की असामयिक मौत पर गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई । मृत सैनिक के पिता गुरुचरण सिंह व परिजनों के अनुसार बताया जाता है कि 9 फरवरी रविवार को दोपहर में सूचना मिली कि आरा में विजेंद्र कुमार की मौत हो गई है । मौत की खबर सुन परिजन आरा पहुंचे तो मौत का मामला सही पाया गया । घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सैनिक विजेंद्र कुमार रविवार की सुबह कलकत्ता से आरा पहुंचा था । आरा में ही अचानक मौत हो जाने की बात बताई गई । मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया । मृतक के पिता गुरुचरण सिंह ने बताया कि मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है । बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि मौत कैसे हुई है । बताया गया कि बच्चों को पढ़ने के लिए आरा में भाड़े के मकान में रहते थे । सैनिक प.बंगाल के कलकत्ता में 07 आर्मी बेस कैंप कनकीनारा में कार्यरत था। मौत के बाद खबर सुनकर आर्मी के सूबेदार एसके मिश्रा प्लाटून जेसीओ व प्लाटून हवलदार मुन्ना कुमार सिंह मृत सैनिक के पैतृक घर नान्हों पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया ।

## संक्षिप्त समाचार

### शेखपुरा से बांका और पंजवारा तक एनएच 333ए सात मीटर चौड़ा होगा

**भागलपुर**। शेखपुरा से शुरू होकर सिकंदरा, जमुई, झाझा, बांका व पंजवारा आने वाले एनएच-333ए को सात मीटर चौड़ा किया जाना है। अभी ये सड़क पांच मीटर चौड़ी है। इससे वाहन सवारों को दिक्कत होती है। इसी के साथ कई जगह सड़क क्षतिग्रस्त भी है। जो मेंटेनेंस के बाद भी वाहनों के दबाव के कारण बार-बार खराब हो जा रही है। इस हाइवे को नए सिरे से बनाने के लिए एनएच कार्यालय सड़क किनारे लगे बिजली के पोल को हटाएगा। कार्यालय से मुख्य अभियंता को पत्र लिखा गया है कि बिजली कंपनी से संपर्क कर जल्द बिजली के पोल की गिनती कराई जाए। 166 किमी लंबे इस हाईवे पर दोनों तरफ बिजली के पोल हैं। जिन्हें हटाया जाना है। इसी के साथ सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए भी पत्र लिखा गया है। एनएच के अभियंताओं ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए सर्वे किया जाना है। पोल हटाने के लिए भी सर्वे कर इस्टीमेट तैयार होगा। बरियारपुर से देवघर जाने वाले एनएच 333 को फोरलेन किया जाना है। 141 किमी लंबे फोरलेन के लिए मुंगेर के खड़गपुर, गंगटा जंगल (भीमबांध वाइल्डलाइफ सैंचुरी), गिद्धौर, सोनो व चकाई में नया बायपास बनाने का काम होना है। नए बायपास व फोरलेन सड़क के लिए 45 मीटर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। बायपास बनने के बाद एनएच-333 की लंबाई 10 किमी बढ़ जाएगी। एफपी इंडिया प्रोजेक्ट्स लि. कंसल्टेंसी एजेंसी ने तैयार की है। डीपीआर के अनुसार बरियारपुर से शुरू होने वाले एनएच 333 को देवघर तक 141 किमी में फोरलेन किया जाएगा। पूरी सड़क को 20-22 मीटर चौड़ा किया जाएगा। फोरलेन होने के बाद पूरी सड़क की लंबाई 151 किमी बढ़ जाएगी। ये फोरलेन 57 किमी में ग्रीनफील्ड किया जाएगा।

### भागवत कथा को लेकर से निकली कलश यात्रा, 14 तक होगी कथा

**बांका**। बांका के देशड़ा गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर रविवार को भव्य और श्रद्धामय कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा रविवार की दोपहर 1 बजे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरंभ हुई। कलश शोभायात्रा के साथ ही पूरे गांव में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। महिलाओं के साथ-साथ पुरुष, युवा और बच्चे भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों से गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा हरि बोल और जय श्रीकृष्ण के जयघोष लगाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।कलश शोभायात्रा भागवत कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए चांदन नदी तट तक पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं और कलश यात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। चांदन नदी तट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र जल से कलश भरे। इसके पश्चात कलशों को लेकर श्रद्धालु पुनः कथा स्थल पर पहुंचे, जहां कलश की स्थापना की गई। आयोजकों के अनुसार कलश शोभायात्रा के साथ ही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हो गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 14 फरवरी तक किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन कथा वाचक द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र, रासलीला सहित अन्य धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन का आयोजन भी होगा। कथा आयोजन को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### विजयनगर दुर्गा मंदिर परिसर में शोक सभा का आयोजन

**बांका**| दुर्गा मंदिर परिसर विजय नगर बांका में स्वर्गीय हीरालाल मिश्रा का शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता सच्चिदानंद तिवारी ने की। यह शोक सभा मंदिर समिति एवं बम भोला नॉटी कला परिषद के कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जिसमें विनोद नारायण सिंह, देवेंद्र प्रसाद चौधरी, श्यामा कांत झा, महेश मिश्रा, विनोद साह, अर्जुन साह, उदय कांत झा, जय शंकर रावत, विनय कुमार, शिव शंकर यादव, शंभू मंडल, सदानंद मिश्रा, राज किशोर मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जिला फुटबॉल संघ बांका के अध्यक्ष बने उधयन सिंह, 22 को सीनियर लीग


**बांका**। जिला फुटबॉल संघ बांका द्वारा रविवार को दोपहर 12 बजे केआर मिशन स्कूल, बांका परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में जिले में फुटबॉल खेल के विकास, संगठनात्मक मजबूती और आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से उधयन सिंह को जिला फुटबॉल संघ बांका का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। नव-निर्वाचित अध्यक्ष उधयन सिंह ने सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे जिले में फुटबॉल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।बैठक में आगामी खेल गतिविधियों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि सीनियर फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 22 फरवरी 2026 को आरएमके इंटर स्कूल के खेल मैदान में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों की सुविधाओं, मैदान की व्यवस्था और रेफरी व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजीव सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह तथा प्रवक्ता सिकंदर यादव समेत अन्य सदस्य थे। सभी ने जिले में फुटबॉल को लोकप्रिय बनाने, युवाओं को खेल से जोड़ने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### पूर्व कुलपति ने पुस्तक का किया लोकार्पण

**बांका**। सफाली युवा क्लब सराय भागलपुर में कार्यक्रम आयोजित कर जय प्रकाश विवि छपरा के पूर्व कुलपति डॉ. फारूक अली, पूर्व प्राचार्य नवयुग सह समाजसेवी डॉ प्रकाशचंद गुप्ता, पूर्व पीजी हेड मुंगेर प्रो. डॉ किरण माला वर्मा, डा. अजहरुद्दीन, प्रो. डा. शाहिद रजमी मुंगेर विश्वविद्यालय, पूर्व प्राचार्या मुस्लिम हाई स्कूल डा. सबीहा फ़ैज़, लेखक जीव विज्ञान शिक्षक सह जिला पर्यावरण विशेषज्ञ व भारतीय रेडक्रास सोसायटी बांका जिला इकाई प्रबंध कमेटी सदस्य डा. प्रवीण कुमार प्रणव के द्वारा लिखित पुस्तक का लोकार्पण किया गया। विमोचन करते हुए पूर्व कुलपति प्रो. डा. फारूक अली ने कहा कि एसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका में प्रवीण कुमार प्रणव शिक्षक हैं। टीएनबी महाविद्यालय भागलपुर के जन्तु विज्ञान विभाग के पूर्ववर्ती छात्र रह चुके हैं। सफाली युवा क्लब से भी दो दशक पूर्व से जुड़े हुए हैं। ब्लड ग्रुप पुस्तक लिखकर अपने शिक्षकों का मान बढ़ाया है। फारूक अली ने ब्लड ग्रुप से संबंधित वैज्ञानिक खोज को विस्तार पूर्वक जानकारी अपने संबोधन में दिए। डा. प्रकाश चन्द्र गुप्ता ने बताए कि बहुत अच्छी किताब है। कुछ तो उलट-पलटकर पढ़कर देखा। इसके लिए लेखक डा. प्रवीण कुमार प्रणव को बहुत बहुत शुभकामनाएं। मौके पर दर्जनों शिक्षाविद् और पाठकगण मौजूद थे।

# 'हार्टअटैक नहीं, कार्डियक अरेस्ट है युवाओं की मौत की वजह'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



बेगूसराय। कोरोना महामारी के बाद से देश में युवाओं की अचानक मौत की खबरें डराने वाली है। जिम में कसरत करते हुए, शादी में नाचते हुए या बस चलते-फिरते युवाओं को अचानक गिरते और दम तोड़ते देखा गया है। इन घटनाओं को अक्सर हार्ट अटैक का नाम दिया जाता है। लेकिन जाने-माने हार्ट सर्जन डॉ. धीरज शांडिल्य ने इस पर एक बड़ा खुलासा किया है। डॉ. धीरज शांडिल्य के अनुसार युवाओं में हो रही इन अचानक मौतों की मुख्य वजह हार्ट अटैक नहीं, बल्कि कार्डियक अरेस्ट है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के बुनियादी फर्क समझना जरूरी है। दो अलग-अलग स्थितियां हैं, जिन्हें लोग अक्सर एक ही समझ लेते हैं। हार्ट अटैक तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों तक रक्त पहुंचाने वाली नली में रुकावट(ब्लॉकेज) आ जाती है। जब किसी नली में खून का थक्का (प्लाक) जम जाता है, तो हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन और खून नहीं मिल पाता। इससे मांसपेशियां क्षतिग्रस्त होने लगती है और हृदय पंप करना बंद कर देता है। जबकि कार्डियक अरेस्ट में हृदय अचानक धड़कना बंद कर देता है। यह अक्सर हृदय की विद्युत प्रणाली (electrical system) में खराबी के कारण होता है। कोविड के बाद युवाओं में यही स्थिति अधिक देखी जा रही है। कोविड के कारण हृदय की मांसपेशियों में सूजन (Inflammation) आ गई है। इसे मेडिकल भाषा में मायोकार्डिटिस भी कहा जा सकता है।

**सडन कार्डियक अरेस्टः** डॉ. शांडिल्य के अनुसार कोविड संक्रमण के बाद कई लोगों के हृदय की मांसपेशियों में सूक्ष्म स्तर पर बदलाव आए हैं। हृदय की मांसपेशियों में होने वाली इस सूजन के कारण उनकी सिकुड़ने और फैलने की क्षमता प्रभावित हुई है। नतीजतन, हृदय अचानक काम करना बंद कर देता है, जिसे 'सडन कार्डियक अरेस्ट' कहा जाता है। इस सूजन के कारण हृदय की मांसपेशियों के सिकुड़ने और फैलने की क्षमता आणविक स्तर (molecular level) पर प्रभावित हुई है। जब हृदय की मांसपेशियां सही ढंग से प्रतिक्रिया नहीं दे पाती तो हृदय धड़कने के बजाय स्थिर हो जाता है। इसी स्थिति को कार्डियक अरेस्ट कहते हैं।

**तीन जांच खोल देगा हृदय का राजः** सही समय पर जांच से अचानक होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है। इसके लिए तीन प्रमुख टेस्ट है जो संभावित खतरे का समय रहते पता लगाने में मदद कर सकती है। ट्रोपोनिन आई (Troponin I)- एक ब्लड टेस्ट है जो हृदय की मांसपेशियों को होने वाले सूक्ष्म नुकसान का पता लगाता है। एचएस-सीआरपी (HS-CRP)- शरीर और हृदय में होने वाली सूजन (Inflammation) के स्तर को माप कर पता लगाने में सहायक है। कार्डियक एमआरआई (Cardiac MRI)- सबसे संवेदनशील और प्रभावी जांच है। यह हृदय की मांसपेशियों की सूजन को शुरुआती चरणों में ही पहचानने में सक्षम है।

**बचाव का इकोस्पिरिन फॉर्मूलाः** डॉ. धीरज शांडिल्य ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को सूजन या हृदय संबंधी समस्या का पता चलता है, तो डॉक्टर की सलाह पर लो-डोज इकोस्पिरिन (Ecosprin) शुरू की जा सकती है।

## कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर सिविल कोर्ट को 11 दिन के अंदर दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरे मेल में लिखा है कि जज के चैंबर और वॉशरूम में RDX रखे हैं। रिमोट से ब्लास्ट करेंगे। इससे पहले 28 जनवरी को भी इसी तरह का मेल भेजा गया था। धमकी मिलने के बाद कोर्ट परिसर को खाली कराया गया है। वकील और जज अपने चैंबर से बाहर निकल गए हैं। सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट को बंद कर दिया गया है। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है। मौके पर बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौजूद हैं।

**फिलहाल विस्फोटक होने की जानकारीः** कैंपस में हर कोने की गहन जांच की जा रही है। हालांकि किसी तरह के विस्फोटक होने की जानकारी अभी तक नहीं मिली है। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**सख्त कार्रवाई की मांगः** इस तरह बार-बार मिल रही धमकियों से अधिवक्ताओं में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। जिला कोर्ट के वकील अंजनी दुबे ने कहा कि 28 जनवरी को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, लेकिन उस मामले में सख्त और ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी का नतीजा है कि अपराधी दोबारा माननीय न्यायालय को चुनौती दे रहे हैं। ई-मेल भेजने वाले की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाए और ऐसी घटनाओं पर स्थायी रोक लगे।

## विधानसभा में पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर विधायक ने खड़े किए सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया**। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर फारबिसगंज कांग्रेस विधायक मनोज विश्वास ने सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान मुद्दा उठाया। विधायक श्री विश्वास ने सदन के माध्यम से सरकार की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए इसे अन्याय पूर्ण बताया। विधायक मनोज विश्वास ने कहा कि 31 वर्ष पुराने मामले में जिस प्रकार से सरकार सांसद पप्पू यादव को घसीटने का काम कर रही है, वह पूरी तरह मनुवादी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित प्रतीत होती है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। विधायक श्री विश्वास ने न्यायालय पर पूर्ण भरोसा जताते हुए कहा कि सांसद पप्पू यादव को न्याय मिलेगा और उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाने वाले नेताओं को इस तरह से प्रताड़ित करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इधर, फारबिसगंज विधायक द्वारा पप्पू यादव की गिरफ्तारी का मुद्दा सदन में उठाने पर छात्र संघ अध्यक्ष शेख तालिब एवं युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने विधायक मनोज विश्वास के प्रति आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालों में छात्र संघ अध्यक्ष शेख तालिब, युवा शक्ति जिला अध्यक्ष नन्हे सम्राट, टींकू मंडल, आईटी सेल सहसंयोजक दीपक दिलवर, सरफराज खान, आफताब आलम, इब्राहिम अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

## दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**मुंगेर**। मुंगेर के पोलो मैदान में सोमवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अपर समाहर्ता मनोज कुमार और जिला खेल पदाधिकारी कमल किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में एडीएम मनोज कुमार ने आंखों पर पट्टी बांधकर दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ बैट-बॉल खेला। इस पहल से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा। एडीएम मनोज कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों के उत्थान और प्रोत्साहन के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अब 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना में दिव्यांग खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे निराश न हों और अपनी रुचि के खेल में निरंतर अभ्यास कर आगे बढ़ें।

**प्रमंडल स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगेः** जिला खेल पदाधिकारी कमल किशोर ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी 11 फरवरी को होने वाली प्रमंडल स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रमंडल स्तर पर सफल होने वाले खिलाड़ी 14 और 15 फरवरी को पटना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी मिलते हैं।

**दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अत्यंत लाभकारीः** 100 मीटर दौड़ की ब्लाइंड कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली खिलाड़ी सोनाक्षी ने इन प्रतियोगिताओं को दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि जिला से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बिहार सरकार द्वारा नौकरी भी दी जाती है। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के तहत शारीरिक दिव्यांग, मंदबुद्धि और दृष्टिहीन बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्रिकेट और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में दृष्टिबाधित खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

## डायमंड क्लब के कैरम बोर्ड टूर्नामेंट का शुभारंभ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। फारबिसगंज जुम्मन चौक पर डायमंड क्लब की ओर से सात दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता में कुल सोलह खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं,जिसमें नॉक आउट सिस्टम के आधार पर चयनित खिलाड़ी क्वार्टर,सेमीफाइनल और फाइनल में भिड़ेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजद नेता बेलाल अली एवं मटियारी पंचायत के सरपंच शमसेर आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में फिरोज ने तजिम को हराया तो वहीं दूसरे मुकाबले में रॉकी ने शौकत को हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली। मौके पर मुख्य अतिथि बेलाल अली ने कहा कि खेल से जुड़े रहने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा खिलाड़ियों का मानसिक विकास भी होता है।खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए समय समय पर इस तरह का आयोजन होना चाहिए। आयोजन समिति सदस्य नौशाद आलम, जफर आलम, परवेज आलम, हुसैन सिद्दीकी, नाजिम रहमानी, मरगुब कयाम हैं।

## पुलिस ने बस में छापेमारी कर 16 किलो गांजा के साथ दो को किया गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


**अररिया**। एसएसबी 56वीं बटालियन और बथनाहा थाना पुलिस ने सोमवार को बनेलीपट्टी से पूर्णिया जाने वाली सुपर हमसफर बस में छापेमारी कर सोलह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों तस्कर मुंगेर जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर मरर टोला के रहने वाले हैं। गिरफ्तार तस्करों में एक 23 साल का प्रिंस कुमार पिता शम्भू यादव और दूसरा 22 वर्षीय गुलशन कुमार पिता रामबदन यादव है। एसएसबी और पुलिस ने मिले गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की। दोनों गिरफ्तार युवक अपने अपने बैग में गांजा को रखे हुए था। कागजी कार्रवाई के बाद एसएसबी ने गिरफ्तार दोनों तस्करों और गांजा को बथनाहा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया जिसके बाद बथनाहा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### जोगबनी में एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 140 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**अररिया**। बिहार में भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी थाना पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त छापेमारी में 140 किलो गांजा जब्त किया गया। मामले में पुलिस और एसएसबी ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। एसएसबी और पुलिस का यह ज्वाइंट ऑपरेशन गुप्त सूचना पर रविवार शाम को कोचकमा घुसकीपटी के पास हुई। नेपाल से भारत लाते समय कार्रवाई करते हुए एसएसबी और पुलिस ने 140 किलो गांजा के साथ आरोपी तस्कर को पकड़ा। एसएसबी ने कागजी कार्रवाई करते हुए जब्त गांजा और तस्कर को जोगबनी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# 15.71 करोड़ का अवैध बालू धंधा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में अवैध बालू का कारोबार हो रहा है। जिसका कनेक्शन बांका से जुड़ा है। बांका के रजौन में 3 बालू घाट हैं। जहां बालू का अवैध खनन होता है, जिसमें 300 ट्रैक्टर लगे हैं। ये अवैध धंधा करीब 15.71 करोड़ रुपए का है। इसमें सभी का पैसा बंटा है। एक दिन में थाने की कमाई 10 लाख रुपए तक है। पुलिस इसमें डायरेक्ट वसूली नहीं करती है। थाने को पैसा दलाल लाकर देते हैं। जिसके बाद थाना मैनेज हो जाता है। इसके अलावा मजदूरों का भी इसमें हिस्सा बंटा है। जो बालू को लोड करते हैं। ये खुलासा तब हुआ जब स्थानीय मदन कुमार समेत 6 लोगों ने डीजीपी विनय कुमार से मामले की शिकायत 28 जनवरी को की थी। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई और 4 फरवरी को 24 ट्रैक्टर जब्त किया था, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पुलिस के एक्शन के बाद भी आजतक अवैध धंधा बंद नहीं हुआ है, खनन जारी है। सबसे पहले जानें बालू घाट पर क्या होता है रजौन की तीन बालू (डरपा, सैदपुर और डवान) पर ट्रैक्टर जाते हैं। वहां ट्रैक्टर पर बालू लोड होता है। एक ट्रैक्टर पर एक बार में 150 किलो (सेफ्टी) बालू लादा जाता है। घाट पर भी सभी के रुपए बंटे हैं। बालू लोड करने वाला मजदूर 600 रुपए लेता है। घाट पर एक रंगबाज भी होता है, जो 200 रुपए लेता है। घाट पर अवैध खनन चलता रहे इसके लिए घाट पर मौजूद पुलिस के आदमी को भी 500 रुपए दिए जाते हैं। ये सब प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से लिए जाते हैं।

**पहला जगदीशपुर होते हुएः** पहला रास्ता है जगदीशपुर होते हुए भागलपुर का। ये रूट करीब 15 किमी का है। इस रास्ते में सिर्फ जगदीशपुर थाने को मैनेज करना पड़ता है। यहां का दलाल हीरा यादव और निखिल है। जो थाने को मैनेज करने के लिए हर टैक्टर से 1200 रुपए लेता है। इसमें 1100 रुपए थाने को देने पड़ते हैं और दलाल खुद 100 रुपए रख लेता है। इस रूट से हर दिन 100 ट्रैक्टर गुजरते हैं। 1200 प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से 1.20 लाख रुपए की वसूली होती है। जिसमें हर दिन 1.10 लाख रुपए सिर्फ थाना रखता है।

**दूसरा रास्ता 40 किमी का हैः** दूसरा रास्ता 40 किमी वाला है। इस रूट में 4 थाने मैनेज करने होते हैं। पहला रजौन थान जो घाट पर ही मैनेज हो जाता है। इसके बाद बालू लदा ट्रैक्टर नवादा थाना क्षेत्र में घुसता है। यहां पुलिस को मैनेज करने के लिए अक्षय कुमार नाम का दलाल है। जो प्रति ट्रैक्टर हर महीने 6000 रुपए लेता है। इसमें 5000 रुपए थाने को जाता है। बाकी 1000 हजार रुपए दलाल खुद रखता है। इसके बाद गोराहीड थाना क्षेत्र आता है। यहां दलाल भूखन चौधरी है। यहां भी 6000 रुपए रेट फिक्स है। इसके बाद लोदीपुर थाने को मैनेज करना होता है। इसके लिए थाने का चालक बीरू यादव है। यहां भी मंथली 6000 रुपए तय है। 5 हजार थाने को जाता है। आगे जाने पर सबौर थाना पड़ता है। यहां यादव जी नाम का शख्स दलाल है। यहां महीने के 3000 देने होते हैं। 2 हजार थाने को जाते हैं। 1 हजार दलाल लेता है। इसके आलावा रास्ते में गश्ती गाड़ी को भी 100 रुपए देने होते हैं।

**10 लाख रुपए थाने की हो रही कमाईः** 40 किमी वाले रूट से हर दिन 200 ट्रैक्टर गुजरते हैं। हर एक ट्रैक्टर से महीने में 3 थानों को 5000-5000 रुपए मिलते हैं। इस हिसाब से महीने में एक थाने की कमाई 10 लाख रुपए हो जाती है।

### पीट-पीटकर बुजुर्ग की हत्या

**भागलपुर**। भागलपुर में एक बुजुर्ग मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। गांव में 2 पक्षों के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने गए थे। मृतक की पहचान मनोज कुमार सिंह(62) के तौर पर हुई है। घटना शाहकुंड थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव की है। लाठी-डंडे से हमला किया: मृतक की बेटी कौशल्या देवी ने बताया कि 26 जनवरी को गांव के चांदनी चौक पर दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। उनके पिता मनोज कुमार सिंह ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, ताकि मामला शांत हो सके। लेकिन लोगों उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मुकेश यादव सहित अन्य लोगों ने बेरहमी से पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए मायागंज में एडमिट कराया। जहां सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद भी जान नहीं बची। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है: इस संबंध में शाहकुंड थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इलाज के दौरान पीड़ित की मौत हो जाने के बाद अब मामले को हत्या की धारा में बदल दिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना सं०- CWMPD-04-2025-26**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रुप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा बंद होने की तिथि- 06-03-2026 (1) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** प्लांट डिपो, डीडीयू में पुराने क्षतिग्रस्त स्टील मोल्डिंग शेड का नवीनीकरण, समस्त कर्मचारियों के लिए बहुउद्देशीय परिसर अर्थात शौचालय, चेंजिंग रूम आदि का निर्माण एवं वर्तमान में मौजूदा परिसंपत्तियों के लिए स्थान निर्माण का कार्य **(2) कार्य का अनुमानित लागतः** रू० 3,52,01,247.07 **(3) जमानत राशिः** रू० 3,26,000.00 **(4) ई-निविदा बंद होने की तिथि एंव समयः** 06.03.2026, 12:00 बजे **(5) वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः www.ireps.gov.in**

**मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बी०डब्ल्यू०**
**प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/1752/प्लान्ट डिपो, डीडीयू/प्लान्ट डिपो/टी/25-26/28

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-405, दिनांक 05.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मो/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः (I)** ''2025-26 के एम एंड पी कार्यक्रम में पीसीएमई पावर में विवेचित धुलियानगंगा, बड़हरवा और जमालपुर में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी)'' के संबंध में विद्युत कार्य। **(II)** ''मालदा में शेड के साथ सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेद मशीन की साइट में विद्युत आपूर्ति का प्रावधान''। **निविदा मूल्यः** रु. 10,69,135.78, **बयाना राशिः** रु. 21,400/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 13.02.2026 से 27.02.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पटः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-317/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक और थानाध्यक्षों से मवेशी चोरी रोकने का आग्रह

**आरा।** पीरो प्रखंड में मवेशी चोरी की घटनाएं बहुत बढ़ गई है। इसलिए पुलिस अधीक्षक और स्थानीय थानों की पुलिस से मवेशी चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग करता हूं। कुछ माह के अंदर पीरो प्रखंड के चार-पांच गांवों में चोरों का गैंग गाड़ियों से आकर चोरी कर रहा है। खासकर भैंसों की चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। क्योंकि भैंसों की कीमत काफी अधिक होती है। मवेशियों की चोरी होने के बाद पशुपालकों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो जाती है। क्योंकि गांवों में मवेशी पालन का काम अधिकांशतः गरीब लोग करते हैं। जिनका पूरा परिवार पशुपालन और दूध व्यवसाय पर निर्भर रहता है। कई पशुपालक बैंकों से लोन लेकर मवेशी खरीदते हैं। मवेशियों की चोरी होने के बाद उनके समक्ष रोजी रोजगार का दूसरा साधन नहीं रह जाता है। उन्हें फिर किसी से कर्ज लेकर मवेशी खरीदना पड़ता है। इसलिए पुलिस अधीक्षक और सभी थानों से आग्रह है कि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने का काम करें।

### सदर अस्पताल की पुरानी रोड पर गंदगी व जलजमाव से परेशानी

**आरा।** सदर अस्पताल में जलजमाव एवं गंदगी का अंबार रहता है। नालियों की गंदे पानी की निकासी सबसे बड़ी समस्या है। जिसके कारण पश्चिमी छोर यानी सड़क का बुरा हाल है। पैदल आने वाले मरीजों को काफी परेशानी होती है। मुख्य गेट से नहीं जाकर मरीज पोस्टमार्टम रोड से जाते हैं। पुराने भवन के समय जिस नाले की ऊंचाई और ढ़लान के अनुसार जलनिकासी की व्यवस्था थी। नया निर्माण में उसे पुरी तरह अनदेखा कर दिया गया। ड्रेनेज सिस्टम का सही भौगोलिक और तकनीकी निरीक्षण नहीं किया गया। जिससे वर्षा के दौरान नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं। पानी अस्पताल में घुस जाता है। निर्माण कार्य के दौरान ड्रेनेज डिजाइन में कई बार बदलाव किया गया। लेकिन कोई प्रभावी तकनीक जांच नहीं कराई गयी। बाद में जलनिकासी के नाम पर बनाए गए सोख्ता भी पूरी तरह बेअसर साबित हुई।करोड़ों रुपया खर्चा होने के बावजूद समस्या जब की तस बनी हुई है। इस अस्पताल को आईओसी का प्रमाणपत्र सरकार ने दिया है। लेकिन समस्याओं पर ख्याल नहीं रखा गया है। केवल मुख्य गेट के अंदर साफ-सुथरा करके चमकाने का काम किया गया है। पुरानी रोड को लापरवाही मे छोड़ दिया गया है।

### सरकार टीवी व मोबाइल फोन के कंटेंट को नियंत्रित करें

**आरा।** सरकार को टीवी और मोबाइल फोन के कंटेंट को नियंत्रित करना चाहिए। क्योंकि बढ़ती महानगरीय जीवन-शैली के कारण माता-पिता अपने बच्चों को बहुत कम समय दें रहे हैं। समय के इस अभाव में बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को परिवार में समुचित संरक्षण, सही मार्गदर्शन, सामाजिक और व्यवहारिक ज्ञान नहीं मिलता है। इससे बच्चों और किशोर-किशोरियों के आचार-विचार पर कई कुप्रभाव पड़ता है। बच्चों के पास जो समय बचता है, वह घर में टीवी यि मोबाइल फोन पर गुजरता है। परिवार में आजकल ये अकेले पड़ रहे हैं। जिस समय इनको माता-पिता के वात्सल्य और दादा-दादी की कथा कहानियों की आवश्यकता होती है, उन्हें टीवी/मोबाइल फोन पकड़ा दिया जाता है। टीवी/मोबाइल का काल्पनिक कथा चित्र बालमन और किशोर-किशोरियों को भटका रहा है।क्योंकि बालमन कल्पना और यथार्थ का अंतर नहीं समझ पाता है। इससे वे कई बार उद्दंड जैसा व्यवहार करने लगते हैं। इस कारण में कई बार गलत काम करने लगते हैं। नशाखोरी, अपराध और अश्लीलता के तरफ झुकाव होता है। इसका अक्सर उदाहरण देखने और पढ़ने को मिल रहा है। इसलिए बच्चों और किशोर-किशोरियों को खराब आदतों से बचाने के लिए सर्वप्रथम परिवार में ही मनोवैज्ञानिक संरक्षण की जरूरत है।

### फाउंडेशन स्कूल के रिशु कुमार ने बिहार के लिए जीता स्वर्ण पदक

**बक्सर।** फाउंडेशन स्कूल के लिए गौरव का क्षण है कि विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र रिशु कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 100 मीटर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बिहार राज्य, अपने जिले, माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जहां रिशु कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिशु कुमार का चयन पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर 100 मीटर एथलीट के रूप में हुआ था। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं खेल शिक्षकों ने बताया कि रिशु इस वर्ष आयोजित विद्यालय के खेलकूद समारोह में भी 'स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर' का सम्मान प्राप्त कर चुका है। प्रधानाचार्य मनोज त्रिगुण ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है, जिसमें शिक्षकों का मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गर्व की बात यह भी है कि इस शैक्षणिक वर्ष में फाउंडेशन स्कूल से यह पांचवां विद्यार्थी है जिसने बिहार की विभिन्न खेल टीमों का प्रतिनिधित्व किया है।

### वर्ल्ड होम्योपैथिक समिट में डॉ. हरेराम सम्मानित

**बक्सर।** कजाकिस्तान के अलमाटी शहर में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथिक समिट 2026 में बक्सर जिले के धनसोई निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. हरेराम सिंह को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान कैस्पियन यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल कॉलेज के डीन द्वारा उन्हें प्रदान किया गया।सम्मेलन में विभिन्न देशों से आए चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया, जहां होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विकास, नई शोध प्रवृत्तियों और वैश्विक स्तर पर इसके बढ़ते महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर डॉ हरेराम सिंह को सम्मानित किया जाना जिले के लिए गौरव की बात मानी जा रही है।

### छापेमारी अभियान में 33 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर।** जिले में बक्सर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर बक्सर पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में चलाए गए विशेष अभियान में 33 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास में 1, आर्म्स एक्ट में 1, शराब के सेवन में 7, शराब बरामदगी में 3 वारंट में 21 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 1.29 लाख रूपए जुर्माना वसूला है। बता दें कि एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। अपराधियों की नाक में नकेल कसने के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस को यह सफलता मिली है।

### 28 मार्च को गोपालगंज में भोजपुरी महाधिवेशन को लेकर बैठक

**आरा।** राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान ने रविवार को जीरो माइल के समीप बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शीलभद्र ने की। मुख्य उद्देश्य 28 मार्च से गोपालगंज में प्रस्तावित तीन दिवसीय भोजपुरी महाधिवेशन को सफल बनाने की तैयारी थी। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. शीलभद्र ने कहा कि भोजपुरी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान पूरी तरह संकल्पित है। इससे जुड़े बुद्धिजीवी, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता लगातार इस आंदोलन को मजबूती दे रहे हैं। गोपालगंज में होने वाला महाधिवेशन इस दिशा में निर्णायक साबित होगा। नथुनी पांडेय ने कहा कि भोजपुरी को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल किया जाना चाहिए। प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक भोजपुरी विषय की पढ़ाई अनिवार्य होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ी तो संस्थान आंदोलन, धरना और प्रदर्शन से भी पीछे नहीं हटेगा।

# आईटीबीपी जवान ने चचेरे भाई की गोली मारकर की हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**आरा।** भोजपुर में आईटीबीपी जवान ने अपने चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। सिर में बुलेट लगी है। वारदात के बाद पड़ोसियों पर फायरिंग करते हुए फरार हो गया। गोलीबारी में पास में काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए। घटनास्थल से एक खोखा मिला है। मृतक की पहचान बभनौली गांव के वार्ड-7 निवासी अंबिका तिवारी के पुत्र गणेश तिवारी(50) के तौर पर हुई है। पेशे से किसान थे। दिनदहाड़े इस वारदात के बाद सदर SDPO-1 राज कुमार साह, मुफस्सिल पुलिस, डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव की है।

**छुट्टी में घर आने पर धमकाते थेः** मृतक के बेटे गोलू ने बताया कि पापा मवेशियों को चारा देने के लिए घर के बाहर मशीन पर चारा काट रहे थे। पास में मेरी मां खड़ी थी। इस बीच उनके चचेरे चाचा ITBP जवान बसंत तिवारी उर्फ अभिषेक तिवारी(33) अवैध हथियार लेकर वहां पहुंचे। पापा को गोली मार दी। जब भी छुट्टी पर आते हैं तो कभी छत पर, कभी घर के बाहर फायरिंग करके धमकाते थे। कुछ दिन पहले मेरे आंगन के तरफ से अपना खिड़की खोल दिया था। जब हमलोगों ने इसका विरोध किया तो छत पर चढ़कर फायरिंग करने लगे थे। हमेशा लड़ाई का बहाना खोजते रहते थे। पापा को एक बार थप्पड़ भी मार दिया था। वो चाहते थे कि उसके डर से हमलोग घर छोड़कर चले जाए। जिस बात का डर था, आज वही हुआ ।

**पूरे गांव में आतंक का माहौल बना रखा हैः** ग्रामीण दीनानाथ तिवारी ने बताया कि आईटीबीपी जवान बसंत तिवारी सनकी लड़का है। बराबर दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग करता था। आज घर के पास ढलाई का काम चल रहा था। अचानक वो पहुंचा और फायरिंग करने लगा। मुझ पर भी फायरिंग की, लेकिन मैं बाल-बाल बच गया। मेरे घर के बाहर दीवार पर गोली के निशान हैं। जब से उसकी नौकरी लगी है तब से गांव में आतंक मचा रखा है। ये हथियार सप्लाई का भी काम करता है। नेपाल से हथियार लाकर गांव में बेचवाने का काम करता है। अपने पिता के साथ मिलकर गलत काम करता था। पूरे गांव के लोग उसके डर से दहशत में जीते हैं। उसका साथ देने वालों में ममेरा भाई भी शामिल है, बराबर गली में गोली चलाने का काम करता है। फायरिंग करने के बाद वह घर छोड़कर तुरंत फरार हो जाता है। मरने वाले गणेश तिवारी सज्जन इंसान थे। उनके जैसा गांव में हंसमुख इंसान दूसरा कोई नहीं है। उनके दिनदहाड़े हत्या से गांव में गुस्से का माहौल है।

**हरिद्वार में है आरोपी जवान की पोस्टिंगः** जानकारी के मुताबिक बसंत तिवारी उर्फ अभिषेक तिवारी की पोस्टिंग उत्तराखंड के हरिद्वार में थी। ढाई साल की एक बेटी है। पत्नी बबीता कुमारी प्रेग्नेंट हैं। डिलीवरी के लिए छुट्टी लेकर रविवार को घर आया था।

**गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही हैः** वहीं, मौके पर पहुंचे एसडीपीओ-1 राजकुमार साह ने बताया कि एक आईटीबीपी जवान ने अपने ही चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी है। दोनों पाटीदारों के बीच झगड़ा चल रहा था। हत्या के बाद गांव वालों की ओर से बताया गया कि दूसरे लोगों पर भी फायरिंग किया है।

## फंदे से लटका मिला आर्मी जवान का शव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** आरा में रविवार को फंदे से लटका हुआ आर्मी जवान का शव मिला है। शेयर बाजार में नुकसान से डिप्रेशन में था। जिसके चलते आत्महत्या की आशंका है। पत्नी ने भी आत्महत्या की बात कही है। मृतक की पहचान रोहतास जिले के नानो गांव निवासी गुरुचरण सिंह के पुत्र विजेंद्र कुमार(36) के तौर पर हुई। करीब 6 साल से नवादा थाना क्षेत्र के न्यू करमन टोला बस स्टैंड के पास किराए के घर में पत्नी और बच्चों के साथ रह रहे थे। वर्तमान में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 225 रेजीमेंट में पोस्टिंग थी। 10 दिन पहले ड्यूटी पर गए थे, लेकिन साली की शादी के कारण शनिवार को वापस घर आ गए थे।

**पैसे डूबने से डिप्रेशन में थाः** मिली जानकारी के मुताबिक शेयर बाजार में करीब दो लाख रुपए रुपए इन्वेस्ट किया था, जो डूब गया। इसी बात से डिप्रेशन में था। रविवार को कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे की कुंडी से फंदे के सहारे लटक गया। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पत्नी ने खिड़की से झांक कर देखा। शव कुंडी से लटका हुआ था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव फंदे से उतार लिया था।

♦ साली की शादी में छुट्टी पर घर आए थे, शेयर बाजार में नुकसान से डिप्रेशन में आत्महत्या की आशंका

**घर में मचा कोहरामः** मृतक तीन भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में पत्नी मनोरमा देवी और दो पुत्र रोहित कुमार, लक्ष्य कुमार है। पत्नी मनोरमा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है

## सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** आरा में सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत। गाड़ी से उतरकर रोड क्रॉस कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंदा दिया। मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया। मृतक की पहचान परैया थाना क्षेत्र के बुकनारी गांव निवासी पीतांबर यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव(40) के तौर पर हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित रीगल रिसोर्ट के पास की है।


♦ तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंदा, घटनास्थल पर तोड़ा दम, विरोध में एक घंटे तक रोड जाम

**पुलिस ने जाम खुलवायाः** करीब एक घंटे तक आक्रोशित लोगों ने रोड जाम रखा। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझकार जाम खुलवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**गिट्टी अनलोड कर लौट रहे थेः** मृतक के भाई संतोष कुमार ने बताया कि रोहतास जिले के डिहरी से ट्रेलर पर गिट्टी लोड करके मुजफ्फरपुर जा रहे थे। रास्ते में रिसोर्ट पर गाड़ी खड़ी करके शौचालय गए थे। रोड क्रॉस करते समय तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी, दो पुत्र सूरज, नीरज और एक बेटी अंजली है। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# राजस्थान खनन हादसे में बक्सर निवासी एक पोकलेन ऑपरेटर लापता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** राजस्थान के अलवर में हुए एक खनन हादसे में बक्सर निवासी एक पोकलेन ऑपरेटर लापता हो गया है। शुक्रवार शाम हुए इस हादसे के बाद से पिछले 72 घंटे से अधिक समय से बचाव अभियान जारी है, लेकिन अब तक ऑपरेटर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। यह घटना अलवर जिले के रामगढ़ क्षेत्र स्थित ओडेला गांव के एक निजी खनन क्षेत्र में हुई। खनन कार्य के दौरान अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। करीब 50 हजार टन पत्थर और मलबा सीधे नीचे काम कर रही पोकलेन मशीन पर आ गिरा। मलबे के भारी दबाव के कारण मशीन और उसका ऑपरेटर लगभग 100 फीट गहरी पानी से भरी खाई में जा गिरे।

**आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ेः** तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। सूचना मिलने पर प्रशासन मौके पर पहुंचा, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसी रात राहत कार्य शुरू नहीं हो सका। शनिवार सुबह से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) की टीमों ने संयुक्त रूप से खोज अभियान शुरू किया, जो लगातार जारी है।

**परिवार की जिम्मेदारी के लिए बाहर काम करने गए थेः** लापता पोकलेन ऑपरेटर की पहचान बक्सर जिले के निवासी रामानंद तिवारी (25) के रूप में हुई है। उनके भाई सदानंद तिवारी ने पुलिस को यह जानकारी दी है। रामानंद अपने तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और परिवार की जिम्मेदारी के लिए बाहर काम करने गए थे। घटना की खबर मिलने के बाद से परिवार में शोक का माहौल है।

**खनन संचालकों पर गंभीर आरोप लगाएः** परिजनों ने खनन संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जिस स्थान पर खनन हो रहा था, वह प्रतिबंधित क्षेत्र था और वहां अवैध तरीके से खनन कराया जा रहा था। हादसे के बाद खनन संचालक के फरार होने से मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगीः** प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि खनन विभाग की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बक्सर में लोग अभी भी युवक की सुरक्षित बरामदगी की प्रार्थना कर रहे हैं, हालांकि समय बीतने के साथ उम्मीदें कमजोर पड़ती जा रही हैं।

### प्रभात फेरी से सनातन के संरक्षण का दिया संदेश

**बक्सर।** विश्व हिंदू परिषद नगर इकाई के तत्वावधान में रविवार सुबह सनातन प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी गोलंबर स्थित हनुमान मंदिर से नगर अध्यक्ष अरविंद सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में सनातन प्रेमियों ने भाग लिया और "श्री राम जय राम जय जय राम" का कीर्तन करते हुए गोलंबर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण किया। प्रभात फेरी के समापन के बाद नगर अध्यक्ष अरविंद सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य लोगों को सुबह जागकर सनातन संस्कृति की महत्ता से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज में भारतीय परंपराओं को सहेजना आवश्यक है तथा नई पीढ़ी को भी इन मूल्यों से परिचित कराना चाहिए।

# खटाल संचालक ने लगाई फांसी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना भोजपुर में एक खटाल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 45 वर्षीय गंगासागर शर्मा के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय ब्रह्मदयाल शर्मा के पुत्र और पुराना भोजपुर के निवासी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**दो साल पहते शुरू किया था खटालः** जानकारी के अनुसार गंगासागर शर्मा पहले ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करते थे। लगभग दो वर्ष पूर्व उन्होंने पुराना भोजपुर अंडरपास के पास एक खटाल खोला था। उनके खटाल में सात गायें और कुछ बकरियां थीं, जिनसे वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

**मां के निधन के बाद थे परेशानः** स्थानीय लोगों और परिजनों ने बताया कि गंगासागर शर्मा पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। करीब एक माह पहले उनकी माता का निधन हो गया था, जिससे वे गहरे सदमे में थे। इसके अतिरिक्त, वे कुछ घरेलू समस्याओं को लेकर भी परेशान चल रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं पारिवारिक तनावों के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। नया भोजपुर थाना की पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं।

**थानाध्यक्ष बोले- परिजनों के बयान किए दर्जः** नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच के दौरान किसी भी पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इस घटना के बाद पुराना भोजपुर और आसपास के इलाकों में लोग स्तब्ध हैं।

## गुड्डू सिंह मर्डर केस में सात नामजद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** भोजपुर पुलिस ने गुड्डू सिंह की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मृतक की पत्नी अंशु देवी के बयान पर योगेंद्र सिंह समेत सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। वारदात के बाद से सभी फरार है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना तीयर थाना क्षेत्र की है। शनिवार की सुबह उत्तरदाहां गांव के वार्ड नंबर-4 में गुड्डू सिंह की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की सूचना मिलते ही जगदीशपुर के एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा और तीयर थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए।

**विरोध करने पर मार डालाः** मृतक की पत्नी अंशु ने बताया कि गांव के कुछ लोग अक्सर गुड्डू सिंह के साथ हंसी-मजाक किया करते थे। शुक्रवार की शाम भी आरोपी पक्ष के युवकों ने उसके साथ मजाक किया था, जिस पर विरोध जताया। उस समय मामला किसी तरह शांत हो गया था, लेकिन अगले ही दिन यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। शनिवार की सुबह शौच के लिए बधार जा रही थी। इस दौरान आरोपियों ने रास्ते में उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट की। जब इसकी जानकारी गुड्डू सिंह को मिली तो वह अपनी पत्नी के साथ हुए दुर्व्यवहार का विरोध करने आरोपियों के पास पहुंचे। जहां पीट-पीटकर उन्हें मार डाला।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः** इस संबंध में जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा बताया कि सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सफाई व ग्रामीण आवास कर्मियों की 12 को हड़ताल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के बैनर तले रविवार को रमन मैदान में सफाई कर्मचारियों एवं ग्रामीण आवास कर्मियों की बैठक हुई। अध्यक्षता एआईसीसीटीयू भोजपुर के जिला सचिव बाल मुकुंद चौधरी एवं संचालन नगर निगम के सफाई कर्मी संघ के सचिव तरुण कपूर ने किया। बैठक में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन भी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाना तथा जिले स्तर पर कर्मचारियों की जटिल समस्याओं के समाधान पर चर्चा करना रहा। ग्रामीण आवास कर्मियों ने बताया कि वे नियमित रूप से सरकारी कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं, इसके बावजूद पिछले सात माह से उनका वेतन विभाग में लंबित है। कर्मियों ने कहा कि वे प्रखंड स्तर पर कार्यरत हैं, लेकिन वेतन भुगतान पटना स्थित विभाग से होता है, जो लंबे समय से अटका हुआ है। बाल मुकुंद चौधरी ने कहा कि संविदा कर्मियों के लिए आर्थिक लाभ और स्थायीकरण का प्रश्न तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन उससे भी बड़ा सवाल श्रम कानूनों और अधिकारों की रक्षा का है। सभी कर्मियों से 12 फरवरी की आम हड़ताल को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने को कहा। उमेश कुमार सुमन ने श्रम कानूनों और चार श्रम संहिताओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और सेवा संघों के आह्वान पर 12 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल की जा रही है। इस हड़ताल में केंद्रीय व राज्य कर्मचारी, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूर शामिल होंगे। बैठक में बताया गया कि आम हड़ताल के पूर्व 11 फरवरी को एआईसीसीटीयू के बैनर तले जेपी मूर्ति, रमना से मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जो स्टेशन परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील होगा। 12 फरवरी को भी मार्च निकालकर जेपी मूर्ति के पास सभा की जाएगी। बैठक में अजित, विमलेश, लक्ष्मीकांत, राजेश, संजय, रजनीश, मनीष, विनय, प्रेम प्रकाश, तरुण कपूर, लीलावती, वरुण, कलावती, मालती सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। हड़ताल का कारण लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान, महंगाई के अनुरूप मानदेय वृद्धि, वर्षों से कार्यरत कर्मियों का स्थायीकरण, ठेका व आउटसोर्सिंग प्रथा की समाप्ति तथा समान काम के लिए समान वेतन लागू करना है।

## श्रीकृष्ण के बाल रूप की लीलाओं का हुआ वर्णन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर।** जवही जगदीशपुर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य त्रिलोकी नाथ तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की मनोहारी लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। आचार्य तिवारी ने पूतना वध, माखन चोरी, यशोदा मैया के वात्सल्य भाव और नंद बाबा के आंगन में बालकृष्ण की चंचल लीलाओं का सजीव चित्रण किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का बाल स्वरूप केवल आनंद का ही नहीं, बल्कि भक्तों के हृदय में प्रेम, करुणा और भक्ति भाव जागृत करने का माध्यम है। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो" और "गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो" जैसे जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान किया। आचार्य ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान की बाल लीलाएं यह संदेश देती हैं कि ईश्वर सरलता और निष्कपट प्रेम से ही प्रसन्न होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ससुराल में शराब पीकर हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**मसौढ़ी**। थाना क्षेत्र के रेवा गांव में ससुराल आए युवक को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह शराब पीकर हंगामा कर रहा था।शराब पीकर हंगामा करता देख ससुराल वालों ने इसकी सूचना मसौढ़ी थाने की पुलिस को तत्काल दी।सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार व्यक्ति की मेडिकल जांच कराई गई तो शराब पीने की पुष्टि हुई।शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रामनगर मुहल्ले निवासी उपेन्द्र कुमार के पुत्र वेदव्रत कुमार है।

### घोरहुआ गांव में पुलिस की छापेमारी, महिला तस्कर समेत तीन गिरफ्तार

**150 लीटर जावा महुआ नष्ट, 20 लीटर देसी शराब बरामद**



**मसौढ़ी**। मसौढ़ी के लहसुना थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार की संध्या गश्ती के दौरान घोरहुआ गांव में की गई। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि घोरहुआ गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान लगभग 150 लीटर जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही 20 लीटर देसी शराब बरामद की गई। छापेमारी के दौरान एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मौके से दो लोगों को शराब के नशे में पकड़ा गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जब्ती सूची तैयार की और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 7 शहरों में घना कोहरा,लो विजिबिलिटी से दरभंगा में हादसा

**पटना**। बिहार के 5 जिलों में आज कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। समस्तीपुर, गोपालगंज, सुपौल, बगहा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिल रहा है। यहां जीरो विजिबिलिटी है। लोगों को गाड़ी की लाइट चालू कर के चलना पड़ रहा है। वहीं दरभंगा के NH-527 B पर घना कोहरा है। लो विजिबिलिटी के कारण ट्रक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई, जिसमें 2 लोग घायल हो गए। अगले कुछ दिनों तक बिहार में मौसम शुष्क रहेगा और धीरे-धीरे तापमान बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में फिलहाल बारिश की संभावना कम है।। सुबह-शाम ठंड महसूस होगी। दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य रहेगा। तापमान में 1-3 डिग्री तक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हाल के दिनों में राज्य के कई हिस्सों में घना कोहरा देखने को मिला था। कुछ स्थानों पर विजिबिलिटी बेहद कम दर्ज की गई थी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दियों में कोहरा बनने की मुख्य वजह ठंडी हवा, नमी और हवा की रफ्तार कम होना है। जब रात में जमीन ठंडी हो जाती है और हवा में नमी ज्यादा होती है तो छोटे-छोटे पानी के कण जमा होकर कोहरे बनते हैं। बिहार जैसे गंगा मैदानी इलाकों में ये स्थिति ज्यादा बनती है, क्योंकि यहां नमी अधिक रहती है। हवा की गति कई बार धीमी हो जाती है। इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbance) और पछुआ हवाओं का असर भी तापमान को नीचे लाता है, जिससे सुबह के समय कोहरा ज्यादा घना हो जाता है। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि आसमान साफ रहने पर भी सुबह कोहरा बन सकता है, क्योंकि रात में जमीन तेजी से ठंडी होती है।

### 12 फरवरी को पटना की सफाई व्यवस्था रहेगी ठप, पटना नगर निगम के कर्मी जाएंगे हड़ताल पर

**पटना**। पटना की सफाई व्यवस्था 12 फरवरी को ठप रहेगी। पटना नगर निगम के कर्मी हड़ताल पर जाने वाले हैं। 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 श्रम कोड लागू किए जाने के विरोध में 12 फरवरी को केंद्रीय श्रमिक संगठनों के राष्ट्रीय हड़ताल बुलाया है। पटना निगम कर्मियों ने इस हड़ताल को नैतिक समर्थन देने का सर्वसम्मति से फैसला लिया है। काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराने का फैसला लिया गया है। पटना नगर निगम के कर्मी अदालतगंज से प्रदर्शन करते हुए डाकबंगला तक जाएंगे। पटना नगर निगम चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि, 44 श्रम कोड जो मजदूर के पक्ष में बना हुआ था, उसे खत्म कर 4 श्रम कोड को मालिक के पक्ष में बनाया गया है। इसी के खिलाफ हम लोग हड़ताल करेंगे। यह लेबर कोड मालिक के पक्ष में और मजदूर विरोधी है। इसके लागू हो जाने के बाद मजदूर अपने अधिकारों के लिए लड़ नहीं सकता है।

**11 फरवरी को निकाला जाएगा विरोध मार्चः** इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए 11 फरवरी को विरोध मार्च निकाला जाएगा। रामवतार शास्त्री गोलंबर, राजेंद्र नगर से लोहिया पार्क, कंकड़बाग तक जुलूस निकलेगा। इसके साथ ही दैनिक मजदूरों के लिए समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर गठित कमेटी की नगर विकास विभाग में बैठक बुलाने की भी योजना की जा रही है। वहीं, आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा कर्मियों के शोषण, बायोमीट्रिक हाजिरी में गड़बड़ी कर वेतन कटौती और वाहनों की मरम्मत लागत चालकों से वसूले जाने को लेकर भी विरोध जताया जाएगा।

### मलाही पकड़ी, खेमनीचक मेट्रो स्टेशन होली बाद होगा शुरू



**पटना**। पटना मेट्रो के दो नए स्टेशनों को शुरू करने की कवायद की जा रही है। मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा होली बाद शुरू होगी। दूसरी ओर पटना जंक्शन के पास स्टेशन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। यह स्टेशन पूरे मेट्रो नेटवर्क का सबसे बड़ा स्टेशन होगा। तीन तल वाला यह स्टेशन एक इंटरचेंज स्टेशन के रूप में काम करेगा। यहां से मेट्रो कॉरिडोर-वन और कॉरिडोर-टू के सभी स्टेशनों तक सीधी कनेक्टिविटी होगी।

**फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयेंगे कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टीः** मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की (CMRS) अंतिम जांच प्रस्तावित है। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद, मार्च के पहले सप्ताह में इन दोनों स्टेशनों से मेट्रो सेवा शुरू हो सकती है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, CMRS की टीम 25 से 28 फरवरी के बीच पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी। जंक्शन मेट्रो स्टेशन का निर्माण बुद्धा पार्क के पास हो रहा है। इसका प्लेटफार्म जंक्शन के पास बने पुल के नीचे तक फैला हुआ होगा। पहले तल पर टिकट काउंटर, जांच द्वार और अन्य यात्रियों की सुविधाएं होंगी। दूसरे और तीसरे तल पर अलग-अलग प्लेटफार्म बनाए जाएंगे, जहां तक पहुंचने के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट की व्यवस्था की जाएगी।

# प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 18 शिक्षक पटना में सम्मानित





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी क्षेत्र के शिक्षकों ने प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से नवाचार की मिसाल पेश की है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 18 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को पटना में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 'द बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर' संस्थान की ओर से आयोजित किया गया था, जिसमें शिक्षा में नवाचार और प्रभावी शिक्षण पद्धति को केंद्र में रखा गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य उन शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है, जो पारंपरिक शिक्षा पद्धति से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण को अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार से बच्चों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और विषय की गहरी समझ विकसित होती है।

सम्मानित शिक्षकों में प्रगति कुमारी (उत्क्रमित मध्य विद्यालय खर्राट), धर्मेंद्र कुमार (उत्क्रमित मध्य विद्यालय काजीचक पश्चिम), रामशेखर शर्मा (उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवां), राजू सिंह (मध्य विद्यालय खानपुरा), राजीव कुमार (प्राथमिक विद्यालय डोरी पर), शिव शंकर प्रसाद (उत्क्रमित मध्य विद्यालय करारिया), मंजेश कुमार (प्राथमिक विद्यालय हरनाथ चक), कुंदन कुमार (प्राथमिक विद्यालय गणेश टोला), ब्यूटी कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खर्राट), दीपक कुमार (प्राथमिक विद्यालय मिरचक), रिया सिंह (मध्य विद्यालय पोआवां), राखी कुमारी (प्राथमिक विद्यालय मिरचक), रिंकी कुमारी (उच्च मध्य विद्यालय रीवा), मो. नेयाज अहमद (उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैंसवा), सीता पासवान (उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां), जितेंद्र कुमार (मध्य विद्यालय खरौना), वीरेंद्र कुमार तथा शैलेश कुमार (प्राथमिक विद्यालय भूसेनचक) शामिल हैं।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने अपने कार्यालय में सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार ही समय की मांग है। उन्होंने शिक्षकों को भविष्य में भी इसी तरह रचनात्मक और प्रभावी शिक्षण कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान समारोह से शिक्षकों में उत्साह का संचार हुआ है और उम्मीद है कि प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण की यह पहल आगे भी विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगी।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज को मसौढ़ी न्यायालय में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय परिसर में सोमवार को नवादा की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

शोक सभा में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने शिल्पी सोनी राज को न्यायप्रिय, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ न्यायाधीश बताते हुए उन्हें "न्याय की देवी" की संज्ञा दी। उनके असामयिक निधन को न्यायपालिका के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। श्रद्धांजलि स्वरूप सोमवार को न्यायालय का कार्य पूरी तरह स्थगित रखा गया।

एडीजे-2 संजीव कुमार और एसडीजीएम शुभम त्रिपाठी ने अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कार्यकाल और न्यायिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शिल्पी सोनी राज ने अपने कार्यों से न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार, महासचिव राकेश कुमार, कृष्णमुरारी, अजीत सिंह, विमल कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# संजय कुमार सिन्हा बने भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री

**1989 से संगठन से जुड़े, पूरी में हुए त्रैवार्षिक अधिवेशन में मिली जिम्मेदारी**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। भगवान जगन्नाथ की पावन नगरी पुरी (ओडिशा) में आयोजित भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के त्रिदिवसीय त्रैवार्षिक अधिवेशन में बिहार के वरिष्ठ श्रमिक नेता संजय कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके इस मनोनयन से बिहार इकाई में उत्साह का माहौल है।

संजय कुमार सिन्हा वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रदेश के महामंत्री के पद पर कार्यरत हैं। वे वर्ष 1989 से संगठन से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से श्रमिक हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव और समर्पण को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर यह नई जिम्मेदारी दी गई है।

अपने लंबे संगठनात्मक सफर में श्री सिन्हा ने कई अहम पदों का दायित्व निभाया है। उन्होंने भारतीय डाक लेखा संघ में सहायक मंत्री, प्रांतीय मंत्री और महामंत्री के रूप में कार्य किया। इसके अलावा भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ में सचिव और अध्यक्ष की भूमिका निभाई। भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रांत में वे कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अप्रैल 2021 से वे बीएमएस, बिहार प्रदेश के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं।

उनके अखिल भारतीय मंत्री बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने खुशी जताई है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि श्री सिन्हा का अनुभव और प्रतिबद्धता राष्ट्रीय स्तर पर भी श्रमिक हितों को मजबूती देगी।

इसी अधिवेशन में अधिवक्ता जयंत राय को भारतीय मजदूर संघ के लीगल प्रकोष्ठ का सदस्य बनाया गया है। पुरी (ओडिशा) में 6 से 8 फरवरी तक चले इस त्रैवार्षिक अधिवेशन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और संगठन की भावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

# आरपीएस पब्लिक स्कूल में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में भावनाओं, उत्साह और शुभकामनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला।

समारोह का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक विभा शर्मा और प्राचार्य एस.के. राहुल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर बारहवीं के विद्यार्थी रंग-बिरंगी आकर्षक पोशाकों में शामिल हुए, जिससे पूरा परिसर उल्लास और उमंग से भर गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में गीत, नृत्य और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को यादगार बना दिया। शिक्षकों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच को अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग कठिन जरूर होता है, लेकिन निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य एस.के. राहुल ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है और वे जहां भी जाएं, विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। भावुक माहौल के बीच सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और जीवन के नए सफर की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।

# पटना में अतिक्रमण हटाने के दौरान झड़प

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**❒ कंकड़बाग में पुलिसकर्मी-स्थानीय लोग भिड़े, दोनों तरफ के लोगों को आई चोटें**

**पटना**। पटना के कंकड़बाग इलाके के मेदांता अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसक झड़प हुई है। इसमें पुलिस कर्मियों और स्थानीय लोगों को चोटें आईं हैं। शहर में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसी के तहत आज मेदांता के पास से अवैध तरीके से रह रहे लोगों को हटाया जा रहा था, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इसके बाद हो मौके पर हल्ला होने लगा। इस दौरान पुलिस टीम पर प्रदर्शन कारियों ने पथराव करना शुरू कर दिया। स्थानीय महिला ने बताया कि, 'नगर निगम के लोग आए उन्होंने पहले कहा कि अपनी झुग्गी झोपड़ी केवल नीचे गिरा दीजिये। हम लोगों ने गिरा दिया। इसके बावजूद हटाने लगे। तोड़ फोड़ शुरू कर दी गई। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद हैं। झुग्गी के लोगों के विरोध को देखते हुए आस पास के थाने के भी पुलिस कर्मी पहुँच गए हैं। नगर दंडाधिकारी आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने आई थी। पुलिस बल भी था। इसी दौरान अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया। जिसमें एक सब इंस्पेक्टर, और कुछ अन्य पदाधिकारियों को चोट लगी है।

# स्वच्छता जागरूकता के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना नगर निगम द्वारा पटना के शैंम्फोर्ड स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया और शहर की सफाई के लिए काम करने एवं अपने परिवार के सभी लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया । पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा आयोजित इस स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरपर्सन मीरा सिन्हा, प्रिंसिपल जैस पी जे, निदेशक साविओ पिंटो, पूनम सिन्हा, आयुष कुमार आदि ने उत्साह के साथ भाग लिया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने लोक गीतों के माध्यम से बच्चों और सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीरा सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता बहुत जरूरी है, हमें पान-गुटके का बहिष्कार करना चाहिए ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बने । छोटे बच्चों ने भी स्वच्छता क्विज में हिस्सा लिया और सभी को बताया कि सूखा और गीला कचरा किस रंग के डस्टबिन में डाला जाए । राजेश केशरी ने स्वच्छता हेतु संगीतिक प्रस्तुति में नीतू नवगीत का साथ दिया । स्वच्छता क्विज में सही जवाब देने वाले बच्चों को एक-एक पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया ।

# 8 लाख की नकली दवाएं जब्त, ग्रामीण जिलों में होती थी सप्लाई, कई दवा एजेंसियां-फार्मा कंपनियां रडार पर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र में औषधि नियंत्रण प्रशासन ने एक निजी मकान में चल रही नकली दवाओं की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में लगभग आठ लाख रुपये मूल्य की नकली दवाएं, रैपर, नामी कंपनियों के लेबल और दवा बनाने वाली मशीनें बरामद की गईं। अधिकारियों के अनुसार, सुनील कुमार झा इस रैकेट का मुख्य आरोपी और फैक्ट्री का मालिक है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

**गैस, कफ सिरप, दर्द, बुखार की बना रहे थे नकली दवाएंः** ड्रग इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि, जांच में यह अवैध फैक्ट्री 'विभा बायोटेक' नाम से संचालित पाई गई। यहां गैस, कफ सिरप, दर्द, बुखार और त्वचा संबंधी बीमारियों की नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। बरामद नकली दवाओं में लिव 52 कफ सिरप, इबुजेसिक प्लस सिरप और कॉस्म्लो न्यू क्रीम जैसी प्रमुख दवाएं शामिल हैं।

**दवा एजेंसियां और फार्मा कंपनियां रडार परः** इस नकली दवा रैकेट में लगभग आधा दर्जन दवा एजेंसियां और फार्मा कंपनियां भी जांच के दायरे में हैं। सुनील ने इस रैकेट के संचालन के लिए सैकड़ों लोगों को मार्केटिंग और ग्रामीण जिलों में दवाओं की आपूर्ति तथा ऑर्डर लेने के लिए नियुक्त किया था।

**पटना सहित कई जिलों में हो रही सप्लाईः** ड्रग इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह रैकेट मुख्य रूप से बिहार के ग्रामीण इलाकों में सक्रिय था। यहां मरीजों को सस्ती दवाओं का लालच देकर धोखा दिया जा रहा था। इन नकली दवाओं की आपूर्ति पटना के अलावा पूर्णिया, मधेपुरा, दरभंगा, समस्तीपुर, गोपालगंज, सहरसा और सिवान जैसे ग्रामीण जिलों में भी की जा रही थी। इससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा था।



**आरोपियों की तलाश जारी, जल्द होगी बड़ी कारवाईः** छापेमारी के दौरान यह भी पता चला कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और नकली दवाओं की सप्लाई कर बड़ी संख्या में लोग इससे मुनाफा कमा रहे थे। अब इस मामले में और लोगों की तलाश की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर ने इस कार्रवाई को सफल बताते हुए कहा कि अब इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी छापेमारी शुरू की जाएगी। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि नकली दवाओं के कारोबार पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों को सख्त सजा दिलवाने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### होराइजन प्रीमियर क्रिकेट लीग में किंग्स टीम ने जीता खिताब




**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन के समीप मौजूद स्टेडियम में होराइजन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2.0 (एचपीएल) का सोमवार को आयोजन किया गया। इस दौरान किंग्स ने शानदार प्रर्दशन करते हुए जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया, जबकि होराइजन ग्लेडिएटर्स रनर-अप रही। मैच के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित जैन ने सभी का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि काम के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य को समझना भी जरूरी है। इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। सचित जैन ने बताया कि इस साल टूर्नामेंट का दायरा बढ़ाते हुए कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच नॉकआउट फॉर्मेट में मैच खेले गए। शुरुआत में 8-8 ओवरों के मैच हुए, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला टी-10 फॉर्मेट में खेला गया। प्रतियोगिता में होराइजन ग्लेडियेटर्स, होराइजन हंटर्स, होराइजन किंग्स, होराइजन वॉरियर, होराइजन ब्लास्टर्स, होराइजन डेयरडेविल्स, होराइजन हंक्स और वीई वोल्केनोस ने हिस्सा लेकर खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पिछले सीजन (एचपीएल1.0) में होराइजन ग्लेडियेटर्स चैंपियन रही थी। इस दौरान आयशर के सर्विस हेड श्रवण कुमार अकेला ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य कर्मियों का उत्साह और मनोबल बढ़ाना है। मौके पर सुमित जैन, मिस्टर सचित जैन, आयशर कंपनी के झारखंड सर्विस हेड श्रवण कुमार अकेला, निकेत कुमार, रंजन राउल, विक्की रविदास, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रांची में 10 फरवरी को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान, 619 बूथों पर दी जाएगी दवा




**रांची।** राष्ट्रीय लिम्फैटिक फाइलेरियासिस उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रांची जिले में फाइलेरिया (हाथीपांव) से बचाव के लिए 10 फरवरी को सामूहिक औषधि प्रशासन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिलेभर में कुल 619 बूथों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। यह जानकारी सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि यह अभियान जिले के सोनाहातु, तमाड़, कांके और राहे प्रखंडों के चिन्हित क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस दौरान लगभग 4,91,014 लोगों को दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के तहत डीईसी (डाइएथाइल कार्बामाजीन) और अल्बेंडाजोल दवाएं पूरी तरह निःशुल्क और सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से इस गंभीर बीमारी से पूरी तरह बचाव संभव है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। वहीं, एक से दो वर्ष की आयु के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जो लोग 10 फरवरी को बूथ पर दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 25 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से दवा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और अपने नजदीकी बूथ पर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें, ताकि रांची जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। प्रेस वार्ता में डॉ. प्रभात रंजन के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मी भी मौजूद थे।

### खूंटी में नगर पंचायत चुनाव की तैयारी तेज, पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**खूंटी।** खूंटी में नगर पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर. रॉनिटा के निर्देश पर सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में प्रथम चरण के पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 0 मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान को लेकर नियुक्त मतदानकर्मियों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान से पूर्व मतपेटिका को बूथ पर तैयार करने की निर्धारित प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस अवसर पर मतदानकर्मियों को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता अरविंद ओझा, परियोजना पदाधिकारी परमेश्वर अग्रवाल सहित जिला प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी, समस्या या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 06528-220056 / 1950 तथा नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर 06528-295205 पर संपर्क करें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### फाउंडेशन की बैठक में महिलाओं को सशक्त करने पर बल



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत मिर्जाडीह गांव में सोमवार को संस्कृति सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर बैठक की गई। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए सिलाई प्रशिक्षण शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं सिलाई का व्यावहारिक ज्ञान हासिल कर सकेंगी, जिससे वे स्वयं का रोजगार शुरू कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगी। मौके पर संस्था की ओर से बताया गया कि यह पहल महिलाओं को केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। इससे महिलाओं को स्थायी रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। बैठक में मौजूद महिलाओं ने इस पहल का खुलकर स्वागत किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होंगे।

# सामुदायिक भवन को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से की बातचीत

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



परसुडीह थाना क्षेत्र के सरजमदा मौजा में विधायक फंड से प्रस्तावित एक विकास भवन को लेकर उत्पन्न विवाद सोमवार को स्पष्ट हो गया। ग्राम प्रधान लखन मुर्मू के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने परसुडीह थाना प्रभारी से मुलाकात कर पूरे मामले पर चर्चा की और अपनी आपत्तियां और शंकाएं रखीं। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को बताया कि भवन निर्माण को लेकर न तो ग्रामसभा को पूर्व में कोई जानकारी दी गई और न ही समुचित संवाद स्थापित किया गया। इसी वजह से क्षेत्र में भ्रम की स्थिति बनी। ग्रामीणों का कहना था कि निर्माणाधीन भवन को 'प्रजापति भवन' के नाम से प्रचारित किया जा रहा था, जिससे अन्य समुदायों में असंतोष पैदा हुआ। सरजमदा आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां सभी समुदायों के लोग निवास करते हैं, इसलिए भवन का उपयोग भी सामुदायिक स्तर पर सभी के लिए होना चाहिए। ग्राम प्रधान लखन मुर्मू ने बताया कि बिना ग्रामसभा की जानकारी के ठेकेदार की ओर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने यह भी कहा कि इसी संदर्भ में थाना प्रभारी को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया है। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि यह भवन स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी के विधायक निधि से बनाया जा रहा है। एसडीएम कार्यालय से जारी नोटिफिकेशन में भी इसे स्पष्ट रूप से 'सामुदायिक भवन' के रूप में उल्लेखित किया गया है। थाना प्रभारी के साथ हुई बातचीत में यह बात साफ की गई कि भवन का निर्माण क्षेत्र के सभी समुदायों—आदिवासी सहित अन्य निवासियों के उपयोग के लिए किया जा रहा है और इसे किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रखा जाएगा।

## जादूगोड़ा मुख्य मार्ग पर बाइक–स्कॉर्पियो की टक्कर, दो युवतियों सहित तीन गंभीर घायल

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम के जादूगोड़ा मुख्य मार्ग पर सोमवार को नौरंग मार्केट पुलिया के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कॉर्पियो से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवतियों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल के नेतृत्व में हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल यूसिल अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय पर इलाज मिलने के कारण उनकी जान बच सकी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीनों लोग गालूडीह से दामूडीह स्थित पहाड़ भागा (नरवा पहाड़) जा रहे थे। इसी दौरान नौरंग मार्केट पुलिया के पास बाइक अचानक असंतुलित हो गई और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गई। हादसे में गालूडीह निवासी लक्खी मार्डी और पार्वती मुर्मू तथा मुसाबनी निवासी कुंदु मार्डी गंभीर रूप से घायल हो गए। यूसिल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इधर, जादूगोड़ा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय ओबीसी विचार मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**




पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में विरोध तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय ओबीसी विचार मंच, जमशेदपुर ने राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए केंद्र और राज्य स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है। भारतीय ओबीसी विचार मंच की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पप्पू यादव की गिरफ्तारी करीब 31 साल पुराने मामले में की गई है, जो न्याय की भावना के विपरीत प्रतीत होती है। मंच का आरोप है कि इतने पुराने मामले में अचानक की गई गिरफ्तारी न केवल सवाल खड़े करती है, बल्कि एक जनप्रतिनिधि की छवि और उनके दायित्वों को भी प्रभावित करती है।संगठन ने पप्पू यादव को छह बार निर्वाचित सांसद बताते हुए उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय और संघर्षशील नेता करार दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पप्पू यादव हमेशा अपने क्षेत्र की जनता के अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाते रहे हैं और जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं के समाधान का प्रयास करते रहे हैं। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी से न सिर्फ उनके समर्थकों में आक्रोश है, बल्कि आम जनता भी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। भारतीय ओबीसी विचार मंच ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और न्याय सुनिश्चित करते हुए पप्पू यादव को अविलंब रिहा किया जाए, ताकि वे अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच रहकर अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। संगठन का कहना है कि यदि इस मामले में समय रहते हस्तक्षेप नहीं हुआ तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा।

## झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी । खूंटी**




रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डाउन स्कूल, तोरपा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता के काता एवं कुमिते दोनों स्पर्धाओं में स्नेहा यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक हासिल किया। कुमिते स्पर्धा में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में यश कंडुलना, प्रियांशु नाग और प्रतीक स्वांसी शामिल रहे। रजत पदक विजेताओं में एंजेलिना टोपनो, समृद्धि कुमार, एंजेल गुरिया, जोसेफ सुरिन, साक्षी कुमारी और एरॉन दीप कंडुलना का नाम शामिल है। वहीं कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आदर्श कुमार, सिद्धार्थ सिंह, आयुष नायक, प्रियांशु बरला, अनुरिता सुरिंदर, आकृति कुमारी, एंजेल कंडुलना, लक्ष्मी कुमारी, मंजूषा बरला, राज नंदनी कुमारी और नितिन टोपनो शामिल रहे। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिसर में सोमवार को सभी पदक विजेताओं को प्राचार्या सिस्टर सुषमा, उप प्राचार्या सिस्टर नीलम तथा कराटे कोच सचिन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सिस्टर सुषमा ने कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी आगे भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## तेज रफ्तार इनोवा और ऑटो में टक्कर बड़ा हादसा टला

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह में लिडे कंपनी के पास तेज रफ्तार इनोवा कार और एक ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई और ऑटो में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक टाटानगर रेलवे स्टेशन से चार यात्रियों को रिजर्व लेकर साकची की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही इनोवा कार ने ऑटो को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सीधे नाले में जा गिरा, जिससे मौके पर लोगों में हड़कंप मच गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और नाले में गिरे ऑटो चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ऑटो को भी बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में ऑटो चालक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि यात्रियों को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं पहुंची है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि रविवार को भी यहां सड़क दुघर्टना हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे।

## झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ जांच पर लगी रोक को रखा बरकरार, 17 फरवरी को अगली सुनवाई

**एजेंसी । रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के विरुद्ध पुलिस जांच एवं किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। सोमवार को न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में दी गई अंतरिम राहत को कायम रखा। इस मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा, जबकि ईडी की ओर से भारत के सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू, अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने दलीलें पेश कीं। अगली सुनवाई में मुख्य रूप से याचिका की मेंटेनेबिलिटी यानी यह याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस बिंदु पर बहस होगी। पिछली सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने ईडी कार्यालय की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया था। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि रांची स्थित ईडी कार्यालय की सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या किसी अन्य अर्धसैनिक बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही ईडी कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया था, ताकि किसी प्रकार के साक्ष्य से छेड़छाड़ न हो सके। उल्लेखनीय है कि यह मामला एयरपोर्ट थाना कांड संख्या 05/2026 से संबंधित है, जिसमें ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। ईडी अधिकारियों ने अदालत से अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर एवं आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने अथवा मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही ईडी ने शिकायतकर्ता संतोष कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है।

## मानगो नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की आंतरिक कलह, जेबा खान के निष्कासन से गहराया संकट

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



मानगो नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति खुलकर सामने आने लगी है। चुनावी माहौल में जहां अन्य दल अपनी रणनीति को धार देने में जुटे हैं, वहीं कांग्रेस इस वक्त गंभीर संगठनात्मक उलझन से गुजर रही है। पार्टी की प्रदेश सचिव और मेयर पद की उम्मीदवार जेबा खान को छह वर्षों तक निष्कासित किए जाने के बाद यह सियासी टकराव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। कांग्रेस ने मानगो नगर निगम चुनाव के लिए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता को अपना समर्थित उम्मीदवार घोषित किया है। इसके बावजूद जेबा खान के चुनावी मैदान में डटे रहने को पार्टी ने अनुशासनहीनता माना। तमाम कोशिशों के बाद भी जब जेबा खान ने नाम वापस नहीं लिया, तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उन्हें अगले आदेश तक पार्टी से निलंबित कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह समेत अन्य नेताओं ने प्रेस वार्ता कर इस कार्रवाई की पुष्टि की और कहा कि पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर काम करना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। हालांकि इस फैसले ने कांग्रेस के भीतर भूचाल ला दिया है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने खुले मंच से जेबा खान के समर्थन में बयान दिए और उनके पक्ष में नारेबाजी भी की। इससे कांग्रेस के भीतर दो स्पष्ट गुट उभर आए हैं—एक जो संगठन के फैसले के साथ खड़ा है और दूसरा जो जेबा खान को जनाधार वाली और स्वीकार्य उम्मीदवार मान रहा है। यह टकराव केवल उम्मीदवार चयन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि स्थानीय नेतृत्व, प्रभाव और भविष्य की राजनीति से भी जुड़ गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जेबा खान का निष्कासन कांग्रेस के लिए डैमेज कंट्रोल की बजाय नुकसानदेह साबित हो सकता है। खासकर तब, जब नगर निकाय चुनाव पार्टी चिह्न पर नहीं लड़ा जा रहा है। ऐसे में आंतरिक कलह विपक्ष को कांग्रेस पर हमलावर होने का मौका दे रही है। मानगो का यह चुनाव अब सिर्फ स्थानीय विकास का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि कांग्रेस की संगठनात्मक एकजुटता, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की बड़ी परीक्षा बन गया है।

झारखण्ड, सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र),
जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

–: ''मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना'' के चयनित लाभुकों के लिए आम सूचनाः–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत जिनका चयन निर्धारित संशोधित लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न योजनाओं यथा 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना, हस्त–विद्युत चैफ कटर, प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना हेतु जिला स्तरीय चयन समिति से किया गया है उन लाभुकों को पुनः सूचित किया जाता है कि अपना ESCROW A/C ससमय खुलवाकर अपने खाते में लाभुक अंशदान जमा कर उसकी पर्ची जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में कार्यालय अवधि में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि आपके द्वारा खोले गये नये बैंक खाते में योजना की अनुदान की राशि डी0बी0टी0 की जा सके। पूर्व में भी विज्ञापन संख्या PR 371067, (Agriculture Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26* D के माध्यम से इसकी सूचना दी गई है। अतः ससमय अपना खाता खुलवाकर कार्यालय में उपलब्ध करायें अन्यथा आपको अयोग्य समझते हुए नियमानुसार आपके नाम के नीचे अंकित नाम के लाभुकों को प्राथमिकता देते हुये लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।
योजनानुसार लाभुक अंशदान की राशि योजना के नाम के सामने निम्नवत्त अंकित हैः–

| क्रम0सं0 | योजना का नाम | लाभुक अंशदान की राशि रूपये |
|---|---|---|
| 1. | 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना (75%) (प्रथम चरण) | 17037.00 (25% प्रथम चरण) |
| | 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना (90%) (प्रथम चरण) | 6815.00 (10% प्रथम चरण) |
| 2. | 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना (50%) (प्रथम चरण) | 101912.00 (50% प्रथम चरण) |
| | 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना (75%) (प्रथम चरण) | 50956.00 (25% प्रथम चरण) |
| 3. | 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना (50%) (प्रथम चरण) | 170375.00 (50% प्रथम चरण) |
| | 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना (75%) (प्रथम चरण) | 85187.00 (25% प्रथम चरण) |
| 4. | हस्त चालित चैफ कटर (75%,) | 3000.00 |
| 5. | हस्त चालित चैफ कटर (90%) | 1200.00 |
| 6. | विद्युत चालित चैफ कटर (75%,) | 6500.00 |
| 7. | विद्युत चालित चैफ कटर (90%) | 2600.00 |
| **प्रगतिशील डेयरी कृशकों को सहायता की योजना** | | |
| 1. | मिल्कींग मशीन (75%) | 30000.00 |
| | मिल्कींग मशीन (90%) | 12000.00 |
| 2. | पनीर खोवा मेकिंग यूनिट (75%) | 25000.00 |
| | पनीर खोवा मेकिंग यूनिट (90%) | 10000.00 |
| 3. | डीप बोरिंग (75%) | 25000.00 |
| | डीप बोरिंग (90%) | 10000.00 |
| 4. | वर्मी कम्पोस्ट (75%) | 6250.00 |
| | वर्मी कम्पोस्ट (90%) | 2500.00 |
| 5. | काउ मैट (75%) | 1300.00 |
| | काउ मैट (90%) | 520.00 |

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,गढ़वा
PR 372661 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र जिला परिषद चुनाव: मतदान के दौरान नाबालिग कैसे पहुंचा

**संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठण तालुका में जिला परिषद चुनाव के दौरान शिवसेना विधायक विलास भुमरे द्वारा अपने नाबालिग बेटे की मौजूदगी में मतदान करने का मामला सामने आया है। अधिकारियों के मुताबिक मतदान प्रक्रिया से जुड़ी गोपनीयता और अन्य मानदंडों का उल्लंघन होने के कारण इस संबंध में जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना शनिवार को पैठण तालुका के पचोद बूथ में घटी, जिसमें भूमरे और उनके बेटे दोनों की उंगलियों पर स्याही के निशान लगाए गए थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद जिलाधिकारी दिलीप स्वामी ने जांच के आदेश दिए। पैठण से विधायक भूमरे ने पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर इस घटना को नजरअंदाज किया। भूमरे ने दावा किया कि वोट डालने के बाद जब मेरी उंगली पर स्याही लग रही थी, तो मेरे बेटे ने भी अपनी उंगली पर स्याही लगवाने की जिद की। वो छोटा है।

### 2023 में जातीय हिंसा में घायल मणिपुर के विधायक की हालत बिगड़ी

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में 2023 में जातीय हिंसा के दौरान हमले में घायल हुए भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे की हालत बिगड़ गई है। अधिकारियों ने बताया कि वाल्टे को रविवार को इंफाल से दिल्ली एयरलिफ्ट किया गया। मुख्यमंत्री खेमचंद सिंह ने इंफाल के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर जाकर वाल्टे से मिले और उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना दीं। चार मई, 2023 को इंफाल में भीड़ ने वाल्टे पर हमला किया था। दो साल तक दिल्ली में इलाज कराने के बाद वह अपने पैतृक घर लामका में स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। हालांकि, शनिवार शाम उन्हें सांस लेने में कठिनाई हुई और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### घने कोहरे से चेन्नई हवाईअड्डे पर उड़ानें बाधित, कई विमान डायवर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई हवाईअड्डे पर रविवार को घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से उड़ान संचालन बाधित रहा। अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ान समेत तीन उड़ानों को निकटवर्ती हवाईअड्डों की तरफ ले जाया गया। कुछ उड़ानों में मामूली देरी भी हुई। अधिकारी ने बताया, चेन्नई के मीनांबक्कम हवाईअड्डे पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। सुबह 5:30 बजे दृश्यता लगभग 1500 मीटर थी, जो 6:30 बजे तक घटकर 350 मीटर रह गई और कोहरे के कारण 7:30 बजे तक घटकर 150 मीटर हो गई।
000000(फेफड़े में पानी भरना) हो गया है। विधायक को चूड़चंदपुर से एंबुलेंस में लाया गया और चिकित्सा उपचार के लिए चार्टर्ड एंबुलेंस उड़ान से दिल्ली ले जाया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उन्हें विदाई देते हुए विधायक वाल्टे के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दीं। तीन मई, 2023 से मणिपुर में इंफाल घाटी के मैतेयी और कुकियों के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए हैं।

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहे 4 अवैध बांग्लादेशी को पकड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में बांग्लादेश के चार नागरिकों को फर्जी पहचान दस्तावेज का उपयोग कर अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पठानवाड़ी इलाके में चलाए गए समन्वित अभियानों के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। कुरार पुलिस थाने से जुड़े एंटी-टेररिज्म सेल (एटीसी) के अधिकारी को इस क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के बारे में सूचना मिलने पर पुलिस ने एटीसी के साथ मिलकर दो, चार और छह फरवरी को छापे मारे। इस दौरान, पठानवाड़ी के विभिन्न स्थानों से चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

# मैं पीएम व शाह से मिलकर आता था, कुछ दिन बाद छापा पड़ जाता था: भूपेश बघेल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भूपेश बघेल ने अपने खिलाफ दर्ज केसों को केंद्र सरकार की साजिश बताया है और इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाया है। बघेल का कहना है कि एक-दो बार मोदी जी और अमित शाह जी ने मुझे मिलने के लिए बुलाया था, वहां उन्होंने मुझे मदद की पेशकश की। लेकिन तब मैं समझ नहीं पाया कि आखिर वो बदले में मुझसे क्या चाहते हैं, इसलिए जब भी मैं उनसे मिलकर आता था तो उसके कुछ दिन बाद ईडी व अन्य एजेंसियों के नए छापे पड़ जाते थे। बघेल ने यह बात कांग्रेस के पूर्व नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान कही।

**वो पूछते- आपकी मदद कैसे करें?**

इंटरव्यू के दौरान कपिल सिब्बल ने जब उनसे कहा कि आपके यहां पड़े छापों के पीछे शायद उनकी यही सोच रही होगी कि आप पर दबाव डालकर आपको भाजपा में शामिल करवाना चाहते हों। तो जवाब में बघेल ने कहा कि हां हो सकता है, उनकी मंशा यही रही हो, लेकिन यह बात मुझे बहुत बाद में समझ में आई। बघेल ने कहा, 'एक-दो बार अमित शाह जी ने मुझे बुलाया था और मोदी जी ने भी बुलाया था। लेकिन मैं समझा नहीं कि वह लोग किसलिए बुलाए हैं, उनका इशारा मुझे बाद में समझ में आया, क्योंकि जब भी मैं उनसे मिलकर आता था, उसके बाद और छापा पड़ जाता था। इसके बाद फिर वो पूछते थे कि हम आपकी कैसे मदद करें।'

**'मुझे बहुत सुखद आश्चर्य होता था'**

बघेल ने बताया कि 'उनकी लाइन यही होती थी कि आपके खिलाफ कौन-कौन से केस चल रहे हैं, आपके विश्वसनीय अधिकारी



कौन-कौन से हैं। तब मैंने उनको मुझे होने वाले बहुत सुखद आश्चर्य के बारे में बताया भी था। मैंने कहा था, मैं विपक्ष का हूं और मेरा विपक्षी धर्म भी यही कहता है कि मैं आपकी आलोचना करूं और मैं करता भी हूं। लेकिन उसके बाद भी आप मुझे बुलाकर सहयोग करने की बात कह रहे हैं, तो यह मेरे लिए सुखद आश्चर्य था, मैं सोच भी नहीं सकता कि आप मेरा सहयोग करना चाहते थे।' आगे बघेल ने पीएम को फोन लगाने व मदद के बदले छापा पड़वाने की शिकायत करने का दावा भी किया। बघेल ने कहा, 'मैं उनके सामने वहां पर यह सब बोलकर आता था और आठवें दिन फिर से छापा पड़ जाता था। एक बार तो मैंने प्रधानमंत्री जी को फोन करके बोला भी कि साहब आपने तो कहा था कि मदद करूंगा, लेकिन आपने तो यहां रेड डलवा दिया। फिर उन्होंने कहा था- मैं अधिकारियों को बोलता हूं, बात करता हूं।' इसके आगे बोलते हुए बघेल ने कहा, 'ये स्थिति थी, मुझे समझ नहीं आता था कि भाजपा में बुलाने के लिए ये ऐसा कर रहे हैं।

# ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो प्रोजेक्ट के सेकेंड फेज के रूट में बदलाव, अब कई गांवों और सेक्टरों तक फायदा

## ● स्टेशन निर्माण की योजना जल्द फाइनल होगी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) ने ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के दूसरे चरण के रूट में बदलाव कर दिया है। पहले यह मेट्रो ओल्ड दिल्ली रोड से राव गजराज मार्ग से होकर दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित शंकर चौक पहुंचनी थी। अब यह डूंडाहेड़ा के हनुमान मंदिर, राम चौक से होते हुए शंकर चौक तक जाएगी। इससे गांव डूंडाहेड़ा, मौलाहेड़ा के अलावा सेक्टर-21 और 22 के निवासियों को फायदा होगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की तरफ से दिल्ली के सराय रोहिल्ला से लेकर राजस्थान के बहरोड़ तक प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन को पूर्व में कापसहेड़ा बॉर्डर से ओल्ड दिल्ली रोड, अतुल कटारिया चौक, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए दिल्ली-जयपुर हाईवे तक लाना था। इसको ध्यान में रखते हुए ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो की योजना तैयार की गई थी। अब एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेन के रूप में बदलाव कर दिया है। यह दिल्ली-जयपुर हाईवे पर चलेगी। इसको लेकर जीएमआरएल ने ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो रूट में बदलाव कर दिया है। दूसरे चरण में मेट्रो का रूट पहले सुशील ऐमा मार्ग से ओल्ड दिल्ली रोड और राव गजराज मार्ग होते हुए दिल्ली-जयपुर हाईवे से जुड़ना था। नई योजना के तहत सुशील ऐमा मार्ग से अब मेट्रो ओल्ड दिल्ली रोड पर गांव डूंडाहेड़ा स्थित हनुमान मंदिर तक जाएगी। इसके बाद राम चौक, उद्योग विहार फेज-तीन और फेज-पांच को विभाजित कर रही मुख्य सड़क से होते हुए शंकर चौक तक जाएगी। एनसीआरटीसी से सटकर मेट्रो स्टेशन बनेगा जीएमआरएल ने पूर्व में योजना बनाई थी कि रैपिड मेट्रो के साइबर सिटी स्टेशन से सटकर ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो का स्टेशन बनाया




जाए। अब फैसल लिया है कि नमो भारत चौक के साइबर सिटी स्टेशन के बिल्कुल साथ में ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो का साइबर सिटी स्टेशन बनेगा। इस स्टेशन को एफओबी के माध्यम से रैपिड मेट्रो के स्टेशन से जोड़ा जाएगा। नमो भारत स्टेशन से हाईवे के दूसरे तरफ तक एफओबी का निर्माण किया जाएगा। डीएलएफ ने हाल ही में भूमिगत पैदल पारपथ का निर्माण कर दिया है। एक एफओबी बनाने की योजना भी है। ऐसा होने से लोगों को हाईवे को पार करने में दिक्कत नहीं होगी। दूसरे चरण के मेट्रो मार्ग में स्टेशन की लोकेशन को जल्द फाइनल कर दिया जाएगा। इसको लेकर अधिकारियों के बीच विचार विमर्श किया जा रहा है। माना जा रहा है कि एक स्टेशन सेक्टर-21 में बनेगा और डूंडाहेड़ा से शंकर चौक के बीच में एक मेट्रो स्टेशन तैयार किया जाएगा। वर्ल्ड बैंक के समक्ष योजना रखी जाएगी दूसरे चरण की इस योजना को जल्द ही वर्ल्ड बैंक के समक्ष रखा जाएगा। जीएमआरएल की योजना इस मेट्रो परियोजना के लिए करीब 3500 करोड़ रुपये का ऋण लेने की है। पहले यूरोपियन बैंक से ऋण देने का आग्रह किया था। यूरोपियन बैंक की देरी के चलते अब वर्ल्ड बैंक से लोन लेने का फैसला लिया गया है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत सेक्टर-33 में मेट्रो डिपो का निर्माण किया जाएगा।

# देश के सबसे बड़े अंडा उत्पादन जिले में बर्ड फ्लू का खतरा, तमिलनाडु सरकार ने बढ़ाई चौकसी

## ● फर्मों में अपने जाए रहे कड़े नियंत्रण

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में एवियन इन्फलुएंजा (बर्ड फ्लू) के मामले और पक्षियों की आसामन्य मौतों की खबरों के बाद नमक्कल जिला के पोल्ट्री फार्मों ने जैव-सुरक्षा और स्वच्छता उपायों को और सख्त कर दिया है। राज्य सरकरा की ओर से जारी राज्यव्यापी सलाह के बाद यह कदम उठाया गया है।

**नमक्कल जिला क्यों है खास?** हालांकि नमक्कल में अब तक किसी तरह के प्रकोप की पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी किसान और अधिकारी एहतियाती कदम उठा रहे हैं। नमक्कल देश के सबसे बड़े अंडा उत्पादन और निर्यात केंद्रों में से एक है, ऐसे में वायरस के किसी भी संभावित प्रवेश को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई गई है।

अधिकारियों के अनुसार, जिले में पोल्ट्री उद्योग का पैमाना बड़ा है और लोगों, वाहनों व आपूर्ति की आवाजाही लगातार रहती है, इसलिए छोटी-सी चूक भी जोखिम पैदा कर सकती है। इसी कारण फार्मों में प्रवेश पर कड़े नियंत्रण लगाए गए हैं। स्वच्छता अभियानों को तेज किया गया है, निगरानी व्यवस्था



सख्त की गई है और केवल आवश्यक कर्मचारियों को ही फार्म परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। नए आगंतुकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। फार्मों में आने वाले सभी वाहनों का पूरी तरह से कीटाणुनाशन किया जा रहा है। पशु चिकित्सा महाविद्यालय और पशुपालन विभाग द्वारा तय किए गए प्रोटोकॉल के तहत सभी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

**पोल्ट्री बेल्ट सालभर जैव-सुरक्षा नियमों का पालन करता है**-ऑल इंडिया पोल्ट्री प्रोडक्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के सचिव वल्सन परमेश्वरन ने कहा कि नमक्कल का पोल्ट्री बेल्ट सालभर जैव-सुरक्षा नियमों का पालन करता है, लेकिन किसी भी तरह की चेतावनी जारी होने पर अतिरिक्त सावधानियां अपनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में किसान, फार्म मालिक और अधिकारी मिलकर काम करते हैं। स्वच्छता बढ़ाई जाती है और प्रवेश को सख्ती से नियंत्रित किया जाता है ताकि बीमारी फार्मों तक न पहुंचे।

**पोल्ट्री मालिकों ने क्या बताया?** पोल्ट्री मालिकों ने बताया कि कीटाणुशोधन की आवृत्ति दोगुनी कर दी गई है। पहले जहां हर 15 दिन में सफाई होती थी, अब यह साप्ताहिक की जा रही है। चूंकि नामक्कल से अंडों की आपूर्ति घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होती है, इसलिए फार्मों को सख्त स्वच्छता मानकों और निरंतर निगरानी सहित कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखनी होती है।

### प्लेन क्रैश के बाद ऐक्शन में सरकार, 400 से ज्यादा हवाई पट्टियों की जांच शुरू

**बारामती, एजेंसी।** बारामती प्लेन क्रैश के बाद सरकार ने देशभर की 400 से ज्यादा अनियंत्रित हवाई पट्टियों को लेकर जांच शुरू की है। सरकार का प्लान है कि इन हवाई पट्टियों को लेकर एकीकृत नियम बनाए जाएं और इसकी देखरेख डीजीसीए और राज्य सरकार के तहत हो। जांच में पता लगाया जाएगा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, संचार सुविधा और अग्निशमन को लेकर कितनी तैयारी है। इसके अलावा स्थानीय प्रशासन के साथ हवाई पट्टी का प्रबंधन करने वाले किस तरह संपर्क साधते हैं। 28 जनवरी को बारामती में एक प्लेन क्रैश हो गया था जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी। डीजीसीए ने इसके बाद एयरपोर्ट्स पर सेफ्टी प्रोटोकॉल्स में सुधार की कवायद शुरू कर दी है। वहीं इस तरह की हवाई पट्टियों पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल की भी सुविधा उपलब्ध नहीं रहती है। ये हवाई पट्टियां या तो राज्य सरकारों के अंडर में हैं या फिर फ्लाइट ट्रेनिंग संगठनों और प्राइवेट संचालकों की हैं। देशभर में 400 से ज्यादा हवाई पट्टियां हैं जो कि डीजीसीए के नियमन से बाहर हैं। इनमें से ज्यादातर का इस्तेमाल चार्टर विमानों, राजनीतिक दलों और फ्लाइंग स्कूल के लिए होता है। हालांकि इन हवाई पट्टियों पर सुविधाओं की कमी है। रनवे मेंटिनेंस और मूवमेंट कोऑर्डिनेशन को लेकर ढील बरती जाती है। दो दिन पहले ही एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने शनिवार को कहा कि हवाई दुर्घटना में अजित पवार की मौत की परिस्थितियों के बारे में सभी को संदेह है और वह 10 फरवरी को इस बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति देंगे।

# नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों ने भाजपा विधायक के भाषण की खूब तारीफ की

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। सत्ताधारी नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों ने भाजपा विधायक के भाषण की खूब तारीफ की। यह हुआ विधानसभा में बजट सत्र के दौरान। यह विधायक थीं, भाजपा की देवयानी राणा, जिन्होंने उमर अब्दुल्ला द्वारा पेश बजट की खूब आलोचना की थी। इसके बावजूद सत्ताधारी दल ने उनके भाषण पर तालियां बजाईं। जब देवयानी अपना भाषण देने के लिए खड़ी हुईं तो स्पीकर अब्दुल रहीम राठेर ने सदस्यों से पहली बार की विधायक का हौसला बढ़ाने के लिए कहा। इस पर नेशनल कांफ्रेंस के सदस्यों ने मेजें थपथपाईं। वहीं, भाषण खत्म होने के बाद भी माहौल कुछ ऐसा ही रहा।



देवयानी राणा, दविंदर सिंह की राणा की बेटी हैं। अपने पिता की मौत के बाद वह नागरोटा विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव जीतकर विधायक बनी हैं। दविंदर सिंह राणा लंबे समय तक नेशनल कांफ्रेंस के नेता रहे। वह उमर अब्दुल्ला के बेहद करीबी और भरोसेमंद थे। हालांकि बाद में वह भाजपा में चले गए थे। अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनाव के ठीक बाद, राणा की मृत्यु हो गई। उमर अब्दुल्ला ने दविंदर राणा के इस्तीफे को लेकर कई बार अफसोस जताया था। उन्होंने इसे अपने राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा अफसोस भी बताया था।

राणा की मौत के बाद अब्दुल्ला ने विधानसभा में एक भावुक भाषण दिया था और राणा के साथ अपनी नजदीकी को याद किया था। यहां तक कि उप-चुनाव के दौरान जब देवयानी राणा अपने पिता की सीट पर उतरीं तो नेशनल कांफ्रेंस ने उनके खिलाफ सिंबोलिक उम्मीदवार ही उतारा था। उमर अब्दुल्ला ने भी देवयानी के खिलाफ एक शब्द तक नहीं बोला था। शुक्रवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर विधानसभा में 1.13 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इसके अगले दिन भाजपा विधायक देवयानी राणा ने करीब 12 मिनट का भाषण दिया। इस दौरान सदन में पूरी तरह से शांति रही। देवयानी ने कुछ अहम सेक्टर्स में बजट घटाए जाने पर ऐतराज जताया। इस दौरान उन्होंने आंकड़ों के साथ सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहाकि शिक्षा, डिजास्टर मैनेजमेंट और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों में बजट राशि क्यों कम की गई। इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं पर कमियों को लेकर भी उन्होंने सरकार की आलोचना की। देवयानी ने कहाकि दिव्यांगों के लिए चलाई जाने वाली बसों में ऐसे मैकेनिज्म का अभाव है, जो उनके लिए मददगार हो सके।

# शिवसेना विधायक ने नाबालिग बेटे के साथ किया मतदान, तीन निलंबित

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना के विधायक विलास भुमरे के नाबालिग छोटे बेटे को लेकर मतदान केंद्र में जाने के बाद रविवार को जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव ड्यूटी पर तैनात तीन व्यक्तियों को निलंबित कर दिया गया। यह घटना छत्रपति संभाजीनगर के पैठान तालुका में हुई, जहां भुमरे ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित गोपनीयता और अन्य मानदंडों का उल्लंघन किया।

यह घटना शनिवार को पाचोड बूथ में हुई, जहां भुमरे और उनके 14 वर्षीय बेटे की उंगलियों पर स्याही लगाई गई। इसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद जिला कलेक्टर और चुनाव के रिटर्निंग अफसर दिलीप स्वामी ने जांच का आदेश दिया। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि मतदान बूथ 58/7 के प्रमुख दिलीपा नारवाडे, बूथ अधिकारी संगीता केदार और होमगार्ड रेणुका बोंबले को इस घटना की जांच रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया है। नारवाडे और केदार स्कूल के शिक्षक हैं, जिन्हें चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। पत्रकारों से बातचीत में पैठान से विधायक भुमरे ने इस घटना को मामूली बताया। उन्होंने कहा, जब मेरी उंगली पर मतदान के बाद स्याही लगाई जा रही थी, मेरे बेटे ने भी अपनी उंगली पर स्याही लगवाने की इच्छा जताई। वह छोटा है। वह ईवीएम और इसके बटन के बारे में क्या समझेगा? वह छोटा है और बस मेरे साथ आया था। कलेक्टर स्वामी ने पहले कहा था कि उन्होंने इस घटना की जांच का आदेश दिया था जब उन्हें वायरल वीडियो और मीडिया के माध्यम से इसके बारे में जानकारी मिली। पैठान तालुका के संबंधित अधिकारी को घटनाक्रम पर विस्तृत स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का वादा किया था।40 वर्षीय भुमरे वरिष्ठ शिवसेना नेता संदीपनराव भुमरे के पुत्र हैं, जो पांच बार के पैठान विधायक रहे हैं।

### राजस्थान में राजा रघुवंशी जैसा हत्याकांड: 7 साल पहले मिले थे, शादी के एक साल बाद की हत्या? खुले कई राज

**जयपुर, एजेंसी।** सात साल पहले एक इत्तेफाकन मुलाकात के तौर पर शुरू हुआ रिश्ता, 30 जनवरी को एक क्रूर अपराध को रूप में खत्म हुआ। यहां एक नई शादीशुदा महिला ने कथित तौर पर राजस्थान में अपने पति की हत्या की साजिश रची, वो भी शादी के महज तीन महीने बाद। यह मामला, जिसे अब राजस्थान का हनीमून मर्डर कहा जा रहा है, 2018 की एक शादी से जुड़ा है। आरोपी, 23 साल की अंजलि, 25 साल के संजय से एक फंक्शन में मिली थी, जहां वो वेटर का काम कर रहा था। वहां पर दोनों ने बातें की और उसे अपना नंबर दिया, लेकिन उस समय अंजलि का पास मोबाइल नहीं थी, जिस कारण दोनों की संपर्क टूट गया। साल 2024 में जब अंजलि ने फोन खरीदा तो उसने संजय से फिर से संपर्क किया। धीरे-धीरे, उनकी बातचीत बढ़ी और वे रिलेशनशिप में आ गए। हालांकि, उसके परिवार की कुछ और ही योजनाएं थीं। संजय के साथ रिश्ते में होने के बावजूद, उसके माता-पिता ने रावला में रहने वाले आशीष कुमार से उसकी शादी तय कर दी। 2025 में, उसके परिवार ने उसके लिए एक रिश्ता ढूंढ लिया, भले ही उसका दिल कहीं और था। 30 अक्तूबर, 2025 को अंजलि के परिवार ने उसकी शादी रावला के रहने वाले आशीष कुमार से कर दी।

# हरियाणा में 37000 खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा डाइट का खर्च: अनुराग ढांडा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की बीजेपी सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में आज सरकार पूरी तरह 'फनी सीएम मॉडल' पर चल रही है, जहां जनता की तकलीफ, खिलाड़ियों का भविष्य और बुजुर्गों की ज़िंदगी सरकार के एजेंडे से बाहर हो चुकी है। हरियाणा का नाम कभी खेलों और मेहनत की मिसाल के तौर पर लिया जाता था, लेकिन आज वही प्रदेश खिलाड़ियों की बदहाली, पेंशन कटौती और प्रशासनिक संवेदनहीनता की पहचान बनता जा रहा है। अनुराग ढांडा ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि हरियाणा में 37 हजार खिलाड़ियों को पिछले एक साल से डाइट भत्ता नहीं मिला और सरकार इसे सामान्य प्रशासनिक फैसला बताकर पल्ला झाड़ रही है। जिन खिलाड़ियों ने देश के लिए मेडल जीते, आज वही खिलाड़ी अपने खाने और पोषण के लिए परेशान हैं। खेल नर्सरियां बंद हैं, अभ्यास रुका हुआ है, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह के लिए यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। ऐसा लगता है जैसे सरकार को लगता है कि मेडल भाषणों और विज्ञापनों से आ जाते हैं, मैदान और पसीने से नहीं।

**कोचों को नहीं मिल रही सैलरी**

उन्होंने कहा, स्थिति यहीं खत्म नहीं होती। खेल नर्सरियों में काम कर रहे कोचों को 10 महीने से



सैलरी नहीं मिली, जिससे पूरा खेल तंत्र चरमरा गया है। जब कोच ही आर्थिक तनाव में होंगे, तो खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और ट्रेनिंग कैसे मिलेगी। लेकिन सरकार इस पर चुप है, मानो यह सब किसी और प्रदेश की समस्या हो। यही वजह है कि आज हरियाणा का खिलाड़ी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। 75 हजार बुजुर्गों की कट गई पेंशन अनुराग ढांडा ने बुजुर्गों के मुद्दे पर भी सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 75 हजार बुजुर्गों की पेंशन काट दी, और हैरानी की बात यह है कि किसान की फसल के दाम को 'कमाई' बताकर उसकी पेंशन रोक दी गई। जो किसान जीवन भर खेतों में मेहनत करता रहा, उसी को बुढ़ापे में यह कहकर दंडित किया जा रहा है कि अब वह पेंशन का हकदार नहीं है। यह सिर्फ नीतिगत असफलता नहीं, बल्कि अमानवीय सोच का उदाहरण है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नायब सिंह की छवि अब एक ऐसे मुख्यमंत्री की बनती जा रही है, जिसे जनता के असली मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। खिलाड़ी भूखे हैं, बुजुर्ग पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, किसान अपमानित महसूस कर रहे हैं, लेकिन सीएम साहब 'सब ठीक है' के भाव में नज़र आते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया और जनता के बीच उन्हें लेकर 'फन्नी सीएम' जैसी बातें हो रही हैं, क्योंकि सरकार गंभीर समस्याओं को भी हल्के में ले रही है। इसके उलट आम आदमी पार्टी ने यह साबित किया है कि अगर नीयत साफ हो तो व्यवस्था बदली जा सकती है। पंजाब में खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय स्टेडियम, समय पर भत्ते, सम्मान और सुविधाएं दी जा रही हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मुफ्त उपहारों की राजनीति पर रोक की सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

देश में चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह मुफ्त तोहफों या उपहारों की राजनीति की जा रही है, उसने एक तरह से नतीजों की शुचिता को कसौटी पर रख दिया है। भारतीय राजनीति में पिछले कई वर्षों से यह प्रवृत्ति जटिल होती गई है। हालांकि इस मसले पर सवाल भी उठे हैं और मुफ्त तोहफों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने को लोकतंत्र के लिए एक घातक चलन बताया गया है। विडंबना यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर वे भी इसी तरीके को एक औजार की तरह इस्तेमाल करते हैं। खासतौर पर जो दल या गठबंधन सत्ता में होते हैं, वे वादों या घोषणाओं के साथ-साथ चुनावों के ठीक पहले कोई योजना या कार्यक्रम लागू करने के जरिए भी मतदाताओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्त उपहारों को भारतीय राजनीति में एक घातक प्रवृत्ति बताया है, लेकिन इस पर रोक को लेकर अब तक कोई ठोस नियमन सामने नहीं आ सका है। यही वजह है कि आज राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की होड़ देखी जाती है कि वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को कौन कितना ज्यादा लाभ पहुंचाने की घोषणा करता है। नतीजतन, स्वच्छ चुनाव और विवादरहित नतीजे आज एक सदिच्छा की तरह लगने लगे हैं। राजनीतिक दलों से यह उम्मीद करना मुश्किल हो गया लगता है कि इस दिशा में वे अपनी ओर से कोई ऐसी पहल करेंगे, जो चुनावी जीत के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के चलन पर रोक लगाएं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मसले पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, तो इससे एक बार फिर मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि करीब चार साल पहले सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त या उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

## सवालों के घेरे में पुलिस सुरक्षा के दावे?

दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोगों की गुमशुदगी के मामले सामने आए। यानी इस दौरान प्रतिदिन औसतन 54 लोग देश की राजधानी से लापता हुए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों से जहां लोग भय और चिंता के साथ खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं, वहीं कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली जैसा शहर, जहां सुरक्षा के तमाम आधुनिक इंतजाम होने के दावे किए जाते हैं, वहां अगर इतनी बड़ी संख्या में लोग लापता हो रहे हैं, तो यह वास्तव में गहरी चिंता का विषय है। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेने, उन पर अंकुश लगाने और लोगों के मन में सुरक्षा का भाव एवं भरोसा बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है? स्थानीय पुलिस का तो कहना है कि गुमशुदा मामलों के आंकड़ों से लोगों को घबराने या दहशत में आने की जरूरत नहीं है। दलील दी जा रही है कि पिछले वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस बार लापता लोगों की संख्या में कमी आई है। यानी गत वर्ष जनवरी के शुरुआती दो सप्ताह में इससे भी कहीं ज्यादा लोग लापता हुए थे! इससे पुलिस की लापरवाही और असंवेदनशीलता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोगों की गुमशुदगी के मामले सामने आए। यानी इस दौरान प्रतिदिन औसतन 54 लोग देश की राजधानी से लापता हुए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि लापता व्यक्तियों से संबंधित सभी शिकायतों को तुरंत दर्ज किया जाता है और उनकी जांच की जाती है। अगर इन दावों को सच मान भी लिया जाए, तो सवाल यह है कि पुलिस का काम क्या सिर्फ किसी अपराध के बाद अपराधी को पकड़ने का ही है।

*जहां तक व्यापार डील की प्रगति की बात है तो दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं, जिसमें हाल ही में ट्रंप ने भारत पर टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया। जबकि, दूध, कृषि और डेटा स्थानीयकरण जैसे मुद्दों पर बातचीत जारी है, लेकिन रैसिप्रोकल टैरिफ और जीएसपी लाभ बहाली चुनौतियां बनी हुई हैं। पहला चरण सितंबर-अक्टूबर 2025 तक पूरा करने की कोशिश थी।*

## ईरान को सबक सिखाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति ट्रंप-मोदी के आपसी रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने के द्विपक्षीय व वैश्विक मायने

**(कमलेश पांडे )**

ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि अमेरिका-भारत-यूरोपीय संघ यानी जी-7 प्रभुत्व वाले प्रेम त्रिकोण और भारत-रूस-चीन यानी ब्रिक्स देश वाले प्रेम त्रिकोण के बीच भारत कब, कैसे और कितना गुटनिरपेक्ष संतुलन बना पाएगा, अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रख पाएगा? क्योंकि सब कुछ इन्हीं द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बातों-मुलाकातों पर निर्भर करेगा। दुनिया के दो बड़े लोकतंत्र और पहली-चौथी अर्थव्यवस्था वाले देश अमेरिका व भारत में पुनः प्रेम के पींगे परवान चढ़ने शुरू हो गए। तमाम अंतर्राष्ट्रीय व द्विपक्षीय विरोधाभासों के बीच पारस्परिक सहयोग के विभिन्न जटिल पहलुओं पर जो रजामंदी दिखाई गई और फिर यह तय हुआ कि धीरे धीरे प्यार को बढ़ाना है, हद से गुजर जाना है! जिसके अपने वैश्विक निहितार्थ हैं। शायद इसी हद पर वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवंतु सुखिनः की गारंटी निर्भर है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि अमेरिका-भारत-यूरोपीय संघ यानी जी-7 प्रभुत्व वाले प्रेम त्रिकोण और भारत-रूस-चीन यानी ब्रिक्स देश वाले प्रेम त्रिकोण के बीच भारत कब, कैसे और कितना गुटनिरपेक्ष संतुलन बना पाएगा, अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रख पाएगा? क्योंकि सब कुछ इन्हीं द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बातों-मुलाकातों पर निर्भर करेगा। इसलिए कूटनीतिक हल्के में इस बात की आशंका अभी से ही जताई जा रही है कि आखिर अमेरिका कब तक अपने इस परिवर्तित स्टैंड पर कायम रहा पाएगा? क्या भारत को हांकने या फंसाने की उसकी फितरत बदल पाएगी? और यदि नहीं तो फिर नए भारत की उस पर क्या सधी प्रतिक्रिया होगी? जैसा कि भारत ने रणनीतिक ट्रेलर अमेरिका को दिखा भी दिया है जिसकी वजह से बिगड़ैल ट्रंफ 9 महीने बाद ही सही पर पुनः काबू में आए हैं। ऐसा इसलिए कि भारत के पास द्विपक्षीय विकल्पों की कमी नहीं है! इस प्रकार देखा जाए तो डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच के संबंध जो साल 2025 की गर्मियों में व्यापारिक तनाव, रूस से भारत के भरोसेमंद संबंधों और टैरिफ पर टैरिफ युद्ध के कारण ठंडे पड़ गए थे, अब फरवरी 2026 आते आते गर्म होने लगे हैं। अब इनके बीच का वासंतिक प्रेम पुनः जाग गया है और आर्थिक रुमानियत और रणनीतिक अठखेल पुनः परवान चढ़ने के संकेत मिलने लगे हैं। जहां तक मोदी-ट्रंफ के बीच के तनाव के मुख्य कारणों की बात है तो 2025 में ट्रंप ने भारत के निर्यात पर 50त्न तक टैरिफ बढ़ा दिए, खासकर टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स और जेम्स पर, जिससे द्विपक्षीय व्यापार वार्ता रुक गई। समझा जाता है कि भारत का रूस से तेल और हथियार खरीदना अमेरिका को पसंद नहीं आया, जबकि पाकिस्तान के प्रति ट्रंप का नरम रुख भी विवादास्पद रहा। वहीं, चुनावी राजनीति और अमेरिका फर्स्ट नीति ने व्यक्तिगत रसायन को प्रभावित किया। और अब जब मोदी-ट्रंप के आपसी रिश्ते पर जमी बर्फ के पिघलने की प्रक्रिया की बात हुई तो बताया गया कि ट्रंप ने सितंबर 2025 में ही मोदी की तारीफ की और रिश्तों को खास बताया, जिसका मोदी ने सोशल मीडिया पर जवाब भी दिया। भारत की चुप्पी कूटनीति और एससीओ (एससीओ) जैसे मंचों पर मजबूत स्थिति और भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) ट्रेड डील ने अमेरिका को भारत की अहमियत समझाई। लिहाजा, फरवरी 2026 में ही ट्रंप की मोदी से फोन कॉल ने जमी बर्फ को पूरी तरह पिघला दिया, जिससे ट्रेड डील की राह आसान हुई। कहना न होगा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील में टैरिफ विवाद फरवरी 2026 में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की फोन वार्ता से सुलझा। अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया, जबकि भारत ने रूसी तेल खरीद बंद करने और अमेरिकी उत्पादों पर जीरो टैरिफ का वादा किया। इस समझौते की मुख्य शर्तें इस प्रकार हैं- ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि मोदी के अनुरोध पर तत्काल प्रभाव से रेसिप्रोकल टैरिफ कम किया गया। रूस से तेल आयात रोकना, अमेरिका/वेनेजुएला से अधिक खरीद, और नॉन-टैरिफ बैरियर्स हटाना प्रमुख रियायतें रहीं। कुल टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया, जिसमें रूसी तेल से जुड़ा 25 प्रतिशत दंड समाप्त हुआ। जहां तक इनको सुलझाने की प्रक्रिया की बात है तो बेहद लंबी वार्ताओं के बाद (अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक) फोन कॉल ने अंतिम मुहर लगाई। भारत ने कृषि, डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्र बचाए, जबकि अमेरिका को व्यापार घाटा कम करने का लाभ मिला। यह द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का रास्ता साफ करता है। इस प्रकार ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ (खासकर रूसी तेल खरीदने के कारण) अब पूरी तरह हटाए लिए गए हैं, क्योंकि हालिया टेलीफोनिक वार्ताओं से सकारात्मक प्रगति हुई है। सितंबर 2025 में भारत-अमेरिका के बीच 7 घंटे की बैठक के बाद चर्चाएं तेज हुईं, जहां 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ हटाने पर सहमति बनी। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने कहा कि 8-10 हफ्तों में विवाद सुलझ सकता है, जिसमें रेसिप्रोकल टैरिफ भी घटेंगे। इसलिए फरवरी 2026 तक ट्रंप-मोदी फोन कॉल ने गति दी, लेकिन पूर्ण समाधान एससीओ जैसे मंचों पर निर्भर है। फिर भी चुनौतियां अभी बाकी हैं। 50त्न टैरिफ स्टील, एल्यूमीनियम, टेक्सटाइल पर अभी प्रभावी हैं, हालांकि निर्यात में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई। अमेरिकी सांसदों ने इन्हें खत्म करने की मांग की, लेकिन ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति बाधा बनी हुई है। इस प्रकार भारत अमेरिका डील के द्विपक्षीय मायने स्पष्ट हैं। भारत और अमेरिका के बीच हालिया डीलें, विशेष रूप से रक्षा और व्यापार समझौते, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण हैं। ये डीलें रणनीतिक साझेदारी को गहरा करती हैं, भले ही टैरिफ जैसे विवाद बने रहें। खासकर रक्षा समझौते का अपना महत्व हैं। भारत-अमेरिका ने 10 साल के रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 2015 की रणनीतिक साझेदारी पर आधारित है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, सूचना साझाकरण और हिंद-प्रशांत में चुनौतियों (जैसे चीन का प्रभाव) का सामना करने के लिए आधारशिला बनेगा।

## संसद की गरिमा को बचाने की ज़रूरत

**(प्रो. संजय द्विवेदी)**

हाल ही में लोकसभा में हुए अभूतपूर्व हंगामे ने संसदीय मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है, जहाँ प्रधानमंत्री को भी सदन को संबोधित करने से रोका गया, जो नेहरू-वाजपेयी द्वारा स्थापित संवाद की परंपरा के क्षरण और लोकतंत्र के लिए एक निराशाजनक संकेत है। देश की संसद हमारे लोकतांत्रिक आचरण, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की शुचिता का केंद्र होनी चाहिए। जहां संवाद से संकटों के हल खोजे जाएं। लेकिन पिछले दो दिनों में लोकसभा में जो हुआ,वह बहुत निराशाजनक है। सदन के नेता प्रधानमंत्री ही अगर अपने सदन को संबोधित न कर सकें, इससे ज्यादा निराश करने वाली बात क्या हो सकती है। ये हुआ , सबने देखा। यह संसदीय मर्यादाओं के तार-तार होने का भी समय है। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को यह अपील करनी पड़ी कि प्रधानमंत्री लोकसभा में न आएं और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब न दें। लोकसभा अध्यक्ष ने किस तरह की आशंकाओं के कारण ऐसा कहा होगा, इसे समझा जा सकता है। इसके पहले सदन में हुए हंगामे, कागज फाड़कर आसंदी पर फेंकने जैसे दृश्य तो संसद ने अनेक बार देखे हैं। बावजूद इसके एक अभूतपूर्व दृश्य भी लोकसभा ने देखा जब लगभग सात महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक जा पहुंचीं। क्या हो सकता था, इसका अनुमान लगाना ठीक नहीं। किंतु बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने जो कुछ कहा वह बताता है, संसदीय मर्यादाओं की सीमाएं लांघते हुए हमारे सांसद दिखे। परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री देते हैं । इसकी न सिर्फ अपेक्षा रहती है बल्कि प्रतीक्षा भी आखिर सरकार के मुखिया क्या कहते हैं। स्थापित मान्यता यहां टूटती दिखी। प्रधानमंत्री लोकसभा को संबोधित नहीं कर सके। राज्यसभा में भी उनका भाषण विपक्ष की गैरमौजूदगी में हुआ। संसदीय लोकतंत्र में विरोध और संवाद साथ -साथ चलते हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद में पहले दिन से बहस और संवाद की संस्कृति को संरक्षित किया। वे यह चाहते थे अच्छे लोग संसद में आएं और संसदीय बहसों का स्तर ऊंचा हो। अपने विरोधी सांसदों की भी वे प्रशंसा करते हुए नजर आते हैं। दिग्गज सांसद राममनोहर लोहिया से लेकर युवा सांसद अटल बिहारी बाजपेई को भी उन्होंने ध्यान से सुना। यह परंपरा बाद के प्रधानमंत्रियों ने भी बनाए रखी। विपक्ष भी अपने आचरण में मर्यादित रहा। संसद हमारे लोकतांत्रिक स्वभाव का आईना बनी रही। आपातकाल लागू होने के बाद क्षरण जरूर हुआ किन्तु बाद के दिनों में सब कुछ संभल गया। नरसिंहराव, चंद्रशेखर, अटलजी स्वयं बड़े संसदविद् थे और सदन गरिमा के साथ चलता रहा। कड़ी आलोचना के साथ , संवाद कायम रहा। पिछले कुछ समय से संवाद बंद है और कटुता बहुत बढ़ गई है। संसद शब्द की हिंसा का केंद्र बन गयी है। अपने सहयोगी सांसद को गद्दार की संज्ञा देना जैसे उदाहरण किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह शुभ नहीं है। यह सही बात है कि सदन को चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन विपक्षी दलों के सहयोग के बिना सदन नहीं चल सकता यह भी सच है। सदन में मिले विशेषाधिकार का लाभ लेकर सांसदों द्वारा हमारे महान दिवंगत नेताओं को कोसना , उनके जीवन के निजी पक्षों को किताबों के संदर्भ देकर उठाना कितना उचित है? इसके साथ ही बिना तथ्यों के किसी अनछपी किताब के उदाहरण से सरकार को घेरने की कोशिश भी बचकानी ही है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5999

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5998

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## वर्ग पहेली 5999

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | 14 | ■ | | ■ | 15 | | |
| 16 | | | | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | | | 18 | 19 |
| 20 | | | | ■ | 21 | | |
| | ■ | ■ | 22 | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. संसार की सबसे अधिक सड़के इस देश में है (3)
4. भारत की इस नदी को वृद्धगंगा भी कहा गया है (4)
7. राजपत्र को यह भी कहते है (3)
8. वह जो दूसरों को कुछ न कुछ देते रहता हो (3)
9. कुछ समय के लिए रोकने का भावख निलंबन, रूकाव (2)
11. इस कृति के लिए महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था (2)
13. छंद गति, संगीत तर्ज, नीर और क्षीर मिश्रण (2)
15. आतंकानुभाती, मनोघात, फोबिया, भयानुभूति (3)
16. सुंदर स्त्री, पूर्व प्रसारित टीवी धारावाहिक महाभारत में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री (4)
17. घात स्थान या संधि गुप्त को यह भी कहा जाता है (5)
20. पशु, मवेशी (4)
21. ज्वेल बीयरिंग, हीरा (3)
22. नासमझ, अनुभवहीन, भोला (3)

**ऊपर से नीचे**
1. तकदीर या किस्मत के सितारे चमकना, भाग्योदय होना (5)
2. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
3. दलबंदी से दूर रहने वाला, उदासीन (3)
4. यह मुंशी प्रेमचंद का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण उपन्यास माना जाता है (3)
5. देने वाला, दायक (2)
6. विवाह हेतु वर का वधू के यहां संबंधी रिश्तेदारों को यहां जाना (4)
10. घारे ध्वनि करना, तेज आवाज करना (6)
12. माह, तीस दिनों का समय, महीना (2)
14. यज्ञपति, भूतिभर्ता (4)
15. निसंतान, बेओलाद, वंशहीन (5)
18. मांद, गड्डा, गुहा (2)
19. रूक-रूककर बोलने वाला और अस्पष्ट उच्चारण करने वाला (3)
20. हरियाणा की प्रसिद्ध जाति (2)

### वर्ग पहेली 5998 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त | र | प्र | दे | श | ■ | गो |
| मा | ■ | ज | ति | न | ■ | स | दा |
| भा | र | त | ■ | दा | ■ | ल | व |
| र | ज | ■ | गो | र | स | ■ | री |
| ती | त | र | ■ | ■ | र्व | ■ | ■ |
| ■ | प | व | न | पु | त्र | ■ | स |
| अ | ट | क | ल | ■ | ■ | ता | ज |
| ज | ■ | ना | क | र | ग | ड़ | ना |

## आज का राशिफल

### मेष

आज पुण्य कार्यों पर धन खर्च होगा। भाग्य सुख भाव में संचार कर रहे हैं। इसके फल स्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन खर्च होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति बनी रहेगी।

### वृष

आज व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। दिन भाग्योदय का दिन है। राशि का स्वामी बुध अष्टम आय पराक्रम में चन्द्रमा के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। इस दौरान व्यापार को आगे बढ़ाने को लेकर लिया गया निर्णय आपके लिए लाभकारी रहेगा। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा।

### मिथुन

आज सफलता की ओर कदम बढ़ेंगे।राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं।

### तुला

आज शुभ कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। आज का दिन आपके लिए शुभ कार्यों में दिलचस्पी बढ़ाने वाला रहेगा।इसके साथ ही संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें भी समाप्त होंगी। राशि का स्वामी चन्द्रमा तुला राशि में गत होने से श्रेणी में हीन कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है।

### वृश्चिक

आज घर में धन धान्य की वृद्धि होग ऐसे में आपको राज्य कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में धन धान्य की वृद्धि होगी। जीवनसाथी से धन का लाभ का योग बन रहा है। इसके अलावा शत्रुओं पर विजय मिलेगी और आपके सभी मनोरथ सिद्धि होंगे। रात के समय में मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा।

### धनु

आज आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होगी। दिन चुनौती पूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। आप अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब रहेंगे। इससे आने वाले समय में वरिष्ठ अधिकारी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

### कर्क

आज सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे, वहीं दिन चुनौती पूर्ण रहेगा। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थी ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी। दिन के अंत में परिवार के साथ सुकून के पल बिताने अवसर मिलेगा।

### सिंह

आज आय कम और खर्च अधिक रहेगा। ऐसे में अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और खर्च अधिक रहेगा। इस दौरान आपके गुप्त शत्रु भी सक्रिय रहेंगे। व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है।

### कन्या

आज भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों द्वारा आपके लिए किया जा रहा षड़यंत्र पूरा तरह से असफल हो जाएगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी।

### मकर

आज किसी विवाद का समाधान निकलेगा। प्रभावशाली लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। इससे आपका मन में प्रसन्न होगा। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि या जायदाद से संबंधित किसी विवाद का समाधान भी होता दिख रहा है। हालांकि, शाम के समय स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बाहर का खानपान से परहेज करें। नहीं तो अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

### कुंभ


आज कमा-कमाया धन मिलने का योग। आज का कर्म फल की सिद्धि कारक है। ऐसे में आपको कहीं से कमा-कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाई-बंधुओं से मतभेद व क्रोध अधिक न करें। आज घर में अत्यधिक कार्य रहेगा जिससे आपको थकान हो सकती है। आपके जन संपर्क में वृद्धि होगी।कोई नया मित्र आपके जीवन में आ सकता है।

### मीन

आज आय के नए स्रोत सामने आएंगे । आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारी रहेगा। परिवार में खुशियां आएगी। वहीं मनोरंजन स्थल पर जाने का अवसर है। आपके द्वारा लिया गया निर्णय आगे चलकर लाभप्रद रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# किम कर्दाशियन और हैमिल्टन ने रिश्ते पर लगाई मुहर? कैमरे में कैद हुई केमिस्ट्री



**कैलिफॉर्निया।** सुपर बाउल एलएक्स में किम कर्दाशियन और लुईस हैमिल्टन की साथ मौजूदगी ने उनके रिश्ते को लेकर चल रही चर्चाओं को नई हवा दे दी। यूरोप में साथ वक्त बिताने की खबरों के बाद यह पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी। फिलहाल दोनों ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन तस्वीरें बहुत कुछ कह रही हैं।

सुपर बाउल एलएक्स के दौरान एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने एंटरटेनमेंट दुनिया में हलचल मचा दी। किम कर्दाशियन और फॉर्मूला-वन स्टार लुईस हैमिल्टन कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज स्टेडियम में मैच का आनंद लेते हुए साथ दिखाई दिए।

इंटरनेशनल ब्रॉडकास्ट में दोनों को साथ देखकर रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों ने और जोर पकड़ लिया। कई वर्षों से दोस्त रहे किम (45) और हैमिल्टन (41) को पहली बार इस तरह आधिकारिक अंदाज में साथ देखा गया तो फैंस कहने लगे कि दोनों ने अपना रिश्ता लगभग ऑफिशियल कर दिया है। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो गए, जिनमें दोनों बातचीत करते और मुस्कुराते नजर आए।



### लुक ने भी खींचा ध्यान

इस खास मौके पर किम ने ब्लैक कोट और डायमंड चोकर पहना था। उन्होंने नए बैंग्स हेयरस्टाइल के साथ एंट्री ली। उनके हेयरस्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन ने मैच से पहले फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'सुपर बाउल बैंग्स।'

### यूरोप ट्रिप से बढ़ीं चर्चाएं

रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपर बाउल से पहले दोनों यूरोप में भी साथ वक्त बिता चुके हैं। वे कॉट्सवॉल्ड्स के एस्टेल मैनर में ठहरे, जहां प्राइवेट डिनर की खबरें भी सामने आईं। इसके बाद लंदन और फिर पेरिस तक उनका सफर चला। द सन से बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, 'किम और लुईस दोनों के काम के शेड्यूल बहुत व्यस्त हैं, इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा समय साथ बिताना चाहते हैं। अभी वे अलग नहीं हो पा रहे और किम के काम के हिसाब से डेट्स प्लान कर रहे हैं।'

### किम ने रिश्तों पर क्या कहा था

हाल ही में बहन क्लो कर्दाशियन के पॉडकास्ट पर किम ने रिश्तों को लेकर अपनी सोच साझा की थी। उन्होंने कहा, 'अच्छे संस्कार और मूल्य, शांत स्वभाव, भरोसेमंद और जिम्मेदारी लेने वाला इंसान। मेरे लिए यह सबसे अहम है।' उन्होंने अपने बच्चों को प्राथमिकता बताते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे बच्चों को मेरी जरूरत है। हर रात मैं उन्हें सुलाती हूं, सुबह उठाती हूं, स्कूल भेजती हूं। मेरे पास वक्त नहीं रहा और मैं इससे ठीक हूं।'

### अभी तक चुप्पी

हालांकि वायरल तस्वीरों और बढ़ती अटकलों के बीच किम और लुईस, दोनों ने ही अपने रिश्ते पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन फैंस बेहद उत्सुक हैं।

# अर्जुन कुच्छल ने श्री पी एम रुंगटा मेमोरियल गोल्फ ट्रॉफी जीती

### कपिल देव, मदन लाल एवं गगन खेड़ा सहित 143 गोल्फर टूर्नामेंट में शामिल हुए

**जयपुर (एजेंसी)।** अर्जुन कुच्छल ने यहां आयोजित श्री पी एम रुंगटा मेमोरियल गोल्फ कप 2026 में ओवरऑल ग्रॉस विनर रोलिंग ट्रॉफी जीती है। इस गोल्फ टूर्नामेंट में भारतीय टीम के



पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव, पूर्व क्रिकेटर मदन लाल एवं गगन खेड़ा सहित करीब 143 गोल्फर्स ने भाग लिया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों और हैंडीकैप कैटेगरी के विजेताओं एवं उपविजेताओं को भी सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में कई क्षेत्रों से जुड़े गोल्फरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता स्टेबलफोर्ड- सिंगल पियोरिया फॉर्मेट में खेली गई। हैंडीकैप श्रेणियों में उपविजेता के रूप में 0-9 कैटेगरी में दीप करन सिंह, 10-18 कैटेगरी में योगेंद्र सिंह, तथा 19-24 कैटेगरी में योगेंद्र गोटेवाल रहे।

वहीं हैंडीकैप श्रेणियों में विजेताओं में 0-9 कैटेगरी में हिमांशु सिंह, 10-18 कैटेगरी में देवेंद्र राजावत, तथा 19-24 कैटेगरी में अंकुर ठाकुर शामिल रहे। वेटरन गोल्फर अवॉर्ड डॉ. बसंत खेतान ने जीता जबकि लेडी गोल्फर का खिताब विम्मी भाटिया को मिला। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा गोल्फ के प्रति इतना उत्साह और सभी प्रतिभागियों में खेल भावना देखकर सभी को प्रेरणा मिलती है। श्री पी. एम. रुंगटा मेमोरियल गोल्फ कप जैसे आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को एक मंच पर भी लाते हैं। मैं सभी विजेताओं को बधाई देता हूं और आने वाले वर्षों में इस टूर्नामेंट को और आगे बढ़ते देखने के लिए उत्साहित हूं।

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया

### टीम ने इस वर्ल्डकप का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, जॉर्ज मुन्से का अर्धशतक

**कोलकाता (एजेंसी)।** स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। सोमवार को ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने डेब्यू कर रही इटली टीम को 73 रन से शिकस्त दी। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए इस मैच में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने इस फैसले को गलत साबित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर रहा। टारगेट का पीछा करते हुए इटली की टीम 17.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी। इटली के कप्तान वेन मैडसेन कंधे में चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं

● **लीस्क का ऑलराउंड परफॉर्मेंस –** स्कॉटलैंड की जीत में ओपनर जॉर्ज मुन्से की अर्धशतकीय पारी अहम रही। मुन्से ने 84 रन बनाए, जबकि उनका विकेट ग्रांट स्टीवर्ट ने लिया, जो इटली के टी–20 वर्ल्ड कप इतिहास का पहला विकेट भी रहा। इटली की टीम इस टूर्नामेंट के जरिए पहली बार वर्ल्ड कप में उतरी है। मुन्से के अलावा ब्रैंडन मैकमुलेन ने नाबाद 41 रन बनाए और माइकल जोन्स ने 37 रन का योगदान दिया। वहीं, माइकल लीस्क ने महज 5 गेंदों पर नाबाद 22 रन ठोके और गेंदबाजी में भी 4 विकेट झटके। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्कॉटलैंड की पारी की नींव मुन्से और जोन्स के बीच पहले विकेट के लिए हुई 126 रन की शानदार साझेदारी ने रखी।




### दोनों टीमों की प्लेइंग

**स्कॉटलैंड:** जॉर्ज मुन्से, माइकल जोन्स, ब्रैंडन मैकमुलेन, रिची बेरिंगटन (कप्तान), टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस (विकेटकीपर), मार्क वॉट, माइकल लीस्क, ओलिवर डेविडसन, ब्रैड व्हील, ब्रैड करी।

**इटली:** एंथोनी मोस्का, जस्टिन मोस्का, जेजे स्मट्स, वेन मैडसेन (कप्तान), हैरी मैनेंटी, बेन मैनेंटी, ग्रांट स्टीवर्ट, जियान पिएरो मीडे (विकेटकीपर), क्रिसन कलुगामागे, थॉमस ड्राका, अली हसन।

### मैनेंटी ब्रदर्स के बीच अर्धशतकीय साझेदारी

इटली के लिए बेन मैनेंटी (28 साल) ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 31 बॉल पर 52 रन बनाए। उनके अलावा उनके छोटे भाई हैरी मैनेंटी (25 साल) ने 37 रन की पारी खेली। दोनों भाइयों के बीच चौथे विकेट 46 बॉल पर 73 रन की पार्टनरशिप हुई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने 4 विकेट झटके। मार्क वॉट ने 2 विकेट लिए। ब्रैड करी, ब्रैड व्हील और ओलिवर डेविडसन को 1–1 विकेट मिला।

# भांबरी-धाक्षिणेश्वर की मैराथन डबल्स जीत

**नई दिल्ली। युकी भांबरी और धाक्षिणेश्वर सुरेश ने रविवार को खेले गए डेविस कप क्वालिफायर्स राउंड-1 मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ रोमांचक डबल्स मैच जीतकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारतीय जोड़ी ने तीन घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर आरेंड्स को 7-6 (0), 3-6, 7-6 (1) से हराया। कप्तान रोहित राजपाल का एन. श्रीराम बालाजी की जगह धाक्षिणेश्वर को उतारने का फैसला निर्णायक साबित हुआ। 1-1 की बराबरी के बाद दोनों टीमें बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थीं और यह मैच धैर्य, मानसिक मजबूती और दबाव में संयम की कड़ी परीक्षा बन गया।**



### पहला सेट

पहले सेट में भांबरी की सर्विस लगातार दबाव में रही, खासकर सातवें गेम में जब उनके पहले सर्विस ने साथ छोड़ दिया। 30-ऑल पर डबल फॉल्ट से डच जोड़ी को ब्रेक प्वाइंट मिला, लेकिन भांबरी ने सटीक रिटर्न से खतरा टाल दिया। इसके बाद धाक्षिणेश्वर ने गेम प्वाइंट पर आसान बैकहैंड वॉली चूक दी और आरेंड्स के अटपटे लेकिन असरदार ओवरहेड स्मैश से मेहमान टीम को फिर मौका मिला, मगर भारतीय जोड़ी ने किसी तरह गेम बचा लिया। 11वें गेम में भारत को पांच ब्रेक प्वाइंट झेलने पड़े, लेकिन भांबरी और धाक्षिणेश्वर ने सभी खतरे टालते हुए सर्विस बचाई, जिससे दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आखिरकार सेट टाईब्रेक में पहुंचा, जहां भारतीय जोड़ी ने गियर बदलते हुए बिना एक भी अंक गंवाए टाईब्रेक अपने नाम कर लिया।

### दूसरा सेट

दूसरे सेट में मैच का रुख बदल गया। पेल की सर्विस पर भारतीय टीम मौके नहीं भुना सकी, जबकि भांबरी की डबल फॉल्ट से नीदरलैंड्स को अहम ब्रेक मिला। आरेंड्स ने शानदार बैकहैंड वॉली रिटर्न विनर लगाकर बढ़त बनाई और डच जोड़ी ने सेट जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया।

### तीसरा सेट

निर्णायक सेट में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। भारत को शुरुआती ब्रेक के कई मौके मिले, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। धाक्षिणेश्वर ने दबाव में शानदार खेल दिखाते हुए ब्रेक प्वाइंट बचाया। मैच का निर्णायक मोड़ तब आया जब आरेंड्स ने बाएं हाथ की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट लिया। इसके बाद उनकी सर्विस की धार कम हो गई, जिसका फायदा उठाकर भारतीय जोड़ी ने आखिरकार नियंत्रण हासिल किया और टाईब्रेक में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने टाई में 2-1 की अहम बढ़त बना ली है। अब रिवर्स सिंगल्स में सुमित नागल का सामना जेस्पर डी यॉन्ग से होगा, जबकि इसके बाद धाक्षिणेश्वर सुरेश का मुकाबला गाय डेन ओडन से तय है।



इटली में बायएथलॉन मिक्स्ड रिले में रजत पदक जीतने के बाद उत्साहित होती हुई इटली की टोमाको गियाकोमेल।

# भारत के तेजस्विन ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता

● पूजा, तजिंदरपाल को रजत

● पांच पदक जीतकर छठे स्थान पर रहा भारत

**तिआनजिन (एजेंसी)।** भारत के तेजस्विन शंकर ने चीन में आयोजित एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। शंकर ने पुरुषों की हेप्टाथलॉन स्पर्धा में ये स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही भारतीय दल ने इस टूर्नोमेंट में कुल पांच पदक जीते हैं। इस प्रकार भारतीय को पदक तालिका में छठा स्थान मिला है। वहीं मेज़बान चीन ने कुल 10 स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य पदक 34 पदक के साथ ही पहला स्थान हासिल किया है। तेजस्विन ने हेप्टाथलॉन में कुल 5993 अंकों के साथ ही स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर इंडोर रिकॉर्ड भी



तोड़ा। इससे पहले उनका सबसे अधिक स्कोर 5650 अंक का था, ये उन्होंने साल 2021 में अमेरिका में बनाया था।शंकर ने इस टूर्नामेंट में पहले दिन से ही बढ़त हासिल कर ली। जो दूसरे दिन भी जारी रखी। उन्होंने 60 मीटर बाधा दौड़ के साथ ही पोल वॉल्ट और 1000 मीटर दौड़ में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया।

वहीं भारत की ही पूजा ने महिलाओं की ऊंची कूद में 1.87 मीटर छलांग लगाकर रजत जबकि तजिंदरपाल सिंह तोर ने पुरुषों की शॉट पुट में 20.05 मीटर गोला फेंककर रजत पदक हासिल किया। एंसी सोजन ने लंबी कूद में 6.21 मीटर छलांग लगाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। शॉट पुट स्पर्धा में चीन के चेंगयू चेन ने 20.07 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं भारत के समरदीप सिंह गिल लंबी कूद में 18.97 मीटर छलांक लगाकर पांचवें स्थान पर रहे।महिलाओं की लंबी कूद में भारत की मौमिता मंडल ने 6.01 मीटर की छलांग लगाकर छठा स्थान प्राप्त किया।

# भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप मैच खेलने पीसीबी ने रखीं शर्तें

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप मैच में खेलने को लेकर सौदेबाजी शुरु कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा है कि वह भारत के खिलाफ विश्व कप में खेल सकता है पर उसकी तीन मांगों को पूरा करना होगा। पीसीबी को पता है कि आईसीसी इन मांगों को मानने तैयार नहीं होगा। उसकी मांग है कि बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने के लिए बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए। बांग्लादेश को विश्वकप में भाग न लेने के बाद भी पार्टिसिपेशन फीस और 3- भविष्य के आईसीसी टूर्नामेंट्स के लिए पाकिस्तान को मेजबानी का अधिकार दिया जाए। इस रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी आईसीसी के सामने 2 मांगें रखी है। पहली मांग ये कि मुआवजा दो और दूसरी मांग ये कि आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दो।



वहीं आईईसीसी के इस प्रकार की सौदेबाजी के लिए तैयार होने की संभावना नहीं है। इससे पहले पाक ने पिछले साल एशिया कप के दौरान भी टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी जब भारतीय खिलाड़ियों ने मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ मिलाने से मना कर दिया था। इस बाद उसने पूरा टूर्नोमेंट खेला था। वहीं बांग्लादेश को पहले ही विश्वकप से बाहर कर दिया है। ऐसे में आईसीसी के उसे मुआवजा देने का सवाल भी नहीं उठाता है। आईसीसी ने हालांकि लाहौर में बीसीबी के अधिकारियों से बातचीत की। वहीं ये भी कहा जा रहा है पीसीबी में भी बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी के प्रति नाराजगी है। नकवी केंद्रीय गृह मंत्री भी हैं। नकवी जहां भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर अड़े हुए हैं वहीं पीसीबी के कुछ अधिकारी चाहते हैं कि पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच खेलना चाहिए।

### नकवी से मिले आईसीसी उपध्यक्ष ख्वाजा, भारत-पाक मैच होने की उम्मीदें बनीं

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्वकप मैच के बहिष्कार के फैसले को वापस ले सकता है। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी की लाहौर में रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा से मुलाकात के बाद ये विवाद सुलझने की संभावना बढ़ गयी है। इसके लिए एक बैठक यहां के गद्दाफी स्टेडियम में हुई है। पाक मूल के ख्वाजा आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करते हैं और पीसीबी पर उनकी अच्छी पकड़ है। बोर्ड में एसोसिएट सदस्य निदेशक के तौर पर उनके पास वोटिंग का अधिकार भी है। आईसीसी बोर्ड ने ख्वाजा को एक मध्यस्थ के रूप में रखा है। बोर्ड के अनुसार ख्वाजा पिछले कुछ समय से नकवी के संपर्क में हैं।

# इटली में खेल सुविधाएं नहीं होने से इंग्लैंड गये थे जसबीर

**चेन्नई (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप के लिए इटली की टीम में शामिल तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह मूल रुप से भारत के पंजाब के रहने वाले हैं। जसप्रीत का परिवार कई साल पहले इटली चला गया था। जसप्रीत के अनुसार उनके लिए यहां खेलना आसान नहीं था क्योंकि इटली में क्रिकेट लोकप्रिय नहीं है। ऐसे में खेल के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं थीं। इस कारण उन्हें एक स्थानीय बर्गमो क्रिकेट क्लब से जुड़ना पड़ा। यहां साधारण सुविधा थी। उसकी प्रतिभा को देखते हुए लोगों ने उसे क्रिकेट कौशल को निखारने इंग्लैंड जाने को कहा। इसके बाद वह बर्मिंघम पहुंच कर खेलने लगे। यहां उन्होंने टैक्सी चालक का भी काम किया। जसप्रीत ने कहा, जब मैं बच्चा था तो भारत में क्रिकेट खेलता था और जब मैं इटली गया तो मैं वही करना चाहता था पर जब मैं इटली गया तो वहां क्रिकेट नहीं था, कोई सही स्टेडियम या ग्राउंड नहीं थे, जैसे मैंने पंजाब में देखे थे। बर्मिंघम एवं जिला प्रीमियर लीग में खेलने वाले 32 वर्षीय जसप्रीत ने कहा, जब मुझे इसके बारे में पता चला तो मैं इंग्लैंड जाकर वहां खेलने लगा क्योंकि वहां टर्फ विकेट थे और खर्चों को पूरा करने के लिए मैंने टेक्सी चलाना शुरू किया।

## न्यूज बाइट्स

### मेगा ड्राइव में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के 113 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में आयोजित मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के 113 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली है। इस प्लेसमेंट अभियान में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर छात्रों का चयन किया, जिससे संस्थान में उत्साह का माहौल रहा। चयनित विद्यार्थियों को तीन से पांच लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने बताया कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की तकनीक आधारित शिक्षा नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उद्योग–संस्थान सहयोग को और मजबूत कर छात्रों के लिए रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### आज से जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की शुरुआत

# जिले में 20 लाख से अधिक लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया दवा

### 930 टीमें घर-घर जाकर दवा का सुरक्षित सेवन सुनिश्चित करेंगी

- गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी।
- सामान्य बीमारियों जैसे शुगर, बीपी या अर्थराइटिस से पीड़ित लोगों को दवा दी जाएगी।
- हल्की मितली या चक्कर आना दवा के असर का सामान्य संकेत माना जाएगा।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के तहत औरंगाबाद जिले के 20 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जाएंगी। अभियान की सफलता को लेकर सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस विशेष अभियान के लिए कुल 930 टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराएंगी। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक फॉलो-अप अभियान चलाकर छूटे हुए लाभार्थियों को भी दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे।

सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। सामान्य रोग जैसे रक्तचाप, शुगर, अर्थराइटिस या अन्य आम बीमारियों से पीड़ित लोगों को भी यह दवा दी जाएगी। हालांकि, गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवा खाने के बाद अगर किसी व्यक्ति को हल्की मितली, चक्कर या कमजोरी महसूस होती है, तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह इस बात का संकेत है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी दवा के असर से नष्ट हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ऐसे मामलों पर भी नजर रखेगी। प्रशासन का मानना है कि इस व्यापक अभियान से औरंगाबाद जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा और आम लोगों का स्वास्थ्य स्तर बेहतर होगा।

# औरंगाबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बम निरोधक दस्ता अलर्ट

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को पूरे कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा कारणों से तत्काल कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और सभी प्रकार की न्यायिक गतिविधियां रोक दी गईं। घटना के बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता और प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड में आ गए। करीब दोपहर 12 बजे धमकी की सूचना मिलने के बाद प्रधान जिला जज के निर्देश पर पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराया गया। अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों, कर्मचारियों और अपनी तारीख पर कोर्ट आए वादकारियों से शांति बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की गई। सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए सभी लोग तेजी से बाहर निकल आए और कुछ ही मिनटों में पूरा परिसर खाली हो गया। धमकी की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) कोर्ट परिसर पहुंचा। पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। कोर्ट भवन, न्यायालय कक्ष, रिकॉर्ड रूम, पार्किंग क्षेत्र और आसपास के हिस्सों की बारीकी से जांच की जा रही है। खोजी कुत्तों और तकनीकी उपकरणों की मदद से भी तलाशी ली जा रही है।



**ई-मेल से मिली धमकी, मचा हड़कंप**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह धमकी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजी गई थी। मेल में स्पष्ट रूप से यह लिखा गया था कि औरंगाबाद सिविल कोर्ट परिसर में बम रखा गया है, जो किसी भी समय विस्फोट कर सकता है। जैसे ही यह संदेश पढ़ा गया, न्यायालय प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एहतियाती कदम उठाए।

ई-मेल के जरिए धमकी मिलने के कारण मामले की साइबर जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मेल कहां से और किसने भेजा। आईपी एड्रेस, सर्वर लोकेशन और तकनीकी विवरणों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धमकी के पीछे शरारती तत्व हैं या किसी बड़ी साजिश की आशंका, इसकी हर एंगल से जांच की जा रही है। घटना के बाद कोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल देखा गया। सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### सदीपुर–मलवा रोड निर्माण पर गंभीर सवाल

# बनते ही उखड़ने लगी सड़क, घटिया मटेरियल के इस्तेमाल का आरोप, जांच के बाद मचा हड़कंप

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



जिले के ओबरा प्रखंड में करीब 5.6 किलोमीटर लंबी सदीपुर–मलवा सड़क का निर्माण कार्य शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण अभी पूरा भी नहीं हुआ और कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी सतह उखड़ने लगी है। इससे निर्माण की गुणवत्ता, विभागीय निगरानी और संवेदक की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सड़क एक ओर से बनाई जा रही है, जबकि दूसरी ओर पहले से बनी परतें उखड़ने लगी हैं। हल्के दबाव में ही सड़क की सतह टूटकर निकल आ रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही किसी स्तर पर प्रभावी निगरानी दिखाई दे रही है। सदीपुर–मलवा सड़क दर्जनों गांवों के लोगों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। इसी सड़क से ग्रामीण स्कूल, बाजार, अस्पताल और प्रखंड मुख्यालय तक आते-जाते हैं। जब सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ था, तब लोगों को उम्मीद जगी थी कि वर्षों से चली आ रही जर्जर सड़क की समस्या से निजात मिलेगी, लेकिन निर्माण शुरू होते ही सड़क के उखड़ने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

मामले की जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सह ओबरा विधायक के समर्थक राहुल राज मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सड़क निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी, डामर और अन्य सामग्री बेहद निम्न गुणवत्ता की है। सड़क की परत इतनी कमजोर है कि हाथ से दबाने पर ही उखड़ जा रही है। राहुल राज ने इसे भ्रष्टाचार का खुला उदाहरण बताते हुए निर्माण स्थल की वीडियो रिकॉर्डिंग की और ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा को भेजी। साथ ही पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की। विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत ग्रामीण कार्य विभाग के वरीय अधिकारियों से की। शिकायत मिलते ही विभाग हरकत में आया और अधिकारियों की टीम निर्माण स्थल पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क की परत, मटेरियल और निर्माण प्रक्रिया की जांच की तथा नमूने भी लिए। अधिकारियों के अचानक पहुंचने से संवेदक और निर्माण एजेंसी में हड़कंप मच गया। इधर, सड़क निर्माण में अनियमितता की खबर फैलते ही क्षेत्र के कई समाजसेवी और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

# तीसरी पुण्यतिथि पर याद की गईं समाजसेविका अरुण लता सिन्हा

**विशेष संवाददाता | औरंगाबाद**

सोमवार को प्रख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य स्मृतिशेष लाला शम्भू नाथ की धर्मपत्नी तथा समाजसेविका अरुण लता सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि यहां क्लब रोड स्थित सोनवर्षा वाणी परिसर में मनाई गयी। इस मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों और परिजनों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उनकी जीवनी को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अरुण लता सिन्हा का सम्पूर्ण जीवन गरीबों - जरूरतमंदों की मदद , सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा और अनुशासन के प्रति समर्पित रहा। समाजसेवा - महिला हित के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके पदचिन्हों पर चलना आज के दौर में आसान नहीं है। हम सभी को समाजसेवा, संस्कृति, संस्कार से जुड़े उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। अरूण लता सिन्हा के दिये संस्कार उनके परिवार में भी प्रदर्शित होता है। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा परिवार के सदस्यों में ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर, सोन वर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट, प्रकाश कुमार सिन्हा , सलोनी अम्बष्ट, संजना किशोर, आरती सिन्हा, साकेत कुमार, मृदुला अम्बष्ट, संस्कृति किशोर, कौस्तुभ किशोर, यशी किशोर, कुशाग्र समेत कई सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।



# एसपी कार्यालय में जनता दरबार 26 लोगों की सुनी गईं शिकायतें



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 26 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धमकी, पुलिस कार्रवाई से जुड़ी शिकायतें सहित विभिन्न मामलों को रखा गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। इस पहल से आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और समस्याओं के समाधान को लेकर लोगों को राहत मिली है।

# एनएच-19 पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव, सड़क हादसे की आशंका

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बारुण थाना क्षेत्र के जनकोप मोड़ के पास सोमवार की सुबह एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था, जबकि उसके बगल में एक साइकिल क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस इस घटना को सड़क दुर्घटना से जोड़कर देख रही है, हालांकि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर बारुण थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। बारुण थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त साइकिल से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हुई होगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि साइकिल की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि दुर्घटना काफी भीषण रही होगी।

आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को सदर अस्पताल भेजकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को सदर अस्पताल परिसर में पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के अनुसार, शव को 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा जाएगा। यदि इस अवधि में कोई परिजन या परिचित सामने नहीं आता है, तो नियमानुसार सरकारी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### बिहार ग्रामीण बैंक का जागरूकता कार्यक्रम

# डिजिटल लेनदेन और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**निज संवाददाता | रफीगंज ( औरंगाबाद)**

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण बैंक की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम औरंगाबाद जिले के बड़गांव, भदवा और कजपा गांवों में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल लेनदेन, बचत खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह ऋण और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का संचालन औरंगाबाद कला जत्था के टीम लीडर और बिरहा गायक अखिलेश यादव ने किया। कलाकारों ने सरल और रोचक शैली में यह समझाया कि साइबर ठगी से कैसे बचा जाए, एटीएम पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें तथा केवल बैंक की अधिकृत सेवाओं का ही उपयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बैंक में खाता खोलने, नियमित बचत की आदत डालने और डिजिटल भुगतान को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों तक बैंकिंग सुविधाओं की सही जानकारी पहुंचाना और लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे सुरक्षित और आत्मनिर्भर तरीके से वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस मौके पर उप मुखिया कृष्ण कुमार गुप्ता, बीसी कृष्ण गुप्ता, लाल यादव, धनंजय कुमार, सरजुन कुमार, श्याम कुमार, पुष्पा रानी और मुकेश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करते हुए बैंकिंग सेवाओं से जुड़े सवाल पूछे और अपनी शंकाओं का समाधान पाया।

महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मनोज कुमार
बी.एच.एम.एस (बी.यू.)
सपुर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होमियोपैथिक रिसर्च क्लिनिक, लाईफ लाइन
मेन रोड, दाउदनगर, औरंगाबाद (बिहार)
यहां समस्त नये एवं पुराने रोगों से प्रभावित रोगियों का इलाज होता है।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते
जन जन का संकल्प
फाइलेरिया (हाथीपांव) मुक्त भारत
“ हमारा संकल्प है - हेल्थकेयर फॉर ऑल ” - श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री
10 फरवरी का दिन फाइलेरिया के खिलाफ देश की लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण है।
फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है, इसके लक्षण काटने के 5-15 साल बाद दिखाई देते हैं, इससे हाथीपांव एवं अंडकोष में सूजन हो सकती है।
10 फरवरी 2026 से सर्वजन दवा सेवन (MDA) अभियान देश के 12 राज्यों (आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल) के 124 जिलों में 2 हफ्तों तक चलेगा।
इस दिन से स्वास्थ्यकर्मी आपके घर आ कर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे, आप जरूर खाएं।
यह दवाई सरकार द्वारा आपके नजदीकी बूथ पर भी निःशुल्क उपलब्ध हैं।
अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र एवं आशा दीदी से संपर्क करें।
आइए, सब मिलकर भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाएं
cbc 17101/13/0051/2526
CBC 17101/13/0051/2526
mohfw.gov.in @MoHFWIndia @MoHFW_INDIA @mohfwindia mohfwindia @mohfw_india @mohfw_india @dohfw.india



महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. फरमानुल्लाह
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय, परसिया
प्रखंड -बारुण, जिला-औरंगाबाद

महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय, सरसौली
प्रखंड -ओबरा, जिला-औरंगाबाद